


सचित्र

# अनुयोगद्वार सूत्र

1

श्री अमर मुनि

Illustrated

# Anuyog-dvar Sutra

*Shri Amar Muni*

# अनुयोग द्वार सूत्र

अनुयोगद्वार सूत्र जैन आगमों की व्याख्या पद्धति बताने वाला अपनी शैली का अनूठा आगम है। इसे आगम ज्ञान के नगर का प्रवेश द्वार कहा जा सकता है। एक प्राचीन दोहे में कहा है–

**ज्यों केले के पात में, पात–पात में पात।**

**त्यों ज्ञानी की बात में बात–बात में बात।**

अनुयोग द्वार के विषय में यह सूक्ति यथार्थ लगती है। एक सूत्र के भेद-प्रभेद-उपभेद-अवान्तर भेद इस प्रकार इसमें बिन्दु का सिन्धु के रूप में विस्तार होता प्रतीत होता है और अन्त में पुनः उसी बिन्दु पर पहुँचकर समूचे विषय का समवतार किया जाता है।

तत्त्वविवेचन की सार्थक और संतुलित पद्धति के अनुसार इस सूत्र में विविध विषयों का विस्तार के साथ वर्णन है। इस आगम का अभ्यास करने पर प्राचीन धर्मग्रन्थों की वर्णन शैली सहज ही समझ में आ सकती है।

# ANUYOG-DVAR SUTRA

An Introduction Anuyog-dvar Sutra is a unique Scripture that explains the method of detailed interpretation of Jain Agams. It can be called the gateway of the City of Agamic knowledge. A Hindi couplet aptly applies to the Subject-matter of Anuyog-dvar. That couplet means that a word of the seer leads to many interpretations just as the branch of a plantation has covering of leaves one after the other. One Sutra has many division, Sub-divisions and further divisions just as a drop expanding and expanding takes the shape of an Ocean. And again arriving at the drop, the entire subject is :

Following the meaningful and balanced style to comment on tattvas (the essence), this Sutra deals with many subjects in detail. By studying this book thoroughly, the style of ancient Jain scriptures can be easily understood.

आर्य रक्षित स्थविर संकलित

# सचित्र
# अनुयोगद्वार सूत्र
## (प्रथम भाग)

मूल पाठ–हिन्दी– अंग्रेजी अनुवाद, विवेचन तथा रंगीन चित्रों सहित


✤ प्रधान सम्पादक ✤

उत्तर भारतीय प्रवर्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. के सुशिष्य

उपप्रवर्तक श्री अमर मुनि

✤ सह-सम्पादक ✤

श्री तरुण मुनि

श्रीचन्द सुराना 'सरस'

✤ अंग्रेजी अनुवाद ✤

सुरेन्द्र बोथरा



**पद्म प्रकाशन**

पद्म प्रकाशन, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

## सचित्र आगममाला का ग्यारहवाँ पुष्प

- आर्यरक्षित स्थविर संकलित श्री अनुयोगद्वार सूत्र (१)


- **प्रधान सम्पादक**

  उपप्रवर्तक श्री अमर मुनि

- **सह-सम्पादक**

  श्री तरुण मुनि
  श्रीचन्द सुराना 'सरस'

- **अंग्रेजी अनुवाद**

  सुरेन्द्र बोथरा, जयपुर

- **चित्रकार**

  डॉ. श्री त्रिलोक शर्मा

- **प्रकाशक एवं प्राप्ति-स्थान**

  पद्म प्रकाशन
  पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

- **मुद्रण-व्यवस्था**

  दिवाकर प्रकाशन
  ए-७, अवागढ़ हाउस, एम. जी. रोड, आगरा-२८२ ००२
  दूरभाष : (०५६२) ३५११६५

- **प्रथम आवृत्ति**

  वि. सं. २०५७, चैत्र
  ईस्वी सन् २००१, मार्च

- **मूल्य**

  पाँच सौ रुपया मात्र

## ILLUSTRATED

# ANUYOGADVAR SUTRA

**Original compiled by ARYA RAKSHIT STHAVIR**

**(PART ONE)**

**Original text with Hindi and English translations, elaboration and colourful illustrations**


✤ EDITOR-IN-CHIEF ✤

Up-pravartak Shri Amar Muni

(the disciple of Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padmachandra Ji Maharaj)

✤ ASSOCIATE-EDITORS ✤

Shri Tarun Muni

Srichand Surana 'Saras'

✤ ENGLISH TRANSLATION ✤

Surendra Bothara



**PADMA PRAKASHAN**

PADMA DHAM, NARELA MANDI, DELHI-110 040

THE ELEVENTH NUMBER OF THE ILLUSTRATED AGAM SERIES

- ILLUSTRATED ANUYOGADVAR SUTRA (PART ONE)
  (Orignially compiled by Arya Rakshit Sthavir)

- *Editor-in-Chief*
  Up-pravartak Shri Amar Muni

- *Associate-Editors*
  Shri Tarun Muni
  Srichand Surana 'Saras'

- *English Translator*
  Surendra Bothara (Jaipur)


- *Illustrator*
  Dr. Shri Trilok Sharma

- *Publisher and Distributor*
  Padma Prakashan
  Padma Dham, Narela Mandi, Delhi-110 040

- *Printer*
  Diwakar Prakashan
  A-7, Awagarh House, M.G. Road, Agra-282 002
  Phone : (0562) 351165

- *First Edition*
  Chaitra, 2057 V.
  March, 2001 A.D.

- *Price*
  Five Hundred Rupees only (Rs. 500)




आगमज्ञान महोदधि
परम श्रद्धेय आचार्यसम्राट
श्री आत्मारामजी महाराज

को

सादर सविनय

# समर्पण





भण्डारी मुनि पद्मचन्द्र
(उत्तरभारतीय प्रवर्तक)

# श्रुत सेवा में समर्पित सहयोग प्रदाता



**श्री ओ. पी. जैन (हरियाणवी)**
पीतमपुरा, दिल्ली



**श्री अभय कुमार जैन**
शास्त्री नगर, दिल्ली



**श्री मामचन्द जैन**
कुरुक्षेत्र



**श्री राजकुमार जैन** गोविन्दगढ़ मण्डी



**श्री अशोक कुमार जैन** (शामड़ी वाले) रोहिणी, दिल्ली

# श्रुत सेवा में समर्पित सहयोगदाता



श्री रमेशचन्द्र प्रभुलाल शाह श्रीमती मालती बहन
रमेश भाई शाह
गुजरात विहार, दिल्ली



श्री निमेष रमेशचन्द्र शाह, सौ. नमिता निमेष शाह
गुजरात विहार, दिल्ली

डॉ. श्री मोजी राम जैन



श्रीमती पुष्पा जैन

(खेवड़े वाले) साकेत, दिल्ली



श्री पूर्ण चन्द जैन श्रीमती शान्ती देवी जैन
(मुआने वाले) रोहिणी, दिल्ली



श्री रामेश्वरदास जैन श्रीमती सुजानी देवी जैन
(मुआने वाले) पीतम पुरा, दिल्ली

# श्रुत सेवा में समर्पित सहयोग प्रदाता



**माता शकुन्तला देवी जैन**
*मातेश्वरी श्री भारत भूषण जैन, श्री स्वदेश भूषण जैन*
पश्चिम विहार, दिल्ली



**श्री सूरज प्रकाश जैन**
(स्यालकोट वाले)
विवेक विहार, दिल्ली



**श्री चमनलाल जैन श्रीमती सुशीला रानी जैन**
(बनूड वाले), सुन्दर नगर, लुधियाना



**श्री सुरेन्द्र कुमार जैन**
(दनौदा वाले) शालीमार बाग, दिल्ली



**श्री प्रेमराज जैन**
मुकर्जी नगर, दिल्ली

# प्रकाशकीय

''ज्ञानदान सबसे महान दान है''-इस वचन के अनुरूप परम श्रद्धेय उपप्रवर्तक श्री अमर मुनि जी ने भगवद् वाणी के रूप में निबद्ध जैन सूत्रों का हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद कराकर चित्र सहित प्रकाशन की महत्त्वपूर्ण दीर्घकालीन योजना बनाई है। इस योजना में अब तक नौ आगम प्रकाशित हो चुके हैं।

हमारा यह परम सौभाग्य है कि उत्तर भारतीय प्रवर्तक महास्थविर गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. की सतत प्रेरणा से उपप्रवर्तक श्री अमर मुनि जी आगम सेवा के इस महान पुण्य कार्य में हम सबको प्रेरणा और प्रोत्साहन प्रदान कर युग-युग तक चिरस्थायी रहने वाला ज्ञानदीप प्रज्वलित कर रहे हैं। यह ज्ञान दीप न तूफानों में चंचल होता है और न ही महाकाल के थपेड़ों से बुझ पाता है। वास्तव में 'अमर ज्ञानदीप' जलाकर श्री अमर मुनि जी एक युगान्तरकारी कार्य कर रहे हैं।

सचित्र आगम प्रकाशन योजना में इस जटिल अनुयोगद्वार सूत्र का कार्य लगभग दो वर्ष से चल रहा है, अभी भी यह प्रथम भाग के रूप में आधा ही प्रकाशित हो रहा है। अगला अंग दूसरे भाग में प्रकाशित होगा। अगले वर्ष भी हम दो आगम प्रकाशित करना चहाते हैं।

जैन धर्म दर्शन के मूल शब्दों का अभिप्राय समझकर उनके भाव के अनुसार अंग्रेजी में उनका अनुवाद करना वास्तव में बहुत ही कठिन और व्यापक चिन्तन-मनन का कार्य है। खासकर अनुयोगद्वार जैसे आगम में तो बहुत ही श्रम करना पड़ा है। फिर भी हमें संतोष है कि विद्वान अनुवादक ने आगमों के भाव के अनुसार मनन करके अंग्रेजी परिभाषाएँ बनाई हैं और उनको सुन्दर सहज रूप से प्रस्तुत की है।

श्रीचन्द जी सुराना (अनुवाद, विवेचन व सम्पादन) तथा श्री सुरेन्द्र बोथरा (अंग्रेजी अनुवाद) का सहयोग तो प्रारम्भ से ही हमें उपलब्ध है। इसके साथ ही आगमों के अभ्यासी विद्वान् श्री राजकुमार जी जैन (रिटायर्ड आई. ए. एस. दिल्ली) भी उपासक दशा व अनुत्तरौपपातिक सूत्र के अंग्रेजी अनुवादक के रूप में इस अभियान से जुड़ गये हैं। अनुयोगद्वार सूत्र सहित कुछ अन्य आगमों के अन्तिम प्रूफ भी आपश्री की नजर से निकले हैं।

चित्रकार डॉ त्रिलोक शर्मा ने इस आगम के चित्र बनाये हैं। चित्रों के माध्यम से आगमों का गम्भीर कथन बहुत ही सरल रूप में प्रकट हो गया है, जो सबके लिए सुबोध है। इन चित्रों के रेखांकन आगमों की मर्मज्ञ विदुषी डॉ. सरिता जी म. को भी दिखाये गये हैं और उनके सुझाव अनुसार उचित संशोधन भी किया गया है।

हम सभी सहयोगी बंधुओं के प्रति कृतज्ञ हैं। भविष्य में उनके सहयोग की आशा/आकांक्षा के साथ।

विनीत

**महेन्द्रकुमार जैन**

(अध्यक्ष) पद्म प्रकाशन

# PUBLISHER'S NOTE

"Imparting knowledge to others is the greatest charity." Translating these words into action Shri Amar Muni ji made a long term plan for publishing the precepts of the Jina, compiled in the form of Jain Sutras (Jain Canon), with Hindi and English translations and suitable multicolored illustrations. In this project the nine Agams have already been published—

We are extremely fortunate that, with the blessings of Uttar Bharatiya Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padma Chandra Ji Maharaj, Up-pravartak Shri Amar Muni Ji is inspiring and encouraging us in this noble work of lighting the everlasting lamp of knowledge. This lamp of knowledge neither flickers in any storm nor gets extinguished by the catastrophic sweeps of time. Actually, by lighting this eternal lamp, Shri Amar Muni Ji is doing an epoch-making work.

In this plan of illustrated publications, the work on this complex Anuyogadvar Sutra is going on for about two years. Even now only half of it is ready and is being published as Part 1. The remaining portion will be published as the second part next year when we plan to publish two Sutras once again.

To understand the concepts contained in the original terminology of Jain philosophy and then translate them into English is really a difficult task and needs careful contemplation and pondering. Specially for an Agam like Anuyogadvar Sutra real hard work had to be put in. However, we are contented that the translator has put in all the efforts and sources at his command to translate the philosophical terminology and present it in a simple and comprehensible style.

The contributions of Srichand Ji Surana (Hindi translation, elaborations, and editing) and Shri Surendra Bothra (English translation) have been available right from the beginning of this project. Shri Raj Kumar Jain (IAS Retd., Delhi), who is well versed with Jain Sutras, has also joined the mission with contributions like English translation of recently published Upasak-dasha and

Anuttaropapatik-dasha Sutra and going through the final proofs of some other Agams including Anuyogadvar Sutra.

Dr. Trilok Sharma has made the illustrations for this Sutra. Through the medium of illustrations, even the complex concepts have been made simple and easily understandable for all. The pencil drawings of these illustrations have been shown to Dr. Sarita Ji Maharaj who possess in depth knowledge of these Sutras. Necessary improvements have been made as per their suggestions.

We are thankful to all those who have extended their cooperation to this project. We wish and hope to get their continued co-operation in future as well.

***Mahendra Kumar Jain***
PRESIDENT
Padma Prakashan

# प्रस्तावना : स्वकीयम्

राज व्यवस्था या शासन तंत्र में जो महत्त्व 'शस्त्र' का है, आत्म-शासन या अध्यात्म क्षेत्र में वही महत्त्व 'शास्त्र' का है। शस्त्र के बिना राज व्यवस्था नहीं चल सकती, शास्त्र के बिना आत्म-ज्ञान या संयम-साधना नहीं हो सकती। शरीर में जो महत्त्व आँख का है आत्म-कल्याण के लिए वही महत्त्व शास्त्र का है। इसलिए शास्त्र को आत्मा की आँख कहा गया है-**सुयं तइयं चक्खु**।

शास्त्र का अर्थ है जो आत्मा पर, मन पर तथा इन्द्रियों पर शासन करता है या शासन करना सिखाता है। अर्थात् इन पर संयम करके अपना अधिकार या स्वामित्व स्थापित करने का उपाय बताता है वह है शास्त्र। जैसे कहा है-**शासनाच्छास्त्रमिदम्**-आचार्य मलयगिरि का यह कथन वास्तव में शास्त्र को आत्मा पर शासन करने वाला 'शासक' सिद्ध करता है।

**वीतराग सर्वज्ञ** भगवान की वाणी या उपदेश को 'शास्त्र' कहा जाता है। उन शास्त्रों का स्वाध्याय, अध्ययन, पठन-श्रवण आत्मा को कल्याण के मार्ग पर प्रेरित करता है, आगे बढ़ाता है। जैन परम्परा में 'शास्त्र' के लिए 'आगम' शब्द अधिक प्रचलित है। वर्तमान समय में जो आगम उपलब्ध हैं, उनकी गणना ४५ या ३२ आगमों के रूप में की जाती है। श्वेताम्बर मूर्ति पूजक आम्नाय में ४५ तथा स्थानकवासी तेरापंथी आम्नाय में ३२ आगम की मान्यता प्रचलित है। बत्तीस आगम इस प्रकार हैं-११ अंग, १२ उपांग, चार छेद, चार **मूल और आवश्यक** ये ३२। प्रस्तुत अनुयोगद्वार मूल सूत्रों की गणना में आता है। चार मूल सूत्रों में उत्तराध्ययन, दशवैकालिक, नन्दी और अनुयोगद्वार का नाम है।

जिनेश्वर भगवान ने मोक्ष के चार मार्ग बताये हैं-

*नाणं च दंसणं चेव चरित्तं च तवो तहा।*
*एस मग्गु त्ति पन्नत्तो जिणेहिं वरदंसिहिं।* -उत्तराध्ययन ३०

**ज्ञान**, दर्शन, **चारित्र** और तप मोक्ष के चार मार्ग हैं। प्राचीन मान्यता के अनुसार नन्दी सूत्र में ज्ञान, अनुयोद्वार में दर्शन, दशवैकालिक में चारित्र तथा उत्तराध्ययन में तप का वर्णन मुख्य रूप में है। यों तो अनुयोगद्वार में **दर्शन** के साथ श्रुतज्ञान तथा आवश्यक के रूप में पाँच चारित्र का वर्णन भी उपलब्ध है, किन्तु यह सब उपक्रम दर्शन की सम्यक् दर्शन के रूप में शुद्धि के लिए होने से 'दर्शन' को इसका मुख्य विषय माना है।

### *अनुयोग का अर्थ*

'अनुयोग द्वार' सूत्र को समझने के लिए सर्वप्रथम 'अनुयोग' शब्द का अर्थ समझ लेना जरूरी है। 'अनुयोग' का अर्थ है, शब्द के साथ उसके अनुकूल या उपयुक्त अर्थ का सम्बन्ध जोड़ना। अर्थ के भाषक अरिहंत भगवान होते हैं, अरिहंतों या तीर्थंकरों द्वारा कथित अर्थ या शब्द रूप शास्त्र को

उनके अभिप्रेत अर्थ से जोड़कर देखना चाहिए। एक शब्द के अनेक अर्थ होते हैं, इसलिए वहाँ पर **किस प्रयोजनसे**, किस नय दृष्टि से, किस **निक्षेप** दृष्टि से यह शब्द कहा गया है, इसका उचित विचार **करके उसका वही अर्थ करना**–इसी का नाम अनुयोग है जैसा कि आचार्यों ने कहा है–अणु ओयण **मणुओगो सुयस्स नियएण जमभिहेएण**। (आचार्य जिनभद्रगणि)

**अर्थात् श्रुत के** नियत अभिधेय को समझने के लिए उसके साथ उपयुक्त अर्थ का योग करना–**अनुयोग है।**

अनुयोग द्वार सूत्र में अनुयोग शब्द पर अधिक चिन्तन नहीं किया गया है। परन्तु शास्त्रों के प्रसिद्ध भाष्यकार आचार्य जिनभद्र गणि तथा वृत्तिकार मलधारी हेमचन्द्र आदि आचार्यों ने 'अनुयोग' शब्द पर बड़े विस्तार के साथ चिन्तन किया है और यह स्पष्ट किया है कि किस कारण इस शास्त्र को 'अनुयोग द्वार' कहा है। अनुयोग द्वार का एक सरल–सा अर्थ है–शासन रूपी महानगर में अपने इच्छित तत्त्वज्ञान को खोजने और पाने के लिए प्रवेश का जो द्वार है, उसका नाम यहाँ अनुयोग द्वार समझ लेना चाहिए। शास्त्र को एक महानगर मान लें तो उस महानगर में प्रवेश करने का मार्ग अनुयोग द्वार है। शास्त्र के गम्भीर भाव या अर्थ को समझने के लिए जिस अनेकान्तवादी, नय–निक्षेप प्रधान दृष्टि की जरूरत है उस दृष्टि का उद्‌घाटन अनुयोग द्वार सूत्र करता है।

अनुयोग का अर्थ समझाने के लिए आचार्य भद्रबाहु स्वामी ने सर्वप्रथम आवश्यक निर्युक्ति (गा. १२८–१२९) में गाय और बछड़े का दृष्टान्त दिया है, इसी दृष्टान्त को विस्तृत रूप में आवश्यक निर्युक्ति के भाष्यकार जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण ने (गा. ४०९–४१०) उदाहरण देकर समझाया है। जिसका वर्णन और चित्र हमने सूत्र २ पर किया है। संक्षेप में जिस गाय का दूध दुहना हो, उसी के बछड़े को उसके पास लाकर उसका स्तन पान कराकर दूध दुहना यह एक प्रकार से 'योग्य संयोग' है। इस दृष्टान्त से अनुयोग का अर्थ सरलता से समझ में आ जाता है।

*अनुयोग के चार द्वार*

यह जानना चाहिए कि आचार्य आर्य रक्षित ने जैन आगमों के विषयों का चार अनुयोगों में वर्गीकरण किया है। जैसे–धर्म कथानुयोग (दृष्टान्त उदाहरण) चरणानुयोग, (आचार विषय) गणितानुयोग (गणित, ज्योतिष और समुद्र पर्वत आदि का वर्णन) तथा द्रव्यानुयोग (जीव–पुद्‌गल आदि का वर्णन) इनमें प्रस्तुत अनुयोग द्वार की गणना प्रमुख रूपमें किसी भी अनुयोग मे नहीं की जा सकती, किन्तु इसमें प्रसंगानुसार चारों ही अनुयोग समाविष्ट हो जाते हैं। वास्तव में इसका विषय शास्त्र का अर्थ करने की शैली अर्थात् आगम की व्याख्या पद्धति समझाना है। इसलिए इसके विषयों को 'चार द्वार' के रूप में विभक्त किया है, जैसे–(१) उपक्रम, (२) निक्षेप, (३) अनुगम, और (४) नय।

इन चारों द्वारों में सबसे पहले उपक्रम द्वार है। यह सबसे अधिक विस्तृत है। सूत्र का लगभग ७५% अंश उपक्रम के वर्णन में ही पूरा हुआ है।

किसी के अभिप्राय को समझना और समझकर उसके अनुकूल प्रयत्न करना उपक्रम है। नाम, स्थापना, द्रव्य, क्षेत्र काल और भाव–इन छह द्वारों से उपक्रम की अनेक प्रकार की व्याख्याएँ की गई हैं और अन्त में प्रशस्त भावोपक्रम को उपादेय बताया है। इसके अनुसार शिष्य गुरु से ज्ञान प्राप्त करने के लिए पहले गुरु को विनय आदि से प्रसन्न करे, उनके भाव–इंगित संकेत आदि को समझकर शास्त्र पढ़ने में प्रवृत्त हो। उपक्रम के भी आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्य, अर्थाधिकार, पाँच भेद बताकर विभिन्न प्रकारों से उपक्रम को समझाया है। दूसरे निक्षेप द्वार में नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव चार निक्षेप के आधार पर तत्त्व को समझने की विधि बताई है। तीसरा द्वार है अनुगम और चौथा द्वार है नय। अनुगम के मुख्य दो भेद बताकर उसके उपभेदों का वर्णन है। इसके बाद नयद्वार में सात नयों की व्याख्या है।

इस प्रकार अनुयोग द्वार सूत्र में चार द्वारों द्वारा शास्त्र का अर्थ समझने, उसकी व्याख्या करने की तर्क व युक्ति संगत शैली का वर्णन है।

***प्रासंगिक सामग्री : प्राचीन ग्रन्थों का उल्लेख***

अनुयोगद्वार में चार द्वारों के वर्णन में अनेक प्रकार की रोचक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध होती है। इसके अध्ययन से प्राचीन भारत की धार्मिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक तथा सांस्कृतिक सामग्री विविध रूप में मिलती है। धार्मिक और दार्शनिक सामग्री में षड्द्रव्य का विचार, जीव के गुण, शरीर, शरीर की आकृतियाँ, संस्थान, जीवों की आयु आदि विविध प्रकार के विषयों की संयोजना है।

इस सूत्र में जैनेतर साहित्य के १९ प्रसिद्ध ग्रन्थों के नाम भी हैं। (सूत्र ४९) जैसे रामायण, महाभारत, कौटिल्य, वैशेषिक दर्शन, बुद्ध वचन, लोकायत, पुराण, व्याकरण आदि। महाभारत और रामायण के पठन व वाचन के समय की परम्परा का भी उल्लेख है, किन्तु आश्चर्य है, रामायण, महाभारत का उल्लेख करने के बाद भागवत का उल्लेख कहीं नहीं है। इससे यह ध्वनित होता है कि अनुयोग द्वार सूत्र की रचना के पश्चात् भागवत की रचना हुई है।

***संगीत–स्वरमंडल***

सात स्वरों का सुन्दर और ललित वर्णन इस सूत्र (सूत्र २६०) की एक अपनी विशेषता है। सामवेद में संगीत का वर्णन है। उसी प्रकार इस सूत्र में भी संगीत के स्वर उत्पत्ति स्थान आदि का विस्तृत और उपयोगी वर्णन है। वर्णन की शैली अपनी स्वतंत्र है।

***व्याकरण***

अष्ट नाम में व्याकरण की आठ विभक्तियों का तथा सात समासों का वर्णन व्याकरण शास्त्र के अभ्यासियों के लिए उपयोगी है। (सूत्र २२८–३१)

*नवरस*

इस सूत्र (२६१-६२) में काव्य शास्त्र के नवरसों का वर्णन अपनी मौलिक स्थापना लिए हैं। काव्य नाटक ग्रन्थों में नवरस है-शृंगार, हास्य, करुणा, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स अद्भुत और शान्त रस। जबकि इस सूत्र में सबसे पहले वीर रस का क्रम रखा है तथा व्रीडनकरस (लज्जा रस) के रूप में एक नया ही रस बताया है। अन्य किसी काव्य शास्त्रीय वर्णन में 'व्रीडनक रस' नहीं है। चूर्णिकार तथा टीकाकार हरिभद्र ने इस विषय में कोई स्पष्टीकरण नहीं किया है, परन्तु आचार्यमलधारी हेमचन्द्र का स्पष्टीकरण है, कि भयोत्पादक सामग्री देखने से भयानक रस की उत्पत्ति होती है। यहाँ पर 'भयानक' रस को 'रौद्र रस' में ही विवक्षित कर दिया है और 'व्रीडनक रस' को अलग प्रस्तुत किया है।

*सामुद्रिक शास्त्र*

प्रमाण-मान-उन्मान आदि के भेदों में सामुद्रिक लक्षणों वाले उत्तम-मध्यम-अधम पुरुष के लक्षण बताये हैं-(सूत्र ३३४) जैसे जिसके शरीर की ऊँचाई-१०८ आंगुल प्रमाण मात्र है। उस पर शंख, वृषभ आदि के लक्षण-चिन्ह है। मष, तिल आदि व्यंजन हैं, जिसमें क्षमा आदि गुण वह उत्तम पुरुष है। १०४ आंगुल की ऊँचाई वाला मध्यम पुरुष और ९६ आंगुल की ऊंचाई वाला अधम पुरुष। उस समय के सामुद्रिक शास्त्र की धारणा का पता इस वर्णन से चलता है।

इसी प्रकार सूत्र ६५३-५४ में आकाश दर्शन, नक्षत्र आदि के आधार पर सुवृष्टि-कुवृष्टि-सुकाल-दुर्भिक्ष आदि का अनुमान होना बताया है।

*मान्यताएँ तथा व्यवसाय*

सूत्र २१ में उस युग में प्रचलित वेष भूषा तथा क्रियाकलाप के आधार पर विविध प्रकार की धार्मिक मान्यताओं का उल्लेख है, जैसे-**चरक--चीरिक -चर्मखंडिक गौतम-गौव्रतिक आदि।**

व्यवसाय या कर्म के अनुसार जिन जातियों का नामकरण होता था, उनका उल्लेख यह सूचित करता है कि प्राचीन भारत में 'जाति' जन्मना नहीं, कर्मणा मानी जाती थी। व्यावसायिक जातियों के नाम-**दौसिक**-कपड़ा बनाने वाले, **सौत्रिक**-सूत बुनने वाला, **तांत्रिक**-तंत्री वादक-**मुंजकार**-मूंज की रस्सी बनाने वाले, **वर्ध्रकार**-चमड़े की विविध वस्तुएँ बनाने वाला **पुस्तकार**-कागज बनाने वाला या पुस्तकें लिखने वाला, **दंतकार**-हाथी दाँत आदि का काम करने वाले आदि। (सूत्र ३०४।)

विविध कला निपुण कलाकारों के नामों से पता चलता है, आज की तरह प्राचीन समय में भी शरीर के अवयवों को मोड़ने, घुमाने व विविध प्रकार से जनता का मनोरंजन करने वाले अनेक कलाकार (जिमनास्टिक) उस समय होते थे-जैसे- **नर्तक**-नृत्य करने वाला। **जल्ल**--रस्सी पर नाचने वाला, **मल्ल**-कुश्ती लड़ने वाला, **प्लवक**-गड्डे व नदी तालाब में गहरी छलांग लगाने वाला, **लंख**-मोटे बाँस पर चढ़कर विविध करतब दिखाने वाला आदि। (सूत्र- ३०४)

धान्य-रस-धातु आदि नापने के तोल-माप-बाँट-गज आदि उस युग में अनेक प्रकार के साधन विकसित हो चुके थे। 'सूत्र ३२० से ३४४ तक से मान-उन्मान-क्षेत्र प्रमाण आदि का वर्णन उस युग की प्रचलित और विकसित व्यापार विधियों का अच्छा दिग्दर्शन कराती है।

इस प्रकार अनुयोगद्वार सूत्र में जहाँ दार्शनिक व सैद्धान्तिक चर्चा है–वहाँ सांस्कृतिक विषयों की भी विपुल सामग्री है जो उस समय की लोक कला, व्यापार कला व साहित्य रचना के विकास की सूचना देती है।

*संकलनकर्ता का नाम और समय*

जैन आगमों में अनुयोगद्वार सूत्र और नन्दी सूत्र सबसे अर्वाचीन शास्त्र हैं।

अनुयोगद्वार सूत्र किसकी रचना है यह प्रश्न आज तक पूर्ण रूप में समाधान नहीं पा सका है। कुछ विद्वानों का अनुमान है कि आर्य वज्रस्वामी तक तो शास्त्रों का अध्ययन अपृथक्त्वानुयोग पद्धति से ही होता था। किन्तु उनके पट्टधर आर्य रक्षित सूरि जो भगवान महावीर के बीसवें पट्टधर थे। (वी. नि. ५२२ से ५९७) ने आगम अभ्यासियों की मति-दुर्बलता, धारणा शक्ति की दुर्बलता को समझकर आगमों का चार अनुयोगों में वर्गीकरण किया। इसलिए उन्हें अनुयोग पृथक्कर्ता माना जाता है। परन्तु अनुयोग द्वार सूत्र के रचनाकार भी वे थे या नहीं, इस विषय में कोई पुष्ट प्रमाण नहीं है किन्तु साथ ही इसका बाधक प्रमाण भी कुछ नहीं है। इस कारण विद्वानों व इतिहास गवेषकों ने अनुयोग पृथक् आर्य रक्षित को ही अनुयोगद्वार सूत्र के रचनाकार या संकलनकर्ता स्वीकार किया है। आर्यरक्षित का समय वीर निर्वाण की छठी शताब्दी है। इस रचना का समय वीर निर्वाण संवत् ५७०-५८४ के मध्य अनुमान किया गया है। अर्थात् विक्रम संवत् ११४ से १२७ के मध्य ईसा की प्रथमशती का अन्तिम चरण ही-इसका रचना समय माना जाता है। इस विषय में आगमों के अनुसंधानकर्ता मुनि पुण्यविजय जी, मुनि जम्बूविजय जी तथा आचार्य महाप्रज्ञ जी तीनों एकमत है।

*व्याख्या ग्रन्थ*

अनुयोगद्वार सूत्र पर तीन प्राचीन व्याख्या ग्रन्थ उपलब्ध हैं। इस पर कोई निर्युक्ति नहीं है।

चूर्णि-चूर्णि की भाषा-प्राकृत है, इसके कर्ता जिनदासगणि महत्तर विक्रम की ७वीं सदी में हुए।

*हरिभद्रीया वृत्ति*

हरिभद्रसूरि आगमों के प्रसिद्ध और गम्भीर टीकाकार हैं। उन्होंने आवश्यक और दशवैकालिक सूत्र पर विस्तृत टीकाएँ लिखी है। नन्दी और अनुयोगद्वार पर उनकी संक्षिप्त टीका है। इनका समय विक्रम की आठवीं शताब्दी माना जाता है।

*मलधारीया वृत्ति*

हरिभद्र सूरि के बाद आचार्य मलधारी हेमचन्द्र ने इस पर बहुत विस्तृत वृत्ति (व्याख्या) लिखी है। इनका समय विक्रम की बारहवीं शताब्दी माना गया है।

*हमारे सम्पादन का आधार*

अनुयोगद्वार सूत्र का विषय गम्भीर है, बिना विवेचन के इसका अर्थ समझना बहुत ही कठिन है। संक्षिप्त विवेचन करने पर भी ग्रन्थ विस्तार से इसे दो भागों में प्रकाशित किया जा रहा है। प्रथम भाग में सूत्र २६२ तक नवनाम प्रकरण में नवरसों के वर्णन तक का पाठ है। इसके आगे का पाठ व विवेचन भाग दो में है। अनेक टीकाओं के अवलोकन पश्चात् हमने अनुवाद व विवेचन की भाषा शैली सरल, सुबोध तथा मध्यम विवेचन वाली रखी है, क्योंकि अधिक लम्बा विवेचन करने से तो इसका विस्तार और अधिक हो जाता।

अस्तु, अन्य आगमों से अनुयोगद्वार सूत्र की शैली तथा प्रतिपाद्य कुछ भिन्न है। इसमें पारिभाषिक शब्दों की बहुलता होने से अर्थ-बोध इतना सरल नहीं है। इसलिए हमने अनुवाद तथा विवेचन में ही विशेष पारिभाषिक शब्दों को भिन्न टाइप में देकर वहीं पर अर्थ व व्याख्या करने का ध्यान रखा है। अंग्रेजी अनुवाद में भी पारिभाषिक शब्दों के अर्थ वहीं पर कोष्ठक में दिये गये हैं जिससे कि पाठक को बार-बार पृष्ठ पलटने नहीं पड़ें।

इसके अनुवाद विवेचन में हमने निम्नलिखित पुस्तकों को अपना आधार माना है।

जैनागम रत्नाकर श्रमणसंघ के प्रथम आचार्य सम्राट् आचार्य श्री आत्माराम जी महाराज ने सर्वप्रथम प्राचीन टीका आदि के आधार पर हिन्दी में अनुयोगद्वार की हिन्दी टीका लिखी थी, जो बहुत ही सरल और सुबोध शैली में है। दो भागों में उसका प्रकाशन हुआ। प्रथम भाग का प्रकाशन सन् १९३१ में श्वे. स्था. जैन कॉन्फ्रेंस, मुम्बई से तथा उत्तरार्ध का प्रकाशन पटियाला से हुआ। परन्तु वर्तमान में उसकी उपलब्धता बहुत ही दुर्लभ हो रही है।

आचार्य सम्राट् श्री आत्माराम जी म. के विद्वान शिष्य रत्न आगमों के गम्भीर अध्येता श्री ज्ञान मुनि जी म. ने आचार्य श्री की सम्पादित टीका को अति विस्तृत रूप देकर पुनः सम्पादित किया है, जो एक प्रकार से सर्वथा नया व्याख्या ग्रन्थ ही बन गया है। यह आत्म ज्ञान पीयूष वर्षिणी टीका नाम से प्रकाशित है। इसका सम्पादन मुनि श्री नेमीचन्द्र जी म. ने किया है। दो भागों में यह ग्रन्थ आज उपलब्ध है और व्याख्याकार के गम्भीर व्यापक ज्ञान का साक्षिभूत है। हमने विवेचन में इस ग्रन्थ को आधारभूत माना है।

आगम समिति ब्यावर से प्रकाशित युवाचार्य श्री मधुकर मुनि जी के निदेशन में श्री केवल मुनि जी द्वारा अनूदित तथा पं. शोभाचन्द जी भारिल्ल द्वारा संशोधित **अनुयोगद्वार सूत्र** भी हमारे लिए मूल पाठ व विवेचन में उपयोगी बना है।

**ताइकेन हानाकी के अनुयोगदाराइं** नामक अंग्रेजी अनुवाद का उपयोग विशेष कर अंग्रेजी शब्दावली स्थिर करने के समय किया गया है।

**अणुओगदाराइं**—नाम से आचार्य महाप्रज्ञ जी द्वारा सम्पादित जैन विश्वभारती लाडनूँ द्वारा प्रकाशित ग्रन्थ भी हमारे विवेचन में काफी उपयोगी तथा सहायक बना है।

इन सबके अतिरिक्त अभी सद्यः प्रकाशित 'अनुयोगद्वार सूत्रम्' चूर्णि–विवृत्ति–वृत्ति विभूषितम्– (भाग १) आगमों के गम्भीर अन्वेषक–अध्येता तत्वमर्मज्ञ मुनिराज जम्बू विजय जी म. द्वारा अत्यन्त श्रमपूर्वक संशोधित–संपादित ग्रन्थ हमें इस सम्पादन में मूल–पाठ संशोधन व चूर्णि–टीका आदि के मूल सन्दर्भ देखने में बहुत ही सहायक बना है। अनेक दुरुह स्थलों को समझने के लिए सह सम्पादक श्रीचन्द सुराना 'सरस' ने मुनि श्री से व्यक्तिगत सम्पर्क कर इस विषय में समाधान प्राप्त करने का भी प्रयास किया है। मुनि श्री स्वयं ज्ञानाभ्यासी व उदार हृदय हैं उन्होंने अत्यन्त प्रेम व वात्सल्यपूर्वक सूत्र के गम्भीर अर्थों का स्पष्टीकरण कर संतुष्ट किया है। हम आपके विशेष आभारी हैं। साथ ही उक्त सभी विद्वानों, मुनिवरों के प्रति कृतज्ञ हैं कि इस विवेचन में हम उनके अत्यधिक श्रमपूर्ण सम्पादन से लाभान्वित हुए हैं।

इस सूत्र के सम्पादन में श्रीचन्द सुराना 'सरस' ने प्रशंसनीय योगदान दिया है तथा कठिन परिश्रम किया है। श्री सुरेन्द्र बोथरा ने इस ग्रन्थ–माला के अनेक आगमों के अनुवाद से परिपक्व अनुभव तथा ज्ञान का इसके अंग्रेजी अनुवाद में सराहनीय उपयोग किया है। पारिभाषिक शब्दों के लिए अंग्रेजी में उपयुक्त शब्दों तथा पदों के चयन में पूरी सावधानी रखी गयी है। फिर भी, यह अभी तक एक विकासशील क्षेत्र है। अतः भाषा तथा विवेचन की किसी भी भूल के लिए पाठकों का धैर्य अपेक्षित है। सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन जो आगमों के अध्येता तथा अंग्रेजी के विद्वान हैं, ने भी अन्तिम प्रूफ पढ़कर संपादकीय तथा अनुवादकीय सुझाव के रूप में महत्त्वपूर्ण सेवा–सहयोग प्रदान किया है। लगभग दो वर्ष के कठोर व सतत परिश्रम पश्चात् यह अनुवाद और अंग्रेजी भाषान्तर तैयार हुआ है। फिर भी कहीं शास्त्र विरुद्ध, परम्परा विरुद्ध, कुछ लिखा गया है, तो उसके लिए मैं आत्म–साक्षी से पुनः **'मिच्छामि दुक्कडं'** लेता हूँ। तथा विद्वानों से निवेदन करता हूँ कि वे उचित संशोधन आदि सुझाने की कृपा करें।

अनुयोग के चित्र बनाना भी अन्य आगमों की अपेक्षा कुछ जटिल काम था। विषय को अच्छी प्रकार उदाहरणों द्वारा समझाने में कुछ उदाहरण टीका, भाष्य के तथा अन्य सूत्रों की टीका व अर्थ ग्रन्थ से भी लेने पड़े हैं तथा कुछ लौकिक प्रचलित उदाहरणों का भी प्रयोग किया गया है ताकि सूत्र का भाव पाठक/दर्शक अच्छी प्रकार समझ सकें, फिर भी यदि उन उदाहरणों में कहीं दोष रहा हो तो विशेषज्ञ सूचित करें।

सभी सहभागी बन्धुओं के प्रति पुनः हार्दिक अनुमोदना।

***–उपप्रवर्तक अमर मुनि***

जैन स्थानक
शास्त्री नगर, दिल्ली
ज्ञान पंचमी

# FROM THE EDITORS PEN

Scriptures (*Shaastra*) have the same importance in the spiritual field that weapons (*shastra*) have in the field of state administration. Administration of a state cannot be run without the help of weapons and spiritual practices and self-discipline cannot be pursued without the help of *Shaastras*. The role of *Shaastras* in beatitude of the self is as important as that of eyes in human body. That is the reason *Shaastras* are said to be the eyes of the soul (*Suyam taiyam chakkhu*).

That which rules over or teaches how to rule over the soul, the mind, and the senses is said to be *Shaastra*. In other words, that which shows the way to discipline and establish command over these is called *Shaastra*. Acharya Malayagiri's statement-'*Shasanacchastramidam*' affirms that *Shaastra* is the ruler who rules over the soul.

The words or teachings of the detached omniscient are called *Shaastra*. Contemplation, study, reading, and listening to the recital of these *Shaastras* inspires the soul to take to the path of beatitude and helps its progress. In Jain terminology the term '*Agam*' instead of '*Shaastra*' is in popular use. At present the number of available *Agams* is said to be 45 and 32. According to the belief in Shvetambar idol-worshipping tradition this number is 45 and according to that in Sthanakavasi tradition it is 32. The list of thirty two *Agams* is divided into sub-groups as follows—11 *Anga Sutras*, 12 *Upanga Sutras*, 4 *Mool Sutras*, 4 *Chhed Sutras* and the *Avashyak Sutra*. This work, *Anuyogadvar Sutra*, belongs to the sub-group of Mool Sutras. The four *Mool Sutras* being *Uttaradhyayan, Dashavaikalik, Nandi* and *Anuyogadvar.*

Bhagavan Mahavir has shown four paths of salvation—knowledge (*jnana*), perception or faith (*darshan*), conduct (*chaaritra*), and austerities (*tap*). According to the ancient tradition *Nandi Sutra* describes knowledge (*jnana*), *Anuyogadvar* describes perception or faith (*darshan*), *Dashavaikalik* describes conduct (*charitra*) and *Uttaradhyayan* describes austerities (*tap*). *Anuyogadvar* includes

discussions about *Shrut jnana* (scriptural knowledge) and five kinds of conduct in the form of *avashyak* (essential duties) along with *darshan* (perception). However, as all these are presented as instruments for refining *darshan* (perception) into *samyak darshan* (right perception), *darshan* is considered to be its central theme.

## MEANING OF ANUYOGA

To understand *Anuyogadvar Sutra*, the first essential step is to understand the meaning of the term *anuyoga*. To associate (*yoga*) the intended and appropriate meaning (*anu*) with a word is called *Anuyoga*. The concepts (*arth*) are given by Arihant Bhagavan. The concepts given by Arihants or Tirthankars or the scriptures in lingual form should be studied and understood only after associating them with pertinent and appropriate meaning. One word has many meanings, that is why to contemplate that for what purpose, from which viewpoint and with reference to which attribution a specific word has been used, and then to arrive at the appropriate meaning is called *anuyoga* (disquisition). As the *acharyas* have said—"To associate (*yoga*) the intended and prescribed meaning (*anu*) with the concept of an aphorism is *anuyoga*. (In other words to elaborate an aphorism in consonance with the concept of the writer is anuyoga.)" (Acharya Jinabhadragani)

In the text of *Anuyogadvar Sutra* nothing much has been said about the word *Anuyoga*. However, famous commentators of scriptures, including Acharya Jinabhadra Gani (the author of the *Bhashyas*) and Acharya Hemchandra (the author of the *Vrittis*), have presented detailed discussion on the word *'anuyoga'* in their commentaries. They have explained why this work has been titled *Anuyogadvar*. A simple illustrative meaning of *Anuyogadvar* is—the gate (*dvar*) to enter, search, and arrive at the desired part of the knowledge of fundamentals in the great city called Jain order (canon). If we consider *Shaastra* (scripture) to be a great city, *Anuyogadvar* is the name of its entrance. The non-absolutist (*anekant-vadi*) approach, with emphasis on multiple perspectives (*naya*) and attribution (*nikshep*), necessary to understand the profound concepts and ideas contained in scriptures is elucidated in *Anuyogadvar Sutra*.

The analogy of a cow and her calf in order to explain the meaning of *Anuyogadvar* was given for the first time by Acharya Bhadrabahu in *Avashyak Niryukti* (verse 128-129). The same analogy with a little elaboration in the form of an example has been used by Jinabhadragani Kshamashraman, the commentator (*Bhashya*) of *Avashyak Niryukti* (verses 409-410). We have included it with a suitable illustration in elaboration of aphorism-2. In brief, when a cow is to be milked, the calf of that very cow should be brought for pre-milking suckle. In a way, this is a fitting association. This example facilitates grasping easily the meaning of *anuyoga* (disquisition).

## FOUR DVARS OF ANUYOGA (FOUR DOORS OF DISQUISITION)

It should be mentioned here that Acharya Arya Rakshit has divided the subjects contained in Jain *Agams* in four *Anuyogas*—*Dharmkathanuyoga* (narrative literature or religious tales), *Charananuyoga* (conduct and praxis), *Ganitanuyoga* (mathematics, astrology, geography and cosmology), and *Dravyanuyoga* (entities including the living and the non-living; metaphysics). This *Anuyogadvar Sutra* does not exclusively belong to any one of these four types. It envelopes all the four types of *Anuyogas* in some context or the other. In fact, it is aimed at explaining the methodology of interpreting the scriptures or the process of elaborating the *Agam* texts. Therefore, the topics it deals have been divided into four segments presented as *dvars* (doors)—(1) *Upakram* (introduction), (2) *Nikshep* (attribution), (3) *Anugam* (interpretation) and (4) *Naya* (viewpoint or aspect).

The first and the most elaborate of these four doors of disquisition is *Upakram*. It takes up almost three fourths of the total volume of the book.

To understand the viewpoint of a person and to make efforts to act accordingly is *Upakram*. *Upakram* has been described in detail from six different angles namely *Naam* (name), *Sthapana* (notional installation), *Dravya* (physical aspect) *Kshetra* (area), *Kaal* (time) and *Bhaava* (essence). In conclusion *prashast bhaavopakram* (righteous means of knowing thoughts of others) is termed as the one to be

accepted. According to this, in order to gain knowledge from a guru (teacher) a disciple should first please the guru by his qualities including humble behaviour. After that he should understand the feelings and gestures of the guru and should accordingly indulge in studies of scriptures. *Upakram* has been further divided into five sub-categories and explained from various perspectives.

These sub-categories are—*Anupurvi* (sequence or sequential configuration), *Naam* (name), *Praman* (validity), *Vaktavyata* (explication), *Arthadhikar* (giving synopsis), and *Samavatar* (assimilation). In the second door of disquisition, *nikshep* (attribution), the method of understanding fundamentals from four angles—*Naam* (name), *Sthapana* (notional installation), *Dravya* (physical aspect) and *Bhaava* (essence or mental aspect) has been explained. The third door of disquisition is *Anugam* (interpretation) and the fourth is *Naya* (viewpoint or aspect). After mentioning two principle categories of *Anugam* their sub-categories have been described. Then in the Door of *Naya* seven *nayas* (viewpoints) have been mentioned at length.

Thus, *Anuyogadvar Sutra* describes the method of understanding the scriptures and logical and methodical style of elaborating them with the help of four doors of disquisition (*anuyogadvar*).

**RELEVANT REFERENCES : MENTION OF ANCIENT WORKS**

In the description of four *dvars* (approaches) of *Anuyoga,* one finds ample material of cultural and historical importance. Its study provides a variety of information about the religious, historical, geographical and cultural conditions in ancient India. The religious and philosophical material includes description of six *dravya* (substances), attributes of *Jiva* (the living), the body, its shapes, its structure (*sansthan*), life-span of beings and many other such topics.

This work has mentions of 19 famous books of non-Jain literature (aphorism 49). For instance, *Ramayana, Mahabharat, Kautilya, Vaisheshik* philosophy, the precepts of the Buddha, *Lokayat, Puranas,* grammar, etc. The then prevailing tradition about the time of reading and reciting *Ramayana* and *Mahabharat* has also been mentioned. But it is strange that though *Ramayana* and *Mahabharat* have been

mentioned, there is no mention of *Bhagavata* with them or otherwise. This indicates that *Bhagavata* was written after *Anuyogadvar Sutra*.

## MUSIC AND MUSICAL NOTES

The description of seven *Svars* (musical notes) in an interesting and lucid style is a special feature of this work ( aphorism 260). *Samaved* describes music. Similarly musical notes, their places of origin, and other related topics have been mentioned in detail in this work. It employs its own original style of description.

## VYAKARAN (GRAMMAR)

The description of eight *Vibhaktis* (declension) and seven *Samasas* (compounding of words) under the title *Ashtnaam* is useful for students of grammar (aphorisms 225-231).

## NAVA RASA (NINE SENTIMENTS)

The description of *nava rasa* (nine sentiments) of poetics (aphorisms 261-262) includes some new concepts and order. Nine sentiments in poetics and drama are—*Shringar-rasa* (amatory or erotic sentiment), *Hasya-rasa* (sentiment of humour or comic sentiment), *Karun-rasa* (pathos or tragic sentiment), *Raudra-rasa* (sentiment of rage or fury), *Vira-rasa* (heroic sentiment), *Bhayanak-rasa* (sentiment of fear or horror), *Vibhatsa-rasa* (sentiment of disgust), *Adbhut-rasa* (sentiment of wonder), and *Shant-rasa* (sentiment of tranquillity). But in this Sutra first in the order is heroism (*Vira-rasa*). A new sentiment is included as *Vridanak-rasa* (sentiment of shame or bashfulness). This sentiment does not find any mention in any other treatise on poetics. The commentator (*Churni* and *Tika*) Haribhadra has given no clarification in this context. But Acharya Maladhari Hemchandra has explained that horrifying things evoke the sentiment of fear or horror. In this work *Bhayanak-rasa* is included in *Raudra-rasa* (sentiment of rage or fury) and *Vridanak-rasa* is described as a separate sentiment.

## SAMUDRIK SHAASTRA

With the classification of standard and non-standard structure and dimensions of the human body, signs of good, mediocre or average and

bad persons based on body marks have also been mentioned (aphorism 334). For instance, a person whose height is 105 times the finger-width, who has body-marks of conch shell, bullock, etc., has moles and spots on his body, and who has virtues like sense of forgiveness, is called an excellent person. A person whose height is 104 times the finger-width is average and a person whose height is 96 times the finger-width is a bad type. These details help one know about the information contained in the works of that period on interpreting body marks.

Similarly Sutras 653 and 654 include information about how on the basis of the observation of the sky and the position of stars and planets, predictions were made about likely rainfall and its intensity, good or poor crops, and other such forecasts.

## BELIEFS AND TRADES

Aphorism 21 gives names of various beliefs on the basis of ways of dressing and other habitual activities prevalent during that period. Some of these are Charak, Cheerak, Charmakhandik, Gautam, Gauvratik, etc.

The mention of caste names derived from business or profession indicates that in medieval India caste was based on trade or profession and was not by birth. Some caste names based on trade and profession are—*Dausik* or weavers, *Sautrik* or yarn-makers, *Tantrik* or musicians playing stringed instruments, *Munjakar* or rope makers, *Vardhkar* or cobblers, *Pustkar* or paper manufacturers and writers, *Dantkar* or those working with ivory and other bones. (aphorism 304)

From the names of performing artists, it is revealed that like in present times, there were expert gymnasts and acrobats during that period also. They presented entertaining performances for the masses by their acrobatics and practiced movement of different parts of their body. Some of these were *Nartak* or a dancer, *Jail* or one who dances on a string, *Malla* or a wrestler, *Plavak* or a diver, *Lankh* or one who shows his acrobatic skills on a thick pole. (aphorism 304)

Many weights and measures had been invented during that period to weigh or measure food-grains, liquids, minerals (aphorisms 320 to

344). The description of weights and measures brings out a vivid picture of fairly developed trading practices prevalent during that period.

Thus, *Anuyogadvar Sutra* contains not only philosophical and religious details, but also ample material on culture. This provides information about the highly developed state of art, literature, trade and commerce during that period.

## THE NAME AND THE PERIOD OF THE COMPILER

In Jain *Agams, Anuyogadvar Sutra* and *Nandi Sutra* are the most recent.

The question as to who is the author of *Anuyogadvar Sutra* has not yet been satisfactorily answered. Some scholars are of the view that till the time of Vajra Swami, the *Agams* were studied without any classification into different *Anuyogas.* But his chief disciple Arya Rakshit Suri, the twentieth head of the order since Bhagavan Mahavir (570 to 597 ANM), classified the *Agams* into four *Anuyogas.* He realized that the understanding and the power of retention of students of *Agams* has considerably decreased and this inspired him to make this classification.

So he is considered to be the first to classify the *Agams.* But there is no evidence to establish that he was also the author of *Anuyogadvar Sutra.* There is also no evidence even to contradict this. Therefore, the scholars and researchers in history have accepted *Arya Rakshit,* the *Anuyoga* classifier, as the author of *Anuyogadvar Sutra.* The period of Arya rakshit is sixth century after the nirvana of Mahavir (ANM). The period of this text is believed to be 570-584 ANM or 114 to 127 Vikram Samvat or 57 to 70 A. D. Renowned scholars and researchers of *Agams,* Muni Punyavijai Ji, Muni Jambuvijai Ji and Acharya Mahaprajna Ji have unanimity on this conclusion.

## COMMENTARIES OF ANUYOGADVAR SUTRA

Three ancient commentaries on *Anuyogadvar Sutra* are available. There is no *Niryukti* on it.

***Churni***—The language of *Churni* is Prakrit. Its author is Jinadas Gani Mahattar who lived in the seventh century of the Vikram era.

## COMMENTARY (VRITTI) BY HARIBHADRA

Haribhadra Suri is a famous and serious commentator of *Agams*. He authored detailed commentaries on *Avashyak Sutra* and *Dashavaikalik Sutra*. His commentaries on *Nandi Sutra* and *Anuyogadvar Sutra* are brief. His period is believed to be eighth century of the Vikram Calendar.

## COMMENTARY (VRITTI) BY MALADHARI

After Haribhadra Suri, Acharya Maladhari Hemchandra has written a much detailed commentary on *Anuyogadvar Sutra*. His period is twelfth century of the Vikram Calendar.

## BASIS OF THIS EDITION

The subject of *Anuyogadvar Sutra* is very complex. It is very difficult to understand it without elaboration. Even with brief elaboration it is being published in two parts. In the first part, the portion up to Sutra 262, namely NAVA RASA, in the chapter of NAVA NAAM has been covered. The later portion is included in the second Part. After studying many commentaries on it, a simple and easily intelligible prose style has been adopted for its translation and elaborations. Further, the elaboration is of a medium order because a detailed elaboration would have made it voluminous.

The theme and style of *Anuyogadvar Sutra* is slightly different from those of other *Agams*. It is not easy to understand this work because it has abundance of technical terms. Therefore care has been taken to provide meanings and definitions of technical terms along with the translation and elaboration using different font. As all such terms do not have equivalent terms in English, the original term has been given in roman script with explanatory translation in parenthesis. This may appear cumbersome at first glance but should be more convenient than repeatedly consulting a glossary at the end of the book.

The following books have been consulted for translation and elaboration—

The first head of Shraman Sangh, Jain Agam Ratnakar, Acharya Samrat Shri Atmaram Ji Maharaj was the first author of a Hindi

commentary on *Anuyogadvar Sutra* based on ancient commentaries. Its style is simple and can be easily understood. It was published in two parts. The first part was published by Shvetambar Sthanakavasi Jain Conference Bombay in 1931 A. D. and the second part was published from Patiala. But at present, its availability is extremely difficult.

Shri Jnanamuni Ji, the learned disciple of Acharya Samrat Atmaram Ji who is a great scholar of Agamic literature, re-edited the commentary of Acharya Shri by elaborating it further. It has thus become almost a new treatise on *Anuyogadvar Sutra*. It was published with the caption—*Atma Jnana Piyush Varshini Tika*. It was edited by Muni Shri Nemichand M. It is available in two parts and is an evidence of the profound knowledge of the commentator. This work has been taken as the primary reference book for the present edition.

*Anuyogadvar Sutra* translated by Shri Kewal Muni under the direction of Yuvacharya Shri Madhukar Muni and revised by Shri Shobha Chand Bharill, published by Agam Samiti, Beavar, has also been a useful reference work for the text as well as commentary.

The English translation titled '*Anuogaddaraim*' translated by Taiken Hanaki was also consulted, specially while finalizing English terminology.

The commentary by Acharya Mahaprajna published under the title *Anuogadaraim* from Jain Vishvabharati, Ladnu has provided valuable references for the commentary.

In addition to all these, recently published '*Anuyogadvar Sutram, Churni-Vivritti-Vritti Vibhushitam* (Part 1), corrected and edited by the profound and renowned researcher of *Agams* and scholar of Agamic knowledge, saint Jambuvijai Ji M., has been extremely useful in correcting and properly interpreting the original text and studying the original references from commentaries, *Churni* etc. In order to properly understand the complex portions the associate editor, Srichand Surana 'Saras', personally contacted Muni Ji and sought clarifications. Muni Ji is very devoted to studies of *Agams* and is a broad-minded scholar. He explained the difficult portions of the text with affection and care. We are highly indebted to him. We also express our gratitude to all aforesaid scholars and saints whose

immaculate and scholarly commentaries and works have been of great help in the editing of this book.

In the editing of this Sutra, Srichand Surana 'Saras' has put in admirable efforts and strenuous work. For the English translation Shri Surendra Bothra has made a commendable contribution with all the knowledge and experience he has gained through translating many of the Agams published in this series. A great care has been taken to find appropriate words and terminology for the technical terms in English language. However, as it is still an evolving field forbearance of readers is solicited for any mistake and misinterpretation. Shri Raj Kumar Jain, a devoted shravak well versed with *Agams* and having a command over English language, has provided valuable services in the form of editorial and translation advise by going through the final proofs of the book. It took hard and continuous efforts lasting over a period of two years to complete this translation and commentary in Hindi and English. Still in case, at any place something has been mentioned against the purport of the scripture or not in line with the tradition, I sincerely feel and convey—'Micchami dukkadam' (May my misdeeds be undone). I also request the scholarly readers to oblige us with their advice and suggestions.

To prepare illustrations concerning *Anuyoga* was also difficult as compared to illustrating other Agams. In order to properly elucidate the subject with examples, some of them have been selected from commentaries (*Tika* and *Bhashya*) and translations of this as well as other *Shaastras* and others from commonly used popular analogies. This should help the reader and the listener properly understand the underlying idea of the Sutra. Still in case any example is found unsuitable or improper, the experts in the field may kindly send their suggestions to us.

I once again express my heartfelt gratitude for all those who have contributed towards the publication of this work.

***Up-pravartak Amar Muni***

Jain Sthanak
Shastri Nagar, Delhi
Jnan Panchami

## अनुक्रमणिका

## CONTENTS


| आवश्यक प्रकरण | | The Discussion on Essentials | |
|---|---|---|---|
| पाँच ज्ञान का वर्णन | ३ | Five Types of Knowledge | 3 |
| श्रुतज्ञान का महत्त्व | १० | The Importance of Shrut-Jnana | 10 |
| आवश्यक पद का निक्षेप | १८ | Attribution of the Term Avashyak | 18 |
| निक्षेप की सूचना | २० | Informing about Attribution of Terms Like Avashyak | 20 |
| आवश्यक के निक्षेप | २४ | Attributions of Avashyak | 24 |
| (१) नाम आवश्यक | २५ | (1) Naam Avashyak | 26 |
| (२) स्थापना आवश्यक | २६ | (2) Sthapana Avashyak | 26 |
| (३) द्रव्य आवश्यक | ३१ | (3) Dravya Avashyak | 31 |
| (१) आगमतः द्रव्य आवश्यक | ३२ | (1) Agamatah Dravya Avashyak | 33 |
| (१) आगमतः द्रव्य आवश्यक और नय दृष्टियाँ | ४६ | (1) Agamatah Dravya Avashyak and Naya Aspects | 46 |
| (२) नो-आगमतः द्रव्य आवश्यक | ४८ | (2) No-Agamatah Dravya Avashyak | 49 |
| (१) ज्ञायक शरीर द्रव्य आवश्यक | ४९ | (1) Jnayak Sharir Dravya Avashyak | 50 |
| (२) भव्य शरीर द्रव्य आवश्यक | ५१ | (2) Bhavya Sharir Dravya Avashyak | 52 |
| (३) ज्ञायक शरीर-भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य आवश्यक | ५३ | (3) Jnayak Sharir-Bhavya Sharir Vyatirikta Dravya Avashyak | 53 |
| (१) लौकिक द्रव्य आवश्यक | ५४ | (1) Laukik Dravya Avashyak | 55 |
| (२) कुप्रावचनिक द्रव्य आवश्यक | ५५ | (2) Kupravachanik Dravya Avashyak | 56 |
| (३) लोकोत्तरिक द्रव्य आवश्यक | ५९ | (3) Lokottarik Dravya Avashyak | 60 |
| (४) भाव आवश्यक | ६५ | (4) Bhaava Avashyak | 65 |
| (१) आगमतः भाव आवश्यक | ६६ | (1) Agamatah Bhaava Avashyak | 66 |
| (२) नो-आगमतः भाव आवश्यक | ६६ | (2) No-Agamatah Bhaava Avashyak | 66 |
| (१) लौकिक भाव आवश्यक | ६७ | (1) Laukik Bhaava Avashyak | 67 |
| (२) कुप्रावचनिक भाव आवश्यक | ६८ | (2) Kupravachanik Bhaava Avashyak | 68 |
| (३) लोकोत्तरिक भाव आवश्यक | ६९ | (3) Lokottarik Bhaava Avashyak | 70 |
| आवश्यक के पर्यायवाची नाम | ७० | Synonyms of Avashyak | 71 |
| **श्रुत प्रकरण** | | **The Discussion on Shrut** | |
| श्रुत के भेद | ७३ | Categories of Shrut | 73 |
| (१) नाम श्रुत | ७३ | (1) Naam Shrut | 74 |
| (२) स्थापना श्रुत | ७४ | (2) Sthapana Shrut | 74 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (३) द्रव्य श्रुत | ७५ | (3) Dravya Shrut | 75 |
| (१) आगमतः द्रव्य श्रुत | ७५ | (1) Agamatah Dravya Shrut | 76 |
| (२) नो-आगमतः द्रव्य श्रुत | ७६ | (2) No-Agamatah Dravya Shrut | 77 |
| (१) ज्ञायक शरीर द्रव्य श्रुत | ७७ | (1) Jnayak Sharir Dravya Shrut | 78 |
| (२) भव्य शरीर द्रव्य श्रुत | ७९ | (2) Bhavya Sharir Dravya Shrut | 79 |
| (३) ज्ञायक शरीर-भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य श्रुत | ८० | (3) Jnayak Sharir-Bhavya Sharir Vyatirikta Dravya Shrut | 80 |
| (४) भाव श्रुत | ८६ | (4) Bhaava Shrut | 87 |
| (१) आगमतः भाव श्रुत | ८७ | (1) Agamatah Bhaava Shrut | 87 |
| (२) नो-आगमतः भाव श्रुत | ८७ | (2) No-Agamatah Bhaava Shrut | 88 |
| (१) लौकिक भाव श्रुत | ८८ | (1) Laukik Bhaava Shrut | 88 |
| (२) लोकोत्तरिक भाव श्रुत | ८९ | (2) Lokottarik Bhaava Shrut | 90 |
| श्रुत के पर्यायवाची नाम | ९१ | Synonyms of Shrut | 91 |


**स्कन्ध प्रकरण** — **The Discussion on Skandh**


| | | | |
|---|---|---|---|
| निक्षेप दृष्टि से स्कन्ध निरूपण | ९३ | Attribution of Skandh | 93 |
| (१) नाम स्कन्ध | ९३ | (1) Naam Skandh | 94 |
| (२) स्थापना स्कन्ध | ९४ | (2) Sthapana Skandh | 94 |
| (३) द्रव्य स्कन्ध | ९५ | (3) Dravya Skandh | 95 |
| (१) आगमतः द्रव्य स्कन्ध | ९५ | (1) Agamatah Dravya Skandh | 96 |
| (२) नो-आगमतः द्रव्य स्कन्ध | ९८ | (2) No-Agamatah Dravya Skandh | 98 |
| (१) ज्ञायक शरीर द्रव्य स्कन्ध | ९८ | (1) Jnayak Sharir Dravya Skandh | 99 |
| (२) भव्य शरीर द्रव्य स्कन्ध | ९९ | (2) Bhavya Sharir Dravya Skandh | 100 |
| (३) ज्ञायक शरीर-भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य स्कन्ध | १०० | (3) Jnayak Sharir-Bhavya Sharir Vyatirikta Dravya Skandh | 100 |
| (१) सचित्त द्रव्य स्कन्ध | १०१ | (1) Sachitta Dravya Skandh | 101 |
| (२) अचित्त द्रव्य स्कन्ध | १०२ | (2) Achitta Dravya Skandh | 102 |
| (३) मिश्र द्रव्य स्कन्ध | १०३ | (3) Mishra Dravya Skandh | 103 |
| प्रकारान्तर से स्कन्ध के अन्य भेद | १०४ | Alternative Classification | 104 |
| (१) कृत्स्न स्कन्ध का स्वरूप | १०४ | (1) Kritsna Skandh | 105 |
| (२) अकृत्स्न स्कन्ध का स्वरूप | १०५ | (2) Akritsna Skandh | 105 |
| (३) अनेक द्रव्य स्कन्ध का स्वरूप | १०६ | (3) Aneka Dravya Skandh | 106 |
| (४) भाव स्कन्ध | १०७ | (4) Bhaava Skandh | 107 |
| (१) आगमतः भाव स्कन्ध | १०८ | (1) Agamatah Bhaava Skandh | 108 |
| (२) नो-आगमतः भाव स्कन्ध | १०८ | (2) No-Agamatah Bhaava Skandh | 109 |
| स्कन्ध के पर्यायवाची नाम | १०९ | Synonyms of Skandh | 110 |

| आवश्यक अर्थाधिकार प्रकरण | | The Discussion on Purview of Avashyak | |
|---|---|---|---|
| अर्थाधिकार प्ररूपणा | ११२ | Purview of Avashyak | 112 |
| अनुयोगद्वार-नामनिर्देश | ११६ | Anuyogadvar | 116 |

| उपक्रम प्रकरण The Discussion on Upakram | | | |
|---|---|---|---|
| उपक्रम के भेद | ११९ | Types of Upakram | 119 |
| (१) नाम और (२) स्थापना उपक्रम | ११९ | (1) Naam and (2) Sthapana Upakram | 119 |
| (३) द्रव्य उपक्रम | १२० | (3) Dravya Upakram | 120 |
| (१) सचित्त द्रव्य उपक्रम | १२२ | (1) Sachitta Dravya Upakram | 122 |
| (२) अचित्त द्रव्य उपक्रम | १२५ | (2) Achitta Dravya Upakram | 125 |
| (३) मिश्र द्रव्य उपक्रम | १२६ | (3) Mishra Dravya Upakram | 126 |
| (४) क्षेत्र उपक्रम | १२७ | (4) Kshetra Upakram | 127 |
| (५) काल उपक्रम | १२८ | (5) Kaal Upakram | 128 |
| (६) भाव उपक्रम | १२९ | (6) Bhaava Upakram | 129 |
| (१) आगमतः भाव उपक्रम | १२९ | (1) Agamatah Bhaava Upakram | 129 |
| (२) नो-आगमतः भाव उपक्रम | १३० | (2) No-Agamatah Bhaava Upakram | 130 |
| उपक्रम के छह प्रकार | १३८ | Six Kinds of Upakram | 138 |

| आनुपूर्वी प्रकरण | | The Discussion on Anupurvi | |
|---|---|---|---|
| आनुपूर्वी के दस भेद | १४० | Ten Kinds of Anupurvi | 140 |
| नाम-स्थापना आनुपूर्वी | १४० | Naama and Sthapana Anupurvi | 141 |
| द्रव्यानुपूर्वी का स्वरूप | १४१ | Drvayanupurvi | 141 |
| अनौपनिधिकी द्रव्यानुपूर्वी के भेद | १४५ | Types of Anaupanidhiki Dravya-Anupurvi | 145 |
| नैगम-व्यवहारनयसंमत अर्थपदप्ररूपणा | १४७ | Naigam-Vyavahar Naya Sammat Arth-Padprarupana | 147 |
| नैगम-व्यवहारनयसंमत भंगसमुत्कीर्तनता | १५१ | Naigam-Vyavahar Naya Sammat Bhang-Samutkirtanata | 153 |
| छब्बीस भंगों का स्थापना यंत्र | १५६ | Table of 26 Divisions or Bhangs | 157 |
| नैगम-व्यवहारनयसंमत भंगोपदर्शनता | १५९ | Naigam-Vyavahar Naya Sammat Bhangopadarshanata | 161 |
| समवतार प्ररूपणा (आनुपूर्वी द्रव्य) | १६४ | Samavatara : Anupurvi Dravya | 164 |
| अनानुपूर्वी द्रव्य | १६५ | Ananupurvi Dravya | 165 |
| अवक्तव्य द्रव्य | १६६ | Avaktavya Dravya | 166 |
| नवविध-अनुगम प्ररूपणा | १६७ | Anugam : Nine Kinds | 168 |
| (1) सत्पद प्ररूपणा द्वार | १७० | (1) Satpad-Prarupana-Dvar | 170 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (२) द्रव्य प्रमाण द्वार | १७१ | (2) Dravya-Pramana-Dvar | 171 |
| (३) क्षेत्र द्वार | १७२ | (3) Kshetra-Dvar | 173 |
| (४) स्पर्शना द्वार | १७८ | (4) Sparshana-Dvar | 178 |
| (५) काल द्वार | १८० | (5) Kaal-Dvar | 180 |
| (६) अन्तर प्ररूपणा द्वार | १८३ | (6) Antar-Dvar | 183 |
| (७) भाग प्ररूपणा द्वार | १८६ | (7) Bhaag-Dvar | 187 |
| (८) भाव प्ररूपणा द्वार | १८९ | (8) Bhaava-Dvar | 189 |
| (९) अल्प-बहुत्व द्वार | १९० | (9) Alpa-Bahutva-Dvar | 191 |
| द्रव्यों का अल्प-बहुत्व स्थापना यंत्र | १९५ | Comparative Chart of Quantum of Substances | 197 |
| संग्रहनयसम्मत अनौपनिधिकी द्रव्यानुपूर्वी प्ररूपणा | १९९ | Samgraha Naya Sammat Anaupanidhiki Dravya-Anupurvi | 199 |
| संग्रहनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणता | १९९ | Samgraha Naya Sammat Arth-Padaprarupanata | 200 |
| संग्रहनयसम्मत भंगसमुत्कीर्तना | २०२ | Samgraha Naya Sammat Bhang-Samutkirtanata | 202 |
| संग्रहनयसम्मत भंगोपदर्शनता | २०३ | Samgraha Naya Sammat Bhangopadrshanata | 204 |
| समवतार प्ररूपणा | २०५ | Samavatara : Anupurvi Dravya | 206 |
| संग्रहनयसम्मत अनुगम के आठ प्रकार | २०६ | Samgraha Naya Sammat Anugam : Eight Kinds | 207 |
| (१) सत्पदप्ररूपणा का अर्थ | २०७ | (1) Satpadprarupana-Dvar | 207 |
| (२) द्रव्यप्रमाणप्ररूपणा | २०७ | (2) Dravyapramana-Dvar | 208 |
| (३) क्षेत्रप्ररूपणा | २०९ | (3) Kshetra-Dvar | 209 |
| (४) स्पर्शना प्ररूपणा | २१० | (4) Sparshana-Dvar | 210 |
| (५-६) काल और अन्तर की प्ररूपणा | २११ | (5-6) Kaal-Dvar and Antar-Dvar | 211 |
| (७) भागप्ररूपणा | २१२ | (7) Bhaag-Dvar | 212 |
| (८) भावप्ररूपणा | २१४ | (8) Bhaava-Dvar | 214 |
| औपनिधिकी द्रव्यानुपूर्वीनिरूपण | २१५ | Aupanidhiki Dravya-Anupurvi | 215 |
| पूर्वानुपूर्वी का स्वरूप | २१६ | Purvanupurvi | 216 |
| पश्चानुपूर्वी का स्वरूप | २१७ | Pashchanupurvi | 217 |
| अनानुपूर्वी | २१७ | Ananupurvi | 218 |
| औपनिधिकी द्रव्यानुपूर्वी का दूसरा प्रकार | २१९ | Another Aupanidhiki Dravya-Anupurvi | 219 |
| पूर्वानुपूर्वी का स्वरूप | २१९ | Purvanupurvi | 220 |
| पश्चानुपूर्वी का स्वरूप | २२० | Pashchanupurvi | 221 |
| अनानुपूर्वी का स्वरूप | २२१ | Ananupurvi | 222 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्षेत्रानुपूर्वी के प्रकार | २२२ | Kshetranupurvi | 223 |
| नैगम-व्यवहारनयसम्मत अनौपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी | २२३ | Naigam-Vyavahar Naya Sammat Anaupanidhiki Kshetr-Anupurvi | 224 |
| नैगम-व्यवहारवनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणा और प्रयोजन | २२४ | Naigam-Vyavahar Naya Sammat Arth-Padaprarupana | 225 |
| क्षेत्रानुपूर्वी-भंगसमुत्कीर्तनता एवं प्रयोजन | २२७ | Kshetranupurvi : Bhang-Samutkirtanata | 228 |
| नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंगोपदर्शनता | २२९ | Naigam-Vyavahar Naya Sammat Bhangopadarshanata | 229 |
| क्षेत्रानुपूर्वी की समवतार प्ररूपणा | २३० | Kshetranupurvi : Samavatara | 231 |
| क्षेत्रानुपूर्वी की अनुगमप्ररूपणा | २३१ | Kshetranupurvi : Anugam | 232 |
| (१) क्षेत्रानुपूर्वी : सत्पदप्ररूपणता | २३२ | (1) Kshetranupurvi : Satpadprarupana-Dvar | 232 |
| (२) क्षेत्रानुपूर्वी : द्रव्यप्रमाण | २३३ | (2) Kshetranupurvi : Dravyapramana-Dvar | 233 |
| (३) क्षेत्रानुपूर्वी की अनुगमान्तर्वर्ती क्षेत्रप्ररूपणा | २३४ | (3) Kshetranupurvi : Kshetra-Dvar | 235 |
| (४) अनुगम के अनुसार स्पर्शना प्ररूपणा | २३९ | (4) Kshetranupurvi : Sparshana-Dvar | 240 |
| (५) अनुगम से कालप्ररूपणा | २४१ | (5) Kshetranupurvi : Kaal-Dvar | 241 |
| (६) अनुगम से अन्तरप्ररूपणा | २४१ | (6) Kshetranupurvi : Antar-Dvar | 242 |
| (७) अनुगम से भागप्ररूपणा | २४२ | (7) Kshetranupurvi : Bhaag-Dvar | 242 |
| (८) अनुगम से भावप्ररूपणा | २४३ | (8) Kshetranupurvi : Bhaava-Dvar | 244 |
| (९) अनुगम से अल्प-बहुत्व प्ररूपणा | २४४ | (9) Alpa-Bahutva-Dvar | 244 |
| संग्रहनयसम्मत अनौपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी | २४८ | Samgraha Naya Sammat Anaupanidhiki Kshetra-Anupurvi | 249 |
| औपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी की विशेष प्ररूपणा | २४९ | Aupanidhiki Kshetra-Anupurvi | 249 |
| पूर्वानुपूर्वी | २५० | Purvanupurvi | 250 |
| पश्चानुपूर्वी | २५० | Pashchanupurvi | 251 |
| अनानुपूर्वी | २५१ | Ananupurvi | 251 |
| अधोलोक क्षेत्रानुपूर्वी | २५३ | Adholoka Kshetra-Anupurvi | 253 |
| तिर्यग् (मध्य) लोक क्षेत्रानुपूर्वी | २५५ | Tiryak-Loka Kshetra-Anupurvi | 255 |
| ऊर्ध्वलोकक्षेत्रानुपूर्वी | २६० | Urdhvaloka Kshetra-Anupurvi | 260 |
| क्षेत्रानुपूर्वी के वर्णन का द्वितीय प्रकार | २६२ | Another Aupanidhiki Kshetra-Anupurvi | 262 |
| कालानुपूर्वीप्ररूपणा | २६४ | Kaal-Anupurvi | 265 |
| नैगम-व्यवहारनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी | २६५ | Naigam-Vyavahar Naya Sammat Anaupanidhiki Kaal-Anupurvi | 266 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) अर्थपदप्ररूपणता | २६७ | (a) Naigam-Vyavahar Naya Sammat Arth-Padaprarupana | 268 |
| (ख) भंगसमुत्कीर्तनता | २६९ | (b) Kaal-Anupurvi : Bhang-Samutkirtanata | 269 |
| (ग) भंगोपदर्शनता | २७१ | (c) Naigam-Vyavahar Naya Sammat Bhangopadarshanata | 272 |
| (घ) समवतार | २७३ | (d) Kaalnupurvi : Samavatara | 273 |
| (ङ) अनुगम | २७५ | (e) Kaalnupurvi : Anugam | 275 |
| (ङ-१) सत्पदप्ररूपणता | २७५ | (e-1) Kaalnupurvi : Satpadprarupana-Dvar | 276 |
| (ङ-२) द्रव्यप्रमाण | २७६ | (e-2) Kaalnupurvi : Dravyapramana-Dvar | 276 |
| (ङ-३, ४) क्षेत्र और स्पर्शना प्ररूपणा | २७८ | (e-3, 4) Kaalnupurvi : Ksheta-Dvar and Sparshana-Dvar | 278 |
| (ङ-५) कालप्ररूपणा | २७९ | (e-5) Kaalnupurvi : Kaal-Dvar | 279 |
| (ङ-६) अन्तरप्ररूपणा | २८२ | (e-6) Kaalnupurvi : Antar-Dvar | 282 |
| (ङ-७) भागद्वार | २८४ | (e-7) Kaalnupurvi : Bhaag-Dvar | 284 |
| (ङ-८, ९) भाव और अल्पबहुत्व द्वार | २८४ | (e-8, 9) Kaalnupurvi : Bhaava-Dvar and Alpabahutva-Dvar | 285 |
| संग्रहनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी | २८५ | Samgraha Naya Sammat Anaupanidhiki Kaal-Anupurvi | 285 |
| संग्रहनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणता | २८६ | Samgraha Naya Sammat Arth-Padaprarupana | 286 |
| औपनिधिकी कालानुपूर्वी | २८७ | Aupanidhiki Kaal-Anupurvi | 287 |
| औपनिधिकी कालानुपूर्वी : द्वितीय प्रकार | २८९ | Another Aupanidhiki Kaal-Anupurvi | 289 |
| उत्कीर्तनानुपूर्वी निरूपण | २९४ | Utkirtana-Anupurvi | 294 |
| गणनानुपूर्वी प्ररूपणा | २९७ | Ganana-Anupurvi | 297 |
| संस्थानानुपूर्वी प्ररूपणा | २९९ | Samsthana-Anupurvi | 300 |
| समाचारी-आनुपूर्वीप्ररूपणा | ३०३ | Samachari-Anupurvi | 303 |
| भावानुपूर्वीप्ररूपणा | ३०७ | Bhaava-Anupurvi | 307 |



नामाधिकार प्रकरण — **The Discussion on Nama**


| | | | |
|---|---|---|---|
| नाम | ३१० | Nama | 310 |
| (१) एक नाम | ३११ | (1) Eka Nama (One-Named) | 312 |
| (२) द्विनाम | ३१२ | (2) Do Nama (Two-Named) | 312 |
| दो नाम के सामान्य-विशेष भेद | ३१५ | Specific and General | 315 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| अजीव द्रव्य के सामान्य विशेष नाम | ३३१ | General and Specific Names of Non-Living Substance | 331 |
| (३) त्रिनाम | ३३२ | (3) Trinama | 332 |
| (क) द्रव्यनाम | ३३३ | (a) Dravya-Nama | 334 |
| (ख) गुणनाम | ३३४ | (b) Guna-Nama | 334 |
| वर्णनाम के भेद | ३३५ | Varna-Nama | 336 |
| गंधनाम | ३३६ | Gandh-Nama | 336 |
| रसनाम | ३३७ | Rasa-Nama | 337 |
| स्पर्शनाम | ३३७ | Sparsh-Nama | 338 |
| संस्थाननाम | ३३८ | Samsthana-Nama (Structure-Name) | 338 |
| (ग) पर्यायनाम | ३३९ | (c) Paryaya-Nama | 340 |
| त्रिनाम का दूसरा प्रकार | ३४२ | Another Type of Trinama | 343 |
| (४) चतुर्नाम | ३४४ | (4) Chaturnama (Four-Named) | 345 |
| (५) पंचनाम | ३४७ | (5) Panch Nama (Five-Named) | 347 |
| **भाव प्रकरण** | | **The Discussion on Bhaava** | |
| भाव वर्णन : छह नाम | ३४९ | Chhaha Nama (Six-Named) | 349 |
| (१) औदयिक भाव | ३५२ | (1) Audayik Bhaava | 352 |
| जीवोदयनिष्पन्न औदयिकभाव का स्वरूप | ३५४ | Jivodaya-Nishpanna Audayik-Bhaava | 355 |
| अजीवोदयनिष्पन्न औदयिकभाव का स्वरूप | ३५५ | Ajivodaya-Nishpanna Audayik Bhaava | 356 |
| (२) औपशमिकभाव का स्वरूप | ३५८ | (2) Aupashamik-Bhaava | 358 |
| (३) क्षायिक भाव का स्वरूप | ३६० | (3) Kshayik-Bhaava (Extinct State) | 360 |
| (४) क्षायोपशमिकभाव का वर्णन | ३६५ | (4) Kshayopashamik-Bhaava | 366 |
| (५) पारिणामिकभाव | ३६९ | (5) Parinamik Bhaava | 369 |
| (६) सान्निपातिक भाव | ३७४ | (6) Sannipatik-Bhaava | 375 |
| द्विकसंयोगज दस सान्निपातिक भाव नाम | ३७५ | Sannipatik-Bhaava with a Combination of Two | 376 |
| त्रिकसंयोगज दस सान्निपातिकभाव | ३८१ | Sannipatik-Bhaava with a Combination of Three | 382 |
| चतुःसंयोगज सान्निपातिकभाव | ३८९ | Sannipatik-Bhaava with a Combination of Four | 389 |
| पंचसंयोगी भाव | ३९४ | Sannipatik-Bhaava with a Combination of Five | 394 |
| **स्वर-मण्डल प्रकरण** | | **The Discussion on Svar** | |
| सप्तनाम निरूपण | ३९६ | Saat Nama (Seven-Named) | 396 |
| सात स्वरों के स्वरस्थान | ३९८ | Places of Origin of Seven Svars | 399 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| जीवनिश्रित सप्त स्वर | ४०० | Svars Associated with Beings | 401 |
| अजीवनिश्रित सप्त स्वर | ४०१ | Svars Associated with Non-Beings | 402 |
| सप्तस्वरों के स्वरलक्षण तथा फल | ४०३ | Characteristics and Results of Seven Svars | 405 |
| सप्तस्वरों के ग्राम और उनकी मूर्च्छनाएँ | ४०६ | Gram and Murcchana of Seven Svars | 406 |
| सप्त स्वरोत्पत्ति विषयक जिज्ञासा : समाधान | ४०८ | Some Queries about Seven Svars | 409 |
| गीतगायक की योग्यता का निरूपण | ४०९ | Attributes of a Singer | 409 |
| गीत के छह दोष | ४०९ | Six Faults of a Singing | 410 |
| गीत के आठ गुण | ४१० | Eight Merits of Singing | 411 |
| दूसरी प्रकार से संगीत के आठ गुण | ४११ | Other Eight Merits of Singing | 412 |
| गीत के वृत्त-छन्द | ४१५ | Vritta of Song | 415 |
| गीत की भाषा | ४१६ | Language of a Song | 416 |
| गीतगायक के प्रकार | ४१६ | Types of Singer | 417 |
| उपसंहार | ४१७ | Conclusion | 417 |
| **विभक्ति प्रकरण** | | **The Discussion on Declension** | |
| आठ विभक्तियों के उदाहरण | ४११ | Examples of Eight Vibhaktis | 420 |
| **नवरस प्रकरण** | | **The Discussion on Nine-Sentiments** | |
| नवनाम : काव्य-रस प्रकरण | ४२४ | No Name | 424 |
| (१) वीररस | ४२६ | (1) Vira-Rasa | 427 |
| (२) शृंगाररस | ४२७ | (2) Shringar-Rasa | 427 |
| (३) अद्‌भुतरस | ४२८ | (3) Adbhut-Rasa | 428 |
| (४) रौद्ररस | ४२९ | (4) Raudra-Rasa | 429 |
| (५) व्रीडनकरस | ४२९ | (5) Vridanak-Rasa | 430 |
| (६) वीभत्सरस | ४३१ | (6) Vibhatsa-Rasa | 431 |
| (७) हास्यरस | ४३२ | (7) Hasya-Rasa | 432 |
| (८) करुणरस | ४३३ | (8) Karun-Rasa | 433 |
| (९) प्रशान्त रस | ४३३ | (9) Prashant-Rasa | 434 |
| बत्तीस दोष | ४३८ | Thirty Two Faults | 439 |

# अनुयोगद्वार सूत्र
# ANUYOGADVAR SUTRA



नमो नाणस्स : नमो सुय देवस्स
NAMO NANASSA : NAMO SUYA DEVASSA

# आवश्यक प्रकरण
# THE DISCUSSION ON ESSENTIALS

*पाँच ज्ञान का वर्णन*

**१. नाणं पंचविहं पण्णत्तं। तं जहा–(१) आभिणिबोहियणाणं, (२) सुयणाणं, (३) ओहिणाणं, (४) मणपज्जवणाणं, (५) केवलणाणं।**

१. ज्ञान पाँच प्रकार का है। जैसे–(१) आभिनिबोधिकज्ञान, (२) श्रुतज्ञान, (३) अवधिज्ञान, (४) मनःपर्यवज्ञान, और (५) केवलज्ञान।

**FIVE TYPES OF KNOWLEDGE**

**1.** *Jnana* or knowledge is said to be of five types—(1) *Abhinibodhik-jnana* (sensory knowledge), (2) *Shrut-jnana* (scriptural knowledge), (3) *Avadhi-jnana* (extra-sensory perception of the physical dimension; something akin to clairvoyance), (4) *Manahparyav-jnana* (extra-sensory perception and knowledge of thought process and thought-forms of other beings; something akin to but more subtle than telepathy), and (5) *Keval-jnana* (omniscience).

**विवेचन**–नन्दीसूत्र में पाँच ज्ञान का विस्तार से वर्णन किया गया है (देखें, सचित्र नन्दीसूत्र)। इस अनुयोगद्वार सूत्र में ज्ञान के द्वितीय मुख्य भेद श्रुतज्ञान की चर्चा विशेष विस्तार से है। पाँच ज्ञानों में चार ज्ञान–मतिज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यवज्ञान तथा केवलज्ञान मूक/अभाषक हैं। किन्तु श्रुतज्ञान अमूक/भाषक है।

मूलतः ज्ञान दो प्रकार का होता है–एक अनुभवात्मक/संवेदनात्मक तथा दूसरा शब्दात्मक/व्याख्यात्मक। अनुभवात्मक ज्ञान से व्यक्ति स्वयं लाभ उठाता है। किन्तु जब उस ज्ञान से दूसरों को लाभान्वित करने का प्रसंग आता है तो वह अनुभवात्मक ज्ञान शब्दात्मक

बन जाता है। मूक ज्ञान भाषक बन जाता है। स्वार्थ-स्व-हित करने वाला ज्ञान परार्थ-परोपकारी बन जाता है।

मतिज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यवज्ञान और केवलज्ञान का वाणी से कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः इन्हें मूक, स्वार्थ या स्व-संवेद्य कहा गया है। श्रुतज्ञान भाषक है। वह वाणी का विषय है। इसलिए उसे स्वार्थ और परार्थ दोनों ही माना गया है।

श्रुतज्ञान का अर्थ है, वह ज्ञान जो सुना जाता है। **सुणेइ त्ति–सुयं** (नंदी) जो सुना जाता है वह श्रुत है। **जं सुणइ तं सुयं भणियं** (वि. भा. ९८)। दूसरों की वाणी से या परोपदेश से जो ज्ञान प्राप्त होता है, वह श्रुत–सुना हुआ ज्ञान है। मूलतः ऐसा सुना हुआ श्रुतज्ञान स्वार्थ या स्व-संवेद्य कोटि का है। परन्तु इसके पश्चात् यह सुना हुआ ज्ञान जब शब्द का विषय बनता है, वाणी द्वारा प्रकट होता है तब वह परार्थ या परोपकारी बन जाता है। शब्द–आश्रित श्रुतज्ञान, द्रव्य श्रुत है तथा वह ज्ञान, जो जीव का परिणाम है, भाव श्रुत है।

आचार्य जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण ने श्रुतज्ञान को दीपक की उपमा दी है। दीपक उत्पत्ति में पराश्रित है, किन्तु प्रज्वलित होने पर स्वयं को प्रकाशित करता है और दूसरों को भी–

***पाएण पराहीणं दीवो व्व परप्पबोहयं जं च।***
***सुयनाणं तेण परप्पबोहणत्थं तदणुओगो॥***

–विशेषावश्यक भाष्य ८३९

दीपक की तरह श्रुतज्ञान भी परोपदेश से प्रकट होता है। प्रकट होने पर श्रुतज्ञान स्व को भी प्रकाशित करता है और दूसरों को प्रबोध देने में समर्थ होता है। इसलिए यह स्व-पर प्रकाशक है।

ज्ञान आत्मा का परिणाम है, जीव का गुण या लक्षण है। **उवओगलक्खणो जीवो**–(उत्तराध्ययनसूत्र) प्रत्येक जीव में चाहे वह मुक्त जीव है या संसारी जीव है; चाहे मनुष्य, देव, नारक, तिर्यंच और निगोद का जीव है, ज्ञान का कुछ न कुछ अंश उसमें विद्यमान रहता ही है। जिसमें ज्ञान (चेतना) नहीं है, वह जीव नहीं है।

**ज्ञातिः ज्ञानम्**–जानना ज्ञान है। जिससे जाना जाता है वह आत्मा है, जो आत्मा है वह भी ज्ञान है–**जेण वि जाणइ से आया। जे आया से विन्नाणे**–यह आगम वचन ज्ञान और आत्मा की एकात्मकता सिद्ध करता है। प्रश्न होता है, ज्ञान जब आत्मा का अभिन्न गुण है तो फिर उसके भेद क्यों किये गये? ज्ञान तो एक सम्पूर्ण सूर्यमण्डल है, उसका प्रकाश विभक्त नहीं किया जा सकता। फिर ज्ञान के मति, श्रुत आदि पाँच भेद किस कारण किये गये?

इसका उत्तर देते हुए नन्दीसूत्र में सूर्य और बादल का दृष्टान्त दिया है। सूर्य पर जब बादल आ जाते हैं तो उसकी प्रभा या प्रकाश आवृत्त हो जाता है। यदि बादल सघन होते हैं तो प्रकाश अधिक मात्रा में आवृत्त रहता है। जितने भाग में बादल ढँके रहते हैं उतना सूर्य का प्रकाश भी मन्द रहता है। इसी प्रकार आत्मा में ज्ञान की अनन्त सत्ता है, परन्तु मोह कर्म और ज्ञानावरणीय कर्म की सघनता के कारण जितना भाग आवृत्त रहता है, ज्ञान का प्रकाश उतना ही कम होता है। कर्मों के क्षयोपशम भाव की तरतमता के कारण ही ज्ञान शक्ति में अन्तर पड़ता है।

आत्मा में पूर्णतः प्रकाशित अनन्त ज्ञान केवलज्ञान कहलाता है। परन्तु जब तक वह ज्ञान-सूर्य समग्र रूप में प्रकाशित नहीं होता तब तक मतिज्ञानावरण के क्षयोपशम से मतिज्ञान, श्रुतज्ञानावरण के क्षयोपशम से श्रुतज्ञान की उपलब्धि होती रहती है। इसलिए ज्ञान मूलतः एक होने पर भी कर्मों के क्षयोपशम के कारण उसके पाँच भेद बताये हैं।

चूर्णिकार ने प्रश्न उठाया है कि सूत्र की आदि में पाँच ज्ञान का वर्णन क्यों किया है? जबकि इस सूत्र का विषय तो श्रुतज्ञान का वर्णन करना ही है। इसका समाधान भी चूर्णिकार ने दिया है-**विग्घोवसमणनिमित्तं आदीए मंगल परिग्गहं करेइ**-विघ्न की उपशान्ति के लिए आदि में 'मंगल' किया जाता है। जैसे-भाव मंगल के रूप में **'णमो अरिहंताणं'** पद का स्मरण किया जाता है। उसी प्रकार **णाणं पयासयरे**-ज्ञान समस्त भावों का प्रकाश करने वाला है; आत्म आनन्द प्रदाता होने से स्वयं मंगल रूप है। अतः ज्ञान को मंगल रूप मानकर यहाँ सर्वप्रथम पाँच प्रकार के ज्ञान का कथन है।

***पाँच ज्ञान का स्वरूप***

(१) **आभिनिबोधिक ज्ञान (मतिज्ञान)**-मन और इन्द्रियों की सहायता से जो बुद्धि, संवेदना और अनुभव रूप ज्ञान होता है वह आभिनिबोधिक ज्ञान है। इसे सामान्यतया मतिज्ञान कहते हैं।

(२) **श्रुतज्ञान**-बोले गये शब्द, ध्वनि या वचन द्वारा अर्थ रूप में ज्ञान होता है वह श्रुतज्ञान है। यद्यपि यह भी इन्द्रिय और मन की सहायता से ही होता है परन्तु इसमें चिन्तन व मनन की मुख्यता रहती है, अतः इसे बुद्धि अथवा मन की क्रिया माना है। इसके दो नियम हैं-(१) मतिपूर्वक, और (२) परोपदेश से। नन्दीसूत्र में बताया है-**पुव्वं सुयं न मइ सुयपुव्विआ** मतिज्ञान के बाद श्रुतज्ञान होता है तथा वह शब्द आदि सापेक्ष होता है। तत्त्वार्थ सूत्र (१/११) के अनुसार यह परोपदेश से होता है-**परोपदेशत्वाच्च श्रुतज्ञानम्**।

(३) **अवधिज्ञान**-इन्द्रिय और मन की सहायता के बिना केवल आत्मा द्वारा जो अर्थबोध होता है, वह अवधिज्ञान है। इसमें भी दो नियम हैं-(१) यह केवल रूपी पदार्थों को ही प्रत्यक्ष

जानता है, अरूपी को नहीं। (२) अपनी एक अवधि-सीमा के भीतर रहे पदार्थों को ही जान सकता है।

(४) **मनःपर्यवज्ञान**–मन वाले जीव संज्ञी जीव कहलाते हैं। संज्ञी जीवों के मनोभावों को, उनके चिन्तन रूप मनःपरिणामों को जानना मनःपर्यवज्ञान है।

(५) **केवलज्ञान**–समस्त ज्ञानावरणीय कर्मों के क्षय से आत्मा की सम्पूर्ण ज्ञान शक्ति का प्रकाश होने पर लोक–अलोकवर्ती समस्त ज्ञेय पदार्थों को उनकी त्रिकालवर्ती, गुण-पर्यायों को जानने वाला केवलज्ञान है।

मतिज्ञान और श्रुतज्ञान सभी संसारी प्राणियों को होता है।

अवधिज्ञान देव, नरक भूमि में जन्म के साथ तथा मनुष्य व तिर्यंचों में विशेष कर्मों के क्षयोपशम से होता है।

मनःपर्यवज्ञान केवल विशिष्ट तपस्वी श्रमणों को ही होता है।

केवलज्ञान वीतराग आत्मा के चार घनघाती कर्म क्षय होने पर होता है। केवलज्ञान में अन्य चारों ज्ञान का अस्तित्व स्वयं समाहित हो जाता है। *(पाँच ज्ञान का विस्तृत वर्णन सचित्र नन्दीसूत्र, पृष्ठ ७०-१८० देखें।)*

**Elaboration**—*Nandi Sutra* has discussed five types of knowledge in details (see *Illustrated Nandi Sutra*). In this *Anuyogadvar Sutra shrut-jnana*, the second of these five, has been discussed in greater detail. Of the five kinds of knowledge four—*abhinibodhik-jnana (mati-jnana), avadhi-jnana, manahparyav-jnana* and *Keval-jnana*—are non-vocal or non-lingual. Only *shrut-jnana* is vocal or lingual.

Basically knowledge is of two types—One is intuitive or cognitive and the other is linguistic or descriptive. Cognitive knowledge is beneficial to the individual who experiences it. But when it comes to benefitting others that cognitive knowledge turns into vocal knowledge. Non-lingual knowledge turns into linguistic knowledge. The self-oriented knowledge becomes other-oriented or beneficial to others.

*Mati-jnana, avadhi-jnana, manahparyav-jnana* and *Keval-jnana* have no connection with speech. Thus they are called non-

vocal, self-oriented or auto-experienced. *Shrut-jnana* is lingual. It is a subject of speech. Thus it is believed to be self-oriented as well as other-oriented.

*Shrut-jnana* means the knowledge that is heard or listened. That which is listened is *shrut (Nandi Sutra)*. That which is acquired by hearing utterance or discourse of others is called *shrut* or listened knowledge (*Visheshavashyak Bhashya* 98). When originally listened, this knowledge belongs to the self-oriented or auto-experienced category. But after that when this listened knowledge becomes vocal and expressed through speech it is meant for others or for the benefit of others. *Shrut-jnana* in lingual form is *dravya-shrut* (physical aspect of *shrut*) and that which is intuitive is *bhaava-shrut* (mental aspect of *shrut*).

Acharya Jinabhadra Gani has used lamp as an analogy for *shrut-jnana*. A lamp is dependent on others for its origin and emission of light but once lit it enlightens itself as well as others.

Like a lamp *shrut-jnana* is acquired through an act of edifying by others but once acquired it helps one enlighten himself, making him capable of enlightening others. Therefore it is self-enlightening as well as other-enlightening.

Knowledge is the activity of soul, an attribute of living being (*Uttaradhyayan Sutra*). Be it in liberated or worldly (human, god, hell-being, animal, and dormant) form, every soul possesses knowledge no matter in how minute a fraction it is. That which is devoid of knowledge or *chetana* (sentience or consciousness) is not a soul.

To know is knowledge. 'That which knows is soul and that which is soul is knowledge.' This statement from *Agam* is evidence of oneness of knowledge and soul. A question arises—When knowledge is the inherent essential attribute of soul why it has been divided into categories ? Knowledge is like the complete orb of the sun, its light cannot be divided. Then why has it been divided into five categories like *mati-jnana* and *shrut-jnana* ?

In reply *Nandi Sutra* gives an analogy of the sun and clouds. When the sun is covered by clouds, its light is obstructed. If the clouds are dense there is greater obstruction. Sunlight is reduced in the portion obstructed by clouds. In the same way the soul has infinite potency of knowledge but the denseness of deluding *karmas* and knowledge obstructing *karmas* veils the light of knowledge in the proportion it obstructs. There is a difference in the potency of knowledge depending on the ratio of destruction-cum-suppression of *karmas*.

The completely unveiled infinite knowledge of soul is called *keval-jnana*. But as long as that sun of light does not scintillate with all its radiance the process of acquiring *mati-jnana* and *shrut-jnana* through *kshayopasham* (destruction-cum-suppression) of *mati-jnanavarana* (sensory-knowledge obscuring) and *shrut-jnanavarana* (scriptural-knowledge obscuring) *karmas* respectively continues. For this reason five categories of knowledge have been defined although fundamentally it is singular.

The commentator *(Churni)* has raised another question that when the theme of the book is only *shrut-jnana*, why the book starts with a description of five kinds of knowledge ? He himself suggests the answer—In order to pacify the source of impediments while commencing a work, first of all an auspicious verse or word or symbol is written or uttered or placed. For example *'Namo Arihantanam'* is recited at the beginning. Knowledge is the destroyer of all *karmas*. As it is the source of bliss, it is auspicious. Therefore, considering knowledge to be auspicious its five categories have been stated at the beginning.

## DEFINITIONS OF FIVE KINDS OF KNOWLEDGE

**(1) *Abhinibodhik-jnana* or *Mati-jnana* (Sensory knowledge)**—The knowledge acquired by means of five sense organs and the mind in the form of wisdom, perception and experience is called *abhinibodhik-jnana*. It is popularly known as *mati-jnana*.

**(2) *Shrut-jnana* (Scriptural knowledge)**—The knowledge acquired by hearing sound, word or speech in the form of meaning is called *shrut-jnana.* Although this type of knowledge is also received with the help of sense organs and the mind, because of the larger involvement of the processes of thinking and contemplating it is primarily considered to be an activity of mind. There are two processes involved in acquiring this knowledge—(1) Through thinking, and (2) through edifying experience. It is stated in *Nandi Sutra* that *shrut-jnana* follows *mati-jnana* and it is word oriented. According to *Tattvarth Sutra* (1/11) it is taught by others.

**(3) *Avadhi-jnana* (Extra-sensory perception of the physical dimension)**—The knowledge acquired by the soul without the help of sense organs and mind is known as *avadhi-jnana.* It follows two rules—(1) Its capacity is to see and know only material things; the formless things are beyond its capacity. (2) It has the capacity to directly perceive material things only within certain defined parameters *(avadhi).*

**(4) *Manahparyav-jnana***—Beings endowed with mind are called *sanjni* or sentient. The knowledge that perceives and interprets transformations taking place within the mind of sentient beings in the form of thoughts and attitudes is known as *manahparyav-jnana.*

**(5) *Keval-jnana*—**The knowledge which comes with the total extinction of the *Jnanavaraniya Karma* is *keval-jnana.* It covers all attributes and modes of all things worth knowing, in the occupied and unoccupied space, in all the three sections of time.

All beings in the world possess *mati-jnana* and *shrut-jnana.*

The beings of the divine and infernal realms have *avadhi-jnana* since birth. Human beings and animals acquire it only as a consequence of *kshayopasham* (the process of extinction-cum-pacification) of specific *karmas.*

Only some ascetics practicing higher level of austerities acquire *manahparyav-jnana.*

*Keval-jnana* is acquired when the four intense vitiating *karmas* are destroyed. The other four kinds of *jnana* merge in *keval-jnana.* (for detailed description of five kinds of *jnana* see *Illustrated Nandi Sutra*, p. 70-180.)

*श्रुतज्ञान का महत्त्व*

**२. तत्थ चत्तारि ठाणाइं ठप्पाइं ठवणिज्जाइं, णो उद्दिस्संति, णो समुद्दिस्संति, णो अणुण्णविज्जंति।**

**सुयनाणस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ।**

२. उनमें चार ज्ञान (मतिज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यवज्ञान और केवलज्ञान) स्थाप्य हैं (प्रतिपादन में असमर्थ होने के कारण व्यवहार योग्य नहीं है अतः स्थापनीय या उपेक्षा करने योग्य है) उनका (गुरु द्वारा शिष्यों को) उद्देश-(पढ़ने की आज्ञा या विधि का कथन या उपदेश), **समुद्देश**-(पढ़े हुए ज्ञान को स्थिर रखने के लिए परिवर्तन का निर्देश), तथा **अनुज्ञा**-(दूसरों को पढ़ाने की आज्ञा) नहीं होती। किन्तु श्रुतज्ञान का उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग (व्याख्या) होता है।

**THE IMPORTANCE OF *SHRUT-JNANA***

**2.** Four out of these (*mati-jnana, avadhi-jnana, manahparyav-jnana* and *keval-jnana*) are only to be stabilized or ensconced (as they cannot be conveyed they are beyond propagation, therefore, they can only be ensconced thus conventionally avoidable). They are not permitted to be studied or preached (*uddesh*), to be revised and memorized (*samuddesh*), and to be taught (*anujna*). Only *shrut-jnana* is allowed to be studied or preached (*uddesh*), to be revised and memorized (*samuddesh*), and to be taught (*anujna*) as also to be subjected to disquisition or elaboration (*anuyoga*).

**विवेचन**-इस सूत्र की व्याख्या करते हुए चूर्णिकार कहते हैं-श्रुतज्ञान के सिवाय चारों ज्ञान केवल स्थाप्य हैं, अर्थात् इनका दूसरों के लिए कोई उपयोग नहीं होता। ये केवल

अनुभावात्मक ज्ञान है इसलिए ये स्थापना योग्य है। परन्तु श्रुतज्ञान शब्द व्यवहार में समर्थ है, परोपदेश में समर्थ है, शब्दात्मक है अतः वह लोकोपकारी है। उसके उद्देश आदि होते हैं। श्रुतज्ञान का विषय सबसे अधिक व्यापक है, गम्भीर है, अतः वह गुरु के उपदेश आदि की अपेक्षा रखता है।

**Elaboration**—Elaborating this aphorism the commentator (*Churni*) states—Besides *shrut-jnana* all the four kinds of *jnana* are only to be stabilized and ensconced. This means that they are of no use to others. These are subjects of self-experience and thus worth stabilizing only. But *shrut-jnana* can be used, can be preached to others, and is verbal. Thus it can be used for the benefit of people. It can be studied, revised and taught. The field of *shrut-jnana* is very wide and profound, therefore it requires teaching or preaching by a *guru*.

**पारिभाषिक शब्द**–**उद्देश**–सर्वप्रथम शास्त्र पढ़ने के लिए शिष्य गुरु से आज्ञा माँगता है। तब गुरु उपदेश या प्रेरणा देते हैं, मार्गदर्शन करते हैं। शास्त्र पाठ की विधि बताते हैं। यह उद्देश कहा जाता है।

**समुद्देश**–पढ़े हुए आगम का, श्रुतज्ञान का उच्चारण कैसे करना, कब करना, उसके हीनाक्षर आदि दोषों का परिहार करके बार-बार स्वाध्याय की प्रेरणा देना, ताकि पढ़ा हुआ श्रुतज्ञान स्थिर रह सके, यह समुद्देश है।

**अनुज्ञा**–पढ़े हुए श्रुतज्ञान को अपने हृदय में, स्मृति में, संस्कारबद्ध करके धारण करना और फिर दूसरों के उपकार के लिए उसका अध्ययन कराने की प्रेरणा देना अनुज्ञा है।

**अनुयोग**–पढ़े हुए श्रुतज्ञान को योग्य अर्थ के साथ जोड़कर उसकी अर्थ-संगति करना, उसकी व्याख्या करना अनुयोग है।

सूत्र अणुरूप अर्थात् संक्षिप्त होता है और अर्थ विस्तृत होता है। एक सूत्र के अनेक अर्थ हो सकते हैं। कहाँ पर कौन-सा अर्थ उपयुक्त है, इसका योग करना अनुयोग है। वृत्तिकार ने कहा है–

*निययाणुकूलो जोगो सुत्तत्थस्स जो य अणुओगो।*
*सुत्तं च अणु तेण जोगो अत्थस्स अणुओगो।।*

**–वृत्ति पत्र ७**

'अनु' अर्थात् नियत और निश्चित अर्थ को सूत्र अभिप्राय के साथ जोड़ना; 'योग करना'–अर्थात् सूत्रकार के आशय के अनुरूप उसके अर्थ की व्याख्या करना अनुयोग है।

अनुयोग के महत्त्व को समझाने के लिए टीकाकार हरिभद्रसूरि ने एक दृष्टान्त दिया है। एक ग्वाले के पास सफेद, काली, चितकबरी आदि अनेक रंग की गायें हैं और उनके बछड़े भी हैं। जब जिस गाय का दूध दुहना होता है, तब वह उसी गाय के बछड़े को उसके स्तनों से लगाता है, तो गाय दूध देने लगती है। यदि काली गाय के स्तनों से सफेद गाय का बछड़ा लगा देगा तो गाय दूध नहीं देगी। उसी प्रकार जिस सूत्र का जहाँ जो अर्थ या भाव समझना चाहिए, वहाँ उसी के अनुसार अर्थ का योग करना चाहिए। इसे अनुयोग कहा जाता है।

इस अनुयोगद्वारसूत्र का मूल विषय पढ़े हुए श्रुतज्ञान का शिक्षण देने एवं व्याख्या करने की योग्यता सिखाना है। इसलिए अनुयोगद्वार आगमज्ञान की व्याख्या पद्धति तथा शिक्षा की विधि का प्रतिपादन करने वाला शास्त्र है।


**Technical Terms—Uddesh—**First step in study of the canon is to seek permission to study scriptures from the teacher. Then the teacher preaches, inspires or gives directions and explains the procedure of reciting. This is called *uddesh* or consent to study.

**Samuddesh—**To instruct when to recite *Agam* or *shrut-jnana* that one has read; to correct the mistakes in text and pronunciation; and to advise to study again and again in order to fix it in memory is called *samuddesh.*

**Anujna—**To first memorize and understand the acquired *shrut-jnana* so that it can be instantaneously recalled; and then to advise and direct others to study the same for their benefit is called a*nujna.*

**Anuyoga—**To understand the read scriptures with the help of proper meaning of the words; to systematically analyze and elaborate the words and text is called *anuyoga* (disquisition).

An aphorism is brief or minute like an *anu* (atom) and meaning is detailed or extensive. One aphorism can have various meanings. To fit (*yoga*) the right meaning at right place is called *anuyoga.* The commentator (*Vritti*) states—to associate (*yoga*) the intended and prescribed meaning (*anu*) with the concept of an aphorism is *anuyoga.* In other words to elaborate an aphorism in consonance with the concept of the writer is *anuyoga.*


अनेक प्रकार की गायें
अनुकूल संयोग
गुरु द्वारा सूत्र–अर्थ का बोध

चित्र परिचय १

Illustration No. 1

# अनुयोग का अर्थ

सूत्र का उसके अनूकूल अर्थ के साथ योग करना अनुयोग है। जिस प्रकार किसी ग्वाले के पास सफेद, काली, पीली, चितकबरी अनेक रंगों की गायें हैं। उनके वैसे ही बछड़े हैं। दूध दुहने के समय जिस गाय का जो बछड़ा है उसी बछड़ें को गाय के स्तनों से लगाता है तो गाय दूध देने लगती है। यह अनुयोग का उदाहरण है। यदि काली गाय का बछड़ा सफेद गाय के स्तनों से लगा दिया तो गाय दूध नहीं देगी। इसे अन+अनुयोग समझना चाहिए।

इसी प्रकार शास्त्र या सूत्र के भाव के अनुसार अनुकूल अर्थ करते हुए गुरु शिष्यों को शास्त्र का रहस्य समझाते हैं कि किस सूत्र का क्या अर्थ है। इस प्रक्रिया का नाम अनुयोग है।

*–सूत्र २*

## MEANING OF ANUYOGA

To associate *(yoga)* the intended and prescribed meaning *(anu)* with the concept of an aphorism is *anuyoga*. In other words to elaborate an aphorism in consonance with the concept of the writer is *anuyoga* or disquisition. A cowherd has cows of many colours like white, black, and spotted. Each of them has a calf. When he wants to milk a cow he allows the calf of that particular cow to suckle and the cow yields milk. If he will use the calf of the black cow with the white cow it will not yield milk. This is *anu + yoga*.

In the same way a guru reveals the secrets of the scriptures to his disciples by giving appropriate meaning and elaborating an aphorism in consonance with the concept of the writer. This process is called *anuyoga*.

*—Sutra : 2*

To convey the importance of *anuyoga,* Haribhadrasuri the commentator (*Tika*) has cited an example. A cowherd has cows of many colours like white, black and spotted. Each of them has a calf. When he wants to milk a cow he allows the calf of that particular cow to suckle and the cow yields milk. If he will use the calf of the black cow with the white cow it will not yield milk. In the same way appropriate meaning or elaboration should be used with a specific aphorism to understand it correctly. This process is called *anuyoga.*

The basic theme of this *Anuyogadvar Sutra* is to impart to a person the proficiency to teach and elaborate the knowledge of scriptures he has read or studied. Thus *Anuyogadvar Sutra* is a scripture that defines the process of elaborating and teaching the knowledge contained in *Agams.*

**३. जइ सुयणाणस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ, किं अंगपविट्ठस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ ? अंगबाहिरस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ ?**

**अंगपविट्ठस्स वि उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ, अंगबाहिरस्स वि उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ।**

**इमं पुण पट्ठवणं पडुच्च अंगबाहिरस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो।**

३. **(प्रश्न)** यदि श्रुतज्ञान में उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग की प्रवृत्ति (प्रयोग) होती है, तो क्या वह उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग की प्रवृत्ति अंगप्रविष्ट श्रुत में होती है अथवा अंगबाह्य श्रुत में उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग की प्रवृत्ति होती है ?

**(उत्तर)** अंगप्रविष्ट (आचारांग आदि) श्रुत में उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग की प्रवृत्ति होती है, तथा अंगबाह्य श्रुत में भी उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग की प्रवृत्ति होती है।

(किन्तु) प्रस्तुत प्रस्थापना की दृष्टि से (हम वर्तमान में अंगबाह्य श्रुत की व्याख्या करना चाहते हैं, इस दृष्टि से) यहाँ अनंगप्रविष्ट (अंगबाह्य) श्रुत का उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा तथा अनुयोग करना हमारा अभीष्ट है।

**3. (Question)** If *shrut-jnana* is allowed to be studied or preached (*uddesh*), to be revised and memorized (*samuddesh*), and to be taught (*anujna*) as also to be subjected to disquisition or elaboration (*anuyoga*) then is only *Anga Pravishta Sutra* (the corpus of scriptures that is called the Twelve *Angas*) allowed to be studied or preached, to be revised and memorized, and to be taught as also to be subjected to disquisition or elaboration or is *Anga Bahya Sutra* (the corpus of scriptures that is called *Anga Bahya* or other than the twelve *Angaṣ*) also allowed to be studied or preached, to be revised and memorized, and to be taught as also to be subjected to disquisition or elaboration.

**(Answer)** *Anga Pravishta Shrut* (the corpus of scriptures that is called the Twelve *Angas*) is allowed to be studied or preached (*uddesh*), to be revised and memorized (*samuddesh*), and to be taught (*anujna*) as also to be subjected to disquisition or elaboration (*anuyoga*) and *Anga Bahya Shrut* (the corpus of scriptures that is called *Anga Bahya* or other than the twelve *Angas*) is also allowed to be studied or preached, to be revised and memorized, and to be taught as also to be subjected to disquisition or elaboration.

(But) In present context (as at present it is intended to discuss the *Anga Bahya Shrut*) the aim is to indulge in study or preaching (*uddesh*), revision and memorizing (*samuddesh*), teaching (*anujna*) and disquisition or elaboration (*anuyoga*) of *Anga Bahya Shrut*.

४. जइ अंगबाहिरस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ, किं कालियस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो ? उक्कालियस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो ?

कालियस्स वि उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो। उक्कालियस्स वि उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो।

इमं पुण पट्ठवणं पडुच्च उक्कालियस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो।

४. (प्रश्न) यदि अंगबाह्य श्रुत में भी उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा एवं अनुयोग की प्रवृत्ति होती है, तो क्या कालिक श्रुत में उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग की प्रवृत्ति है, अथवा उत्कालिक श्रुत में उद्देश आदि प्रवर्तमान होते हैं ?

(उत्तर) कालिक श्रुत में भी उद्देश आदि (चारों) की प्रवृत्ति होती है और उत्कालिक श्रुत में भी उद्देश आदि होते हैं।

अब यहाँ प्रस्तुत प्रस्थापना की दृष्टि से उत्कालिक श्रुत का उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग का प्रारम्भ/प्रवर्तन किया जाता है। *(कालिक तथा उत्कालिक श्रुत का विस्तृत वर्णन सचित्र नन्दीसूत्र, पृ. ३६८-३७६ में देखें।)*

**4. (Question)** If *Anga Bahya Shrut* is allowed to be studied or preached (*uddesh*), to be revised and memorized (*samuddesh*), and to be taught (*anujna*) as also to be subjected to disquisition or elaboration (*anuyoga*) then is *Kalika Shrut* (the scriptures that can be studied at specific time) allowed to be studied or preached, to be revised and memorized, and to be taught as also to be subjected to disquisition or elaboration or is *Utkalika Shrut* (the scriptures that can be studied at any time) also allowed to be studied or preached (*uddesh*), etc. ?

**(Answer)** *Kalika Shrut* (the scriptures that can be studied at specific time) is allowed to be studied or preached (*uddesh*), etc. and *Utkalika Shrut* (the scriptures that can be studied at any time) is also allowed to be studied or preached (*uddesh*), etc.

Now in present context we commence the study or preaching (*uddesh*), revision and memorizing (*samuddesh*), teaching (*anujna*) and disquisition or elaboration (*anuyoga*) of *Utkalika Shrut* (the scriptures that can be studied at any time). (for detailed discussion of *Kalika* and *Utkalika Shrut* refer to *Illustrated Nandi Sutra*, p. 368-376.)

५. जइ उक्कालियस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो ? किं आवस्सगस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो ? आवस्सगवइरित्तस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो ?

आवस्सगस्स वि उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो, आवस्सगवइरित्तस्स वि उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो।

इमं पुण पट्ठवणं पडुच्च आवस्सगस्स अणुओगो।

५. (प्रश्न) यदि उत्कालिक श्रुत के उद्देश, समुद्देश आदि होते हैं, तो क्या वे उद्देश आदि आवश्यक के होते हैं अथवा आवश्यक व्यतिरिक्त श्रुत (आवश्यकसूत्र से अन्य) उत्कालिक श्रुत के होते हैं?

(उत्तर) आवश्यकसूत्र का भी उद्देश आदि होता है और आवश्यक व्यतिरिक्त सूत्रों का भी उद्देश आदि होता है।

यहाँ प्रस्तुत में आवश्यकसूत्र का अनुयोग प्रारम्भ किया जाता है।

**5. (Question)** If *Utkalika Shrut* is allowed to be studied or preached (*uddesh*), to be revised and memorized (*samuddesh*), and to be taught (*anujna*) as also to be subjected to disquisition or elaboration (*anuyoga*) then is *Avashyak (Sutra)* (one of the books falling under the classification of *Utkalika Shrut*) allowed to be studied or preached (*uddesh*), etc. or is *Avashyak-vyatirikta Shrut* (books other than the said *Avashyak Sutra,* falling under the classification of *Utkalika Shrut*) also allowed to be studied or preached (*uddesh*), etc. ?

**(Answer)** *Avashyak Sutra* is allowed to be studied or preached (*uddesh*), etc. and *Avashyak-vyatirikta Sutras* are also allowed to be studied or preached (*uddesh*), etc.

Now in present context we commence the disquisition or elaboration (*anuyoga*) of *Avashyak Sutra.*

**विवेचन**–उक्त सूत्रों में यह स्पष्ट बताया है कि अंगप्रविष्ट श्रुत और अंगबाह्य श्रुत आदि सभी आगमों का अध्ययन करने में उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग का व्यवहार होता है, किन्तु फिर भी बाकी सबको छोड़कर यहाँ पर केवल आवश्यकसूत्र का ही अनुयोग करने का प्रारम्भ क्यों किया जा रहा है ?

चूर्णि एवं टीका आदि में इसका समाधान करते हुए कहा है–"श्रमणों की समस्त समाचारी का मूल आधार आवश्यकसूत्र है। इसलिए अन्य आगमों को छोड़कर इसी की व्याख्या को प्राथमिकता दी गई है।" आचार्य मलधारी ने इसी दृष्टि से कहा है–**तत्र श्रमणैः श्रावकैश्च उभय संध्यं अवश्यं करणादावश्यकं**–यह प्रत्येक श्रमण और श्रावक के लिए उभयकाल (प्रातः-सायं) अवश्य करणीय है, इसलिए इसे 'आवश्यक' कहा गया है। इसीलिए सबसे प्रथम इसकी व्याख्या की जाती है। *(आवश्यक के सम्बन्ध में विस्तार के लिए देखें, अनुयोगद्वार सूत्र हिन्दी टीका श्री ज्ञान मुनि, भाग १, पृ. १२३।)*

**Elaboration**—In the aforesaid aphorisms it has been clearly stated that in study of all *Agams* included in both *Anga Pravishta Shrut* and *Anga Bahya Shrut* the processes of studying or preaching (*uddesh*), revising and memorizing (*samuddesh*), teaching (*anujna*) as also subjecting to disquisition or elaboration (*anuyoga*) are employed. Then why, leaving all other scriptures, disquisition of only *Avashyak Sutra* is commenced here ?

Clarifying this the commentaries (*Churni, Tika,* etc.) state—"The basis of all ascetic-praxis is *Avashyak Sutra.* Therefore priority has been given to this book over all other *Agams.*" Confirming this view Acharya Maladhari has stated—As this (activities mentioned in this book) is obligatory or essential activity or conduct to be performed every morning and evening by every ascetic and *Shravak* (a householder who has accepted the religious code of conduct) it is named *'Avashyak'*. That is why it is discussed first of all. (for details about *Avashyak Sutra* see Commentary on *Anuyogadvar Sutra* by Shri Jnana Muni, part 1, p. 123.)

**६. जइ आवस्सयस्स अणुओगो आवस्सयण्णं किमंगं अंगाइं ? सुयक्खंधो सुयक्खंधा ? अज्झयणं अज्झयणाइं ? उद्देसगो उद्देसगा ?**

**आवस्सयण्णं णो अंगं णो अंगाइं, सुयक्खंधो णो सुयक्खंधा, णो अज्झयणं, अज्झयणाइं, णो उद्देसगो, णो उद्देसगा।**

६. **(प्रश्न)** यदि आवश्यक का अनुयोग (व्याख्या) करना है तो वह क्या एक अंग है अथवा अनेक अंग हैं? एक श्रुतस्कन्ध है या अनेक श्रुतस्कन्ध हैं? एक अध्ययन है अथवा अनेक अध्ययन हैं? एक उद्देशक है अथवा अनेक उद्देशक हैं?

**(उत्तर)** आवश्यक एक अंग नहीं है (अंगबाह्य है) और अनेक अंग भी नहीं हैं। एक श्रुतस्कन्ध है अनेक श्रुतस्कन्ध रूप नहीं हैं। एक अध्ययन नहीं है, अपितु अनेक (छह) अध्ययन रूप हैं। एक उद्देशक भी नहीं है, और अनेक उद्देशक भी नहीं हैं।

## ATTRIBUTION OF THE TERM *AVASHYAK*

**6. (Question)** If disquisition of *Avashyak (Sutra)* has to be done then is it one *Anga* or many *Angas* ? One *Shrutskandh* or many *Shrutskandhs* ? One *Adhyayan* or many *Adhyayans* ? One *Uddeshak* or many *Uddeshaks* ?

**(Answer)** *Avashyak* is neither one *Anga* (it is outside the *Anga* corpus) nor many *Angas* ? It is one *Shrutskandh* (book) not many *Shrutskandhs* ? It is not one *Adhyayan* (chapter) but many (six) *Adhyayans* ? It is neither one *Uddeshak* (section) nor many *Uddeshaks* ?

**विवेचन**—इस सूत्र में आठ प्रश्नों के माध्यम से आवश्यक सम्बन्धी जानकारी दी है—

**अंग**—तीर्थंकरों के द्वारा साक्षात् उपदिष्ट अर्थ को गणधरों द्वारा शब्द रूप में गुँथा हुआ श्रुत अंग कहलाता है। ग्यारह अंग प्रसिद्ध हैं।

**श्रुतस्कन्ध**—अनेक अध्ययनों का समूह, एक वृहत्काय खण्ड, पृथक् विषयों के विभाग को श्रुतस्कन्ध कहा जाता है। कुछ शास्त्र या सूत्र दो विभाग या दो श्रुतस्कन्ध के रूप में मिलते हैं।

अध्ययन–किसी विशिष्ट अर्थ के प्रतिपादक अंश को अध्ययन कहा जाता है। आगमों में अध्ययन, शतक, पद या स्थान ये चारों श्रुतस्कन्ध के उपविभाग के रूप में प्रसिद्ध हैं।

उद्देशक–एक अध्ययन के अनेक विषयों के छोटे-छोटे उपविभाग–उद्देशक कहे जाते हैं। इसको विपरीत क्रम से यों समझ सकते हैं–अनेक सूत्र, गाथा या श्लोकों के समूह को उद्देशक कहा जाता है। अनेक उद्देशकों का समूह अध्ययन, कई अध्ययनों का समुदाय श्रुतस्कन्ध और दो (अधिक भी) श्रुतस्कन्ध के समुदाय को शास्त्र कहा जाता है। वर्तमान में उपलब्ध आचारांग आदि किसी भी शास्त्र में दो से अधिक श्रुतस्कन्ध नहीं मिलते हैं। आवश्यकसूत्र के छह अध्ययन हैं–(१) सामायिक, (२) चतुर्विंशतिस्तव, (३) वन्दना, (४) प्रतिक्रमण, (५) कायोत्सर्ग, और (६) प्रत्याख्यान। जिनके विषय में आगे बताया जायेगा।

**Elaboration**—In this aphorism skeletal information about *Avashyak (Sutra)* has been mentioned with the help of eight questions—

**Anga**—The lingual compilation (*Shrut*), done by *Ganadhars,* of sermons (*Artha*) by *Tirthankars* in person is called *Anga.* The number of popularly known *Angas* is eleven.

**Shrutskandh**—A collection of chapters or a large section of a book with many different topics is called *Shrutskandh* or part. There are some scriptures or *Sutras* having two parts or *Shrutskandhs.*

**Adhyayan**—A section dealing with some specific topic is called an *Adhyayan* or a chapter. In *Agams* the popular names of sub-sections (chapters) of *Shrutskandh* are popularly known as—*Adhyayan, Shatak, Pad* and *Sthan.*

**Uddeshak**—Smaller sections on different topics within a chapter are called *Uddeshak.* In reverse order it can be explained as—a group of numerous aphorisms, verses or couplets is called a section (*Uddeshak*). A group of many such sections is called a chapter (*adhyayan*), a group of many chapters is called a part or volume (*shrutskandh*); and a group of two or more parts is called a scripture (*shastra*). In the available scriptures including *Acharanga* none has more than two *Shrutskandhs. Avashyak Sutra* has six chapters—(1) *Samayik,*

(2) *Chaturvinshatistava,* (3) *Vandana,* (4) *Pratikraman,* (5) *Kayotsarga,* and (6) *Pratyakhyan.* These will be discussed in due course.

*निक्षेप की सूचना*

**७. तम्हा आवस्सयं णिक्खिविस्सामि, सुयं णिक्खिविस्सामि, खंधं णिक्खिविस्सामि, अज्झयणं णिक्खिविस्सामि।**

७. इसलिए मैं यहाँ आवश्यक का निक्षेप करूँगा, श्रुत का निक्षेप करूँगा, स्कंध का निक्षेप करूँगा, अध्ययन का निक्षेप करूँगा।

**INFORMING ABOUT ATTRIBUTION OF TERMS LIKE *AVASHYAK***

**7.** Therefore I undertake *nikshep* (attribution) of *Avashyak,* attribution of *Shrut,* attribution of *Skandh,* and attribution of *Adhyayan.*

**८. जत्थ य जं जाणेज्जा णिक्खेवं णिक्खिवे णिरवसेसं।**
**जत्थ वि य न जाणेज्जा चउक्कयं निक्खिवे तत्थ॥१॥**

८. निक्षेप करने वाला जिस विषय पर, जितने निक्षेपों की जरूरत समझता हो, वहाँ उन सभी निक्षेपों का न्यास करना चाहिए। यदि निक्षेप्ता को सब निक्षेपों का ज्ञान न हो तो वहाँ कम से कम निक्षेप चतुष्टय (चार निक्षेप–नाम, स्थापना, द्रव्य, भाव) का निक्षेप तो करना चाहिए।

**8.** One should apply to a subject all required types of attributions known to him about the subject. Where he does not have the knowledge of all the *nikshep*s, he should at least apply the primary quartet of attributions (*naam, sthapana, dravya* and *bhaav*).

**विवेचन**–उक्त दो सूत्रों में निक्षेप करने की बात कही गई है। जैनदर्शन अनेकान्तवादी है, वह वस्तु के सत्य स्वरूप को समझाने के लिए, शब्द के यथार्थ समुचित अर्थ का ज्ञान कराने के लिए अनेक दृष्टियों से उसकी व्याख्या करता है। क्योंकि शब्द बहुत सीमित है और अर्थ असीम है। एक शब्द में अनेक अर्थ छिपे रहते हैं। कौन कहाँ पर कौन-सा अर्थ प्रकट करना

चाहता है और हमें कौन-सा अर्थ ग्रहण करना चाहिए इसका सम्यक् व्यवहार तभी हो सकता है जब हम निक्षेप दृष्टि से विचार करें।

जैनशास्त्रों में शब्दों की उपयुक्त और वांछित व्याख्या करने के लिए निक्षेप पद्धति का उपयोग किया गया है। निक्षेप पद्धति से 'भाषा' और 'भाव' के बीच उचित संगति बैठ सकती है।

आचार्यों ने निक्षेप की अनेक परिभाषाएँ और व्याख्याएँ की हैं। श्री जिनभद्रगणि ने बताया है–'नि' का अर्थ है–'नियत' और 'निश्चित'। 'क्षेप' का अर्थ है–न्यास करना। वक्ता शब्द द्वारा जिस भाव को प्रकट करना चाहता है, उस भाव को, उस शब्द में फिट करना, क्षेप अर्थात् 'न्यास' अथवा स्थापना करना 'निक्षेप' है। (विशेषावश्यक भाष्य, गाथा ९१२) 'निक्षेप' कम से कम चार प्रकार का होता है–नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव। अधिक की कोई सीमा नहीं है।

(१) **नाम-निक्षेप**–किसी वस्तु को पहचानने के लिए उसका कोई न कोई नाम या संज्ञा रखना नाम-निक्षेप है। जैसे किसी का नाम रख दिया–'महावीर' या 'भगवान'। उसमें महावीर या भगवान का कोई भी गुण नहीं है, किन्तु केवल उसकी पहचान या उसे पुकारने के लिए उसका नाम महावीर है। गुणहीन होने पर भी केवल पहचान मात्र के लिए नाम-निक्षेप की उपयोगिता है। किसी मूर्ख का नाम विद्यासागर रख देना, भिखारी को राजा कहना नाम-निक्षेप के उदाहरण हैं।

(२) **स्थापना-निक्षेप**–वस्तु की पहचान के लिए चित्र, मूर्ति या प्रतीक में उस नाम की स्थापना कर देना। किसी मूर्ति या चित्र को 'महावीर' नाम से स्थापित कर देना, यह स्थापना-निक्षेप है। नाटक के विविध पात्र विभिन्न वेशभूषा धारण करके राम, रावण का अभिनय करते हैं। यह स्थापना-निक्षेप है।

(३) **द्रव्य-निक्षेप**–बालक रूप महावीर को अथवा मोक्ष के बाद भगवान महावीर के निर्जीव शरीर को या 'महावीर' नामक किसी व्यक्ति की निर्जीव देह को 'महावीर' नाम से पहचानना, पुकारना। यह द्रव्य-निक्षेप है।

अतीत में जो कभी अध्यापक रहा है उसे 'गुरुजी' नाम से पुकारना या भविष्य में मंत्री बनने वाला है, उसे 'मंत्रीजी' कहना, यह सभी द्रव्य-निक्षेप में आते हैं। द्रव्य-निक्षेप के अनेक भेदोपभेद हैं–मुख्य तीन भेद इस प्रकार हैं–

(१) ज्ञ (ज्ञायक) शरीर,

(२) भव्य शरीर,

(३) तद्व्यतिरिक्त।

द्रव्य-निक्षेप, भाव-निक्षेप की पूर्व या पश्चात्वर्ती अवस्था विशेष है।

(४) भाव-निक्षेप–जो कष्टों को सहन करते हुए वास्तव में ही 'महावीर' बने हैं या वास्तविक महावीर जब साक्षात् विद्यमान थे, उन्हें 'भाव महावीर' कहना भाव-निक्षेप है। महावीर के गुणों से युक्त, गुण-सम्पन्न अवस्था को महावीर कहना, सेवा करते हुए को सेवक मानना, पढ़ाते हुए को अध्यापक कहना आदि भाव-निक्षेप के उदाहरण हैं। भाव-निक्षेप 'वर्तमान' को तथा 'गुण-सम्पन्नता' को महत्त्व देता है। इसके भी अनेक भेद हैं, जिनकी चर्चा यथा प्रसंग सूत्र ५३४ से आगे की जायेगी।

'निक्षेप' पद्धति तत्त्वज्ञान या शास्त्र समझने में जितनी उपयोगी है, व्यवहार में भी उतनी ही उपयोगी है। हम प्रतिदिन के व्यवहार में जाने-अनजाने इन चारों का उपयोग करते ही रहते हैं, इन्हीं चारों निक्षेपों के माध्यम से हम अपना इच्छित अभिप्राय दूसरों को समझा सकते हैं।

**Elaboration**—The aforesaid two aphorims inform about *nikshep* (attribution). Jain Philosophy is non-absolutistic. In order to explain the true form of a thing and to understand the true and comprehensive meaning of a word it defines that word from numerous viewpoints. Words are limited but their meanings are unlimited. There are numerous meanings concealed in a word. Who wants to convey what meaning at what place and which meaning should one accept can be comprehended correctly and precisely if we employ the process of attribution (*nikshep*).

In order to properly and appropriately interpret and elaborate words, Jain scriptures have employed the process of *nikshep* (attribution). Proper harmony between language and idea can be established with the use of this process.

*Acharyas* have given various interpretations and definitions of the term *nikshep*. Shri Jinabhadragani states—*'Ni'* means *niyat* (given) and *nischita* (particular). *'Kshepa'* means to install or attribute. To attribute the specific meaning a narrator desires to convey through a word to that particular word is called *nikshep* or attribution. (*Visheshavashyak Bhashya,* verse 912) Minimum number of types of *nikshep* (attribution) can be four—*naam* (name), *sthapana* (notional installation), *dravya* (physical


नाम निक्षेप
स्थापना निक्षेप
द्रव्य निक्षेप
भविष्य कालीन
भूत कालीन
भाव निक्षेप

| चित्र परिचय २ | Illustration No. 2 |
| --- | --- |

# चार प्रकार का निक्षेप

निक्षेप में शब्द मुख्य नहीं, अभिप्राय अथवा भाव मुख्य होता है। इसलिए इसे चार प्रकार से समझाया है। नाम, स्थापना द्रव्य और भाव निक्षेप। उदाहरण--

**नाम निक्षेप**--जैसे किसी एक दुबले-पतले साधारण गुणहीन व्यक्ति को 'महावीर' नाम से पुकारना।

**स्थापना निक्षेप**--किसी चित्र या प्रतिमा को 'महावीर' नाम से स्थापित कर देना।

**द्रव्य निक्षेप**--भविष्य में होने वाले या भूतकाल में हो चुके व्यक्ति को उसी नाम से पुकारना। जैसे बाल्य अवस्था में भी कुमार वर्द्धमान को, महावीर कहना या महावीर के निर्जीव शरीर को 'महावीर भगवान' कहना।

**भाव निक्षेप**--भयंकर परीषहों में क्षमा, धैर्य, सहनशीलता आदि गुणों से युक्त महावीर की वास्तविक गुण सम्पन्न अवस्था को 'महावीर' कहना।

*सूत्र ८-१०*

## FOUR TYPES OF NIKSHEP

In *nikshep* (attribution) word is not important. What is important is its meaning or the concept. Therefore it has been explained four ways—*nama* (name), *sthapana* (notional installation), *dravya* (physical aspect), *bhaava* (mental aspect or essence). Examples—

**Nama nikshep (name attribution)**—To call an emaciated, ordinary, and worthless person as Mahavir (very strong and brave).

**Sthapana nikshep (notional installation)**—To install a picture or an idol with the name Mahavir or as that of Mahavir.

**Dravya nikshep (physical aspect of attribution)**—To call a person belonging to some future or past time with the same name in the present also. To call prince Vardhaman even in his infancy or the lifeless body of Bhagavan Mahavir as 'Mahavir'.

***Bhaava nikshep*** **(essence attribution)**—To call (Bhagavan) Mahavir as *'Mahavir'* (one endowed with great courage) during his life time when he is in the state endowed with qualities of *'Mahavir'* displaying unprecedented endurance while facing grave afflictions.

*—Sutra : 8-10*

aspect), *bhaav* (mental aspect or essence). There is no limit to the maximum number of types of *nikshep.*

**(1) *Naam nikshep* (Name attribution)**—To give a name or assign a noun to a particular thing just for its identification is called name attribution. For example, some one is given a name Mahavir or Bhagavan. He has no qualities attributed to the words Mahavir or Bhagavan; it is simply for the convenience of calling him or identifying him that the name is given to him. Irrespective of the absence of specific qualities the usefulness of name attribution lies in identification of things. Some examples are—to call a weakling Hercules or to call an idiot Apollo.

**(2) *Sthapana nikshep* (Notional installation)**—To instal a specific and known name in a thing such as a picture, image or symbol so that it gets identified with that name. For example, an idol is installed with the name Mahavir or as that of Mahavir. Another example is roles of characters like Rama, Ravana, etc. in a drama played by actors wearing various dresses identified with those characters. This is notional installation.

**(3) *Dravya nikshep* (Physical aspect of attribution)**—To recognize or call the dead or lifeless body of Bhagavan Mahavir or some other person named Mahavir as 'Mahavir' even after his death is physical aspect of attribution. The lifeless body of Mahavir is physical or material Mahavir.

To call a person who used to teach in the past as 'teacher' or to call a person who is going to be a minister in future as 'minister' are also inclusive in this category. There are numerous categories and sub-categories of physical aspect of attribution; prominent out of these are three—

(1) *Jna Sharir* or *Jnayak Sharir* (a body that has acquired some thing).

(2) *Bhavya Sharir* (a body that has the potential of acquiring some thing).

(3) *Tadvaytirikta* (other than these two).

Thus physical aspect of attribution is a specific past or future state of essence attribution.

**(4) *Bhaav nikshep* (Essence attribution)**—To call a person who shows great courage while enduring afflictions as 'Mahavir' or to call (*Bhagavan*) Mahavir as 'Mahavir' (one endowed with great courage) during his life time is essence attribution. In other words it is to call the state having qualities of *mahavir* (one endowed with great courage) as 'Mahavir'. To accept one who serves as servant and to call one who teaches as teacher are examples of essence attribution. It lays emphasis on 'the present' and 'possession of attributes'. This is also of many types, which will be discussed in due course (Aphorism 534).

The method of attribution is as useful in context of the mundane as it is in context of understanding metaphysics or scriptures. Consciously or unconsciously we make use of these four kinds of attributions. Only with the help of these we convey our desires and ideas.

*आवश्यक के निक्षेप*

९. से किं तं आवस्सयं ?

**आवस्सयं चउव्विहं पण्णत्तं। तं जहा–(१) नामावस्सयं, (२) ठवणावस्सयं, (३) दव्वावस्सयं, (४) भावावस्सयं।**

९. (प्रश्न) आवश्यक क्या है ?

(उत्तर) आवश्यक चार प्रकार का है–(१) नाम आवश्यक, (२) स्थापना आवश्यक, (३) द्रव्य आवश्यक, तथा (४) भाव आवश्यक।

### ATTRIBUTIONS OF *AVASHYAK*

**9. (Question)** What is *Avashyak* ?

**(Answer)** *Avashyak* is of four types—(1) *Naam Avashyak*, (2) *Sthapana Avashyak*, (3) *Dravya Avashyak*, and (4) *Bhaav Avashyak*.

**विवेचन**-'आवश्यक' एक पारिभाषिक शब्द है। यों तो जो भी कार्य अवश्य करने योग्य होता है, वह सभी 'आवश्यक' कहा जाता है। जैसे-शौच, स्नान, भोजन, शयन आदि। परन्तु यहाँ पर इनसे कोई प्रयोजन नहीं है। यह अध्यात्मशास्त्र है, इसलिए आत्म-शुद्धि के लिए जो अवश्य करने योग्य क्रिया है उसे ही यहाँ आवश्यक कहा गया है-**अवश्यं कर्तव्यम् आवश्यकम्**-इसकी दूसरी परिभाषा यह है-**गुणानां आसमन्ताद् वश्यं आत्मानं करोतीत्यावश्यकम्**-जो दुर्गुणों को हटाकर आत्मा को गुणों के वश्य/अधीन करता है, अर्थात् सद्गुणों को अपने वश में करने की प्रक्रिया को आवश्यक कहा गया है। साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविकाओं को प्रतिदिन प्रातः-सायंकाल आत्म-शुद्धि के लिए जो क्रिया करनी होती है उसे 'आवश्यक' कहा है। उसके छह भेद हैं जिसे षडावश्यक कहा जाता है।

**Elaboration**—*'Avashyak'* is a technical term. The literal meaning of *avashyak* is essential or obligatory. All that has to be essentially or obligatorily performed is called *avashyak;* for example—excretion, bathing, eating, sleeping, etc. But here it conveys a different meaning. The subject of this book is spiritual. Therefore, the activities that are essential for purification of soul are called *avashyak* here. Another definition is—that which removes vices from soul and submits it to virtues is called *avashyak*. In other words the process of acquiring virtues is called *avashyak*. The obligatory acts to be performed by ascetics and laity every morning and evening with the purpose of purification of soul are called *avashyak*. As it is inclusive of six acts it is called *Shadavashyak* (sextet of six obligatory duties).

*(१) नाम आवश्यक*

**१०. से किं तं नामावस्सयं ?**

**नामावस्सयं जस्स णं जीवस्स वा अजीवस्स वा जीवाण वा अजीवाण वा तदुभयस्स वा तदुभयाण वा आवस्सए त्ति नामं कीरए। से तं नामावस्सयं।**

१०. **(प्रश्न)** नाम आवश्यक क्या है?

**(उत्तर)** जिस प्रकार जीव या अजीव का, जीवों या अजीवों का, जीव-अजीव दोनों (तदुभय) का, तथा जीवों-अजीवों दोनों का, 'आवश्यक' नाम रखना। यह नाम आवश्यक है।

(1) *NAAM AVASHYAK*

**10. (Question)** What is *naam avashyak* (*avashyak* as name)?

**(Answer)** To assign *avashyak* as a name to a living being, a non-living thing, many living beings, many non-living things, an aggregate of living and non-living, and many aggregates of living and non-living is called *naam avashyak* or *avashyak* as name.

*(२) स्थापना आवश्यक*

११. से किं तं ठवणावस्सयं ?

**जण्णं कट्ठकम्मे वा चित्तकम्मे वा पोत्थकम्मे वा लेप्पकम्मे वा गंथिमे वा वेढिमे वा पूरिमे वा संघाइमे वा अक्खे वा वराडए वा एगो वा अणेगा वा सब्भावठवणाए, असब्भावठवणाए वा आवस्सए त्ति ठवणा ठविज्जति। से तं ठवणावस्सयं।**

११. (प्रश्न) स्थापना आवश्यक क्या है?

(उत्तर) स्थापना आवश्यक का स्वरूप इस प्रकार है–काष्ठकर्म, चित्रकर्म, पुस्तककर्म, लेप्यकर्म, ग्रन्थिम, वेष्टिम, पूरिम, संघातिम, अक्ष अथवा वराटक (कौड़ी में) एक या अनेक सद्भाव स्थापना (वास्तविक आकृति) अथवा असद् भाव स्थापना (काल्पनिक आरोपण) के द्वारा आवश्यक (आवश्यक क्रिया करते हुए व्यक्ति) की जो स्थापना, रूपांकन या कल्पना की जाती है, वह स्थापना आवश्यक है।

(2) *STHAPANA AVASHYAK*

**11. (Question)** What is *sthapana avashyak* (*avashyak* as notional installation)?

**(Answer)** The notional installation or illustration or imagination of *avashyak* (an individual performing obligatory duties) in or through (things or medias like) wood work, painting, book or doll, clay moulding, fiber or cloth work, knit work or applique work, casting, combining many cloth pieces or flowers, blocks or dice made of fossils or

wood, and shells realistically or unrealistically is called *sthapana avashyak* (*avashyak* as notional installation).

**१२. नाम ट्ठवणाणं को पइविसेसो ?**

**नामं आवकहियं, ठवणा इत्तरिया वा होज्जा आवकहिया वा।**

१२. (**प्रश्न**) नाम और स्थापना में क्या भिन्नता है ?

(उत्तर) नाम यावत्कथिक (आजीवन) होता है, किन्तु स्थापना इत्वरिक (अल्पकालिक) और यावत्कथिक (यावज्जीवन) दोनों ही प्रकार की होती है।

**12. (Question)** What is the difference between *naam* and *sthapana avashyak* (*avashyak* as name and as notional installation) ?

**(Answer)** Name is life long whereas *sthapana* can be temporary as well as lifelong both.

**विवेचन**–किसी जीव या अजीव को पुकारने या पहचानने के लिए उसका 'आवश्यक' नाम रख देना नाम आवश्यक है। नाम एक संकेत मात्र होता है, जिससे हमारा दैनिक लोक-व्यवहार चलता है। नाम में उसके उपयुक्त गुण भी हों यह कोई जरूरी नहीं। नाम को यादृच्छिक (इच्छानुरूप) कहा है। नाम में मूल शब्द के अर्थ से कोई सीधा सम्बन्ध नहीं होता। किसी भी व्यक्ति का या किसी पुस्तक का 'आवश्यक' नाम रखा जा सकता है। इसे नाम आवश्यक कहा गया है।

किसी पदार्थ का नामकरण करने के पश्चात् यह वही है, उस अभिप्राय से उसकी व्यवस्थापना करने का नाम स्थापना है। जैसे इन्द्र नामक व्यक्ति विशेष की यह आकृति (चित्र, मूर्ति आदि) है, इस कल्पना का आरोपण करना स्थापना है।

स्थापना में मूल शब्द का गुण या भाव नहीं होता, केवल कल्पित आकृति मात्र होती है।

आचार्य हरिभद्र तथा मलधारी हेमचन्द्रसूरि ने वृत्ति में इसके दो भेद किये हैं–(१) **सद्भाव स्थापना**–विवक्षित (जो हम कहना चाहते हैं) उस वस्तु के समान आकृति वाली स्थापना, तथा (२) **असद्भाव स्थापना**–मुख्य आकार से शून्य कल्पित आकृति असद्भाव स्थापना है।

नाम आजीवन के लिए होता है अतः वह **यावत्कथित**–जब तक वह वस्तु रहे तब तक यावज्जीवन के लिए होता है, जबकि स्थापना **इत्वरिक**–कुछ समय विशेष के लिए या

अल्पकाल के लिए भी होती है और यावत्कथित भी होती है। दोनों में यह एक मुख्य भेद है। वृत्तिकार का कथन है–यद्यपि कभी-कभी नाम भी अल्पकालिक हो सकता है, नाम भी बदल लिया जाता है, परन्तु नाम बदलने पर भी नाम वाला पदार्थ या व्यक्ति सुरक्षित रहता है, इस अपेक्षा से उसे यावत्कथित कहा गया है। (वृत्ति पत्र १३-१४)

दूसरा भेद यह है कि स्थापना–आकृति देखने से वस्तु के प्रति जो आदर, अनादर, हर्ष, उल्लास आदि का भाव प्रकट होता है, वैसा नाम सुनने से नहीं होता इसलिए 'नाम' से 'स्थापना' अधिक प्रभावोत्पादक होती है। जैसे 'भगवान' नाम सुनने से इतना उल्लास उत्पन्न नहीं होता, जितना 'भगवान' की आकृति, मूर्ति या चित्र देखने से होता है। नाम में पहचान मुख्य होती है, स्थापना में आकार के प्रति भावना प्रधान होती है। दोनों ही गुण शून्य होते हैं। (राजवार्त्तिक १/५/१३/२९/२५)

**Elaboration**—To give the name *'avashyak'* to a living being or non-living thing for the sake of calling it or identifying it is called *avashyak* as name. Name is just a formal identity for routine social convenience. It is not necessary that the name is inclusive of the attributes of the thing. Name is said to be an arbitrary thing and there is no direct relationship with the meaning of the word. Any person or a book can be named *Avashyak*. This is said to be *avashyak* as name.

After giving a name to a particular thing the act of installing it with the notion that it is what it has been named is called *sthapana*. For example—this image (picture, idol, etc.) is of a particular individual named Indra. To instal this notion in the image is called *sthapana*.

In *sthapana* it is not necessary to have the meaning or essence of the word (name). It is just an imaginary shape.

Acharya Haribhadra and Maladhari Hemachandra Suri have stated two types of this—(1) *Sadbhaav sthapana* or installation of realistic image of a thing, and (2) *Asadbhaav sthapana* or installation of imaginary or unrealistic image of a thing.

Name is for the whole life therefore it is *yavatkathit* (as long as the thing exists or lifelong), whereas *sthapana* can be *itvarik* (for a specific period of time or temporary) as well as *yavatkathit*

(lifelong). This is the main difference between the two. The commentator (*Vritti*) states—Although name can also be temporary because it is also changed, however, in spite of the change in name the thing or person remains the same. Keeping this in view it is called lifelong. (*Vritti* leaf 13-14)

Another difference between the two is that the respect, disrespect, joy, excitement and other feelings inspired by an image are absent in mere name. Thus installation is more effective than name. For example hearing the word God does not inspire such joy as that inspired by seeing an image, picture, or idol of God. Name is just for identification whereas installation includes feelings towards the image. However, both are devoid of actual attributes. (*Raja Varttik* 1/5/13/29/25)

**विशेष शब्दों के अर्थ**–(१) **कट्ठ कम्मे (काष्ठ कर्म)**–काठ या लकड़ी में उकेरी गई आकृति। प्राचीनकाल में इन्द्र, स्कन्द, मुकुन्द आदि की प्रतिमाएँ काठ की बनती थीं।

(२) **चित्त कम्मे (चित्र कर्म)**–कागज या दीवार पर चित्रित आकृति।

(३) **पोत्थ कम्मे (पुस्तकर्म)**–कपड़े या ताड़-पत्र आदि पर अंकित आकृति या छेद कर बनाये गये आकार या कपड़े की बनी पुतली आदि। कुछ विद्वानों का मत है–'पुस्त' शब्द पहलवी भाषा का है, जिसका अर्थ है–चमड़ा। प्राचीनकाल में चमड़े के चित्र बनते थे व चमड़े पर ग्रन्थ भी लिखे जाते थे। (अनुयोगद्वार, आचार्य महाप्रज्ञ, पृ. १९)

(४) **लेप्पकम्मे (लेप्य कर्म)**–गीली मिट्टी आदि के लेप से बनी आकृति।

(५) **गन्थिमे (ग्रन्थिम)**–वस्त्र, रस्सी या सूत, धागे आदि को गूँथकर उसमें गाँठें डालकर बनाई गई आकृति। सूत की माला, जाली आदि प्राचीन समय में भी बनती थी। जिसका उल्लेख आचार्य हरिभद्र ने किया है।

(६) **वेढिमे (वेष्टिम)**–एक, दो या अनेक वस्त्र खण्डों को लपेटकर बनाई गई आकृति, जैसे–पुतली। फूलों को गूँथकर बनी आकृति भी वेष्टिम कही जाती थी। (मलधारी वृत्ति, पृ. १२)

(७) **पूरिमे (पूरिम)**–गर्म ताँबे, पीतल आदि धातुओं को साँचे में ढालकर भरकर बनाई गई आकृति।

(८) **संघाइमे (संघातिम)**–अनेक वस्त्र खण्डों व फूलों को साँधकर, जोड़कर बनाई आकृति।

(९) **अक्खे (अक्ष)**–चौपड़ के पाँसे आदि से बनी आकृति।

(१०) वराडए (वराटक)—कौड़ी, शंख आदि वस्तुओं से निर्मित आकृति।

ये सभी असद्भाव (अतदाकार) स्थापना के उदाहरण हैं।

**Technical Terms—(1) Kattha kamme (kashtha karma)**—Wood work; a shape or design carved or engraved in wood. In ancient times images of deities like Indra, Skanda, Mukunda, etc. were made of wood.

**(2) Chitta kamme (chitra karma)**—Painting; image or design painted on paper or wall.

**(3) Pottha kamme (pust karma)**—Images drawn or made by making perforations with needle on cloth, palm leaf or other surface; also dolls made of cloth. Some scholars are of the opinion that *'pust'* is a word from Pahalvi language and it means leather. In ancient times painting was done and books were written on leather. (*Anuyogadvar,* Acharya Mahaprajna, p. 19)

**(4) Lepya kamme (lepya karma)**—Images made by plastering or moulding damp clay.

**(5) Ganthime (granthim or made by stringing)**—Things or designs such as garland, net, wall hanging, etc. made by stringing or knitting or knotting cloth, cord or thread. As mentioned by Acharya Haribhadra such things were popular in ancient times also.

**(6) Vedhime (veshtim or made by wrapping)**—Things made by wrapping one or more pieces of cloth, such as dolls. Things made by entwining flowers were also called veshtim. (Maladhari's *Vritti,* p. 12)


**(7) Purime (purim made by filling or pouring)**—Images made by casting molten metal like copper and brass in a mould.

**(8) Sanghaime (sanghatim made by interweaving or entwining)**—Things made by entwining one or more pieces of cloth or flowers, such as dolls.

**(9) Akkhe (aksha)**—Blocks or dices made of fossils or wood.

# स्थापना के दस भेद

# TEN TYPES OF REPRESENTATION (STHAPANA)



चित्र परिचय ३

Illustration No. 3

# स्थापना के दस भेद

आकृतियों में किसी वस्तु या व्यक्ति विशेष नाम की स्थापना करना स्थापना निक्षेप समझना चाहिए। इसके अनेक भेद हैं। जैसे–

(१) **काष्ठ कर्म**–काठ में इन्द्र स्कन्द आदि किसी की कल्पित आकृति स्थापित करना।

(२) **चित्र कर्म**--चित्र में लक्ष्मी, सरस्वती आदि किसी आकृति की स्थापना करना।

(३) **पुस्तकर्म**–कपड़े की पुतली या ताड़पत्र आदि पर लिखित पुस्तक व चित्र आदि।

(४) **लेप्य कर्म**–मिट्टी आदि के लेपसे निर्मित प्रतिमा या दीवार पर सोंधिया, पहरेदार आदि के चित्र।

(५) **ग्रंथिम कर्म**–वस्त्र, रस्सी या धागे आदि में गाँठे डालकर माला वृषभ आदि की कोई आकृति बनाना।

(६) **वेष्टिम कर्म**–फूलों से गूँथकर हाथी आदि कोई आकृति बनाना।

(७) **पूरिम**–पीतल, चाँदी, चूना, प्लास्टर आदि की प्रतिमा जो भीतर से पोली होती है।

(८) **संघातिम**–वस्त्र के छोटे-छोटे रंग-बिरंगे टुकड़ों को जोड़कर मनुष्य आदि की बनाई हुई आकृति।

(९) **अक्ष कर्म**–पासों या मोहरों से बनी आकृति।

(१०) **वराटक**–कौड़ी या, सीप शंख आदि से बनी आकृति।

*–सूत्र १०*

# TEN TYPES OF STHAPANA

The unrealistic notional installations of some specific thing or person in some images is called *sthapana nikshep*. This is done through many medias like—

**(1) Kast karma (wood work)**—An imaginary form of deities like Indra and Skanda made of wood.

**(2) Chitra karma (painting)**—Image of Lakshmi, Sarasvati, or other deities painted on paper or other surface.

**(3) Pusta karma**—Dolls made of cloth; text or images written or drawn on, palm-leaf, or other surfaces.

**(4) Lepya karma**—Images made by plastering or moulding damp clay; also frescoes painted on walls.

**(5) Granthim (made by stringing)**—Garlands or shapes like a bull made by knitting or knotting cloth, cord, or thread.

**(6) *Veshtim* (entwining)**—Things, such as shape of an elephant, made by entwining flowers.

**(7) *Purim* (made by filling or pouring)**—Hollow images made of brass, silver, lime-mortar, plaster, etc.

**(8) *Sanghatim* (made by interweaving or entwining)**—Human or other form made by entwining or joining multicolored pieces of cloth.

**(9) Aksha karma**—Images made of blocks or dices.

**(10) Varatak**—Images made of shells like *kaudi* and conch shells.

*—Sutra : 10*

**(10) Varadaye (varatak)**—Things made of shells like *kaudi* and conch shells.

All these are examples of unrealistic notional installations.

*(३) द्रव्य आवश्यक*

**१३. से किं तं दव्वावस्सयं ?**

**दव्वावस्सयं दुविहं पण्णत्तं। तं जहा—१ आगमतो य २ णो आगमतो य।**

१३. (प्रश्न) द्रव्य आवश्यक किसे कहते हैं ?

(उत्तर) द्रव्य आवश्यक दो प्रकार का है—(१) आगमतः (ज्ञान की अपेक्षा से), और (२) नो-आगमतः (मात्र क्रिया की अपेक्षा) से।

**(3) *DRAVYA AVASHYAK***
**(PHYSICAL ASPECT OF *AVASHYAK*)**

**13. (Question)** What is *dravya avashyak* (physical aspect of *avashyak*) ?

**(Answer)** *Dravya avashyak* (physical aspect of *avashyak*) is of two kinds—(1) *Agamatah dravya avashyak* (physical aspect of *avashyak* in context of *Agam* or in context of knowledge), and (2) *No-Agamatah dravya avashyak* (physical aspect of *avashyak* not in context of *Agam* or only in context of action).

**विवेचन**—द्रव्य शब्द के अनेक अर्थ हैं। वृत्तिकार के अनुसार यहाँ द्रव्य शब्द का अर्थ है, जो भूतकालीन और भविष्यकालीन भावों/दशाओं का मूल कारण होता है उसे द्रव्य कहा है। वह चेतन या अचेतन दोनों प्रकार का होता है। जैसे—

*भूतस्य भाविनो वा भावस्य हि कारणं तु यल्लोके।*
*तद् द्रव्यं तत्त्वज्ञैः स चेतनाऽचेतनं कथितम्॥*

उदाहरण के रूप में भविष्य में होने वाले जिन भगवान का जीव छद्मस्थ अवस्था में भी 'जिन' कहा जाता है तथा जिनेश्वर देव की निष्प्राण देह भी 'जिन' कही जाती है। तत्त्व दृष्टि से यह दोनों ही 'द्रव्य जिन' हैं। (पंचाध्यायी पूर्वार्द्ध)

(१) **आगमतः द्रव्य आवश्यक**—जो आगम का ज्ञाता है, आगम का अर्थ जानता है, परन्तु वर्तमान काल में आगम के अर्थ में उपयोग शून्य है, वह आगमतः द्रव्य आवश्यक कहा जाता है।

(२) **नो-आगमतः द्रव्य आवश्यक**—आगम को जानने वाले व्यक्ति का शरीर (मृत अवस्था में) आगम का ज्ञाता नहीं रहता, वह नो-आगमतः द्रव्य आवश्यक है। यहाँ पर 'नो' शब्द कहीं पर पूर्ण निषेध का वाचक है और कहीं एक आंशिक निषेध में प्रयुक्त हुआ है। (विशेषावश्यक भाष्य, गा. २९/४४-४५)

**Elaboration**—The term *dravya* has many meanings. According to the commentator (*Vritti*) here it has been used to indicate that which is the basic cause of past and future states. It can be both conscious and non-conscious. For example the body of the person destined to be a Jina is called Jina even before enlightenment. Also the lifeless body of the Jina even after his *nirvana* is called Jina. Ontologically these two are *dravya*-Jina or physical aspect of Jina. (*Panchadhyayi,* first part)

**(1) Agamatah dravya avashyak**—A person who has studied and understands *Agam* but is unable to recall it or put it to any use at present is called physical aspect of *avashyak* in context of *Agam* or physical *avashyak* with scriptural knowledge.

**(2) No-agamatah dravya avashyak**—The lifeless body of a scholar of *Agams,* when he is dead, is devoid of the knowledge of *Agam.* It is called physical aspect of *no-avashyak* in context of *Agam* or physical *avashyak* without scriptural knowledge. The word '*no*' has been used both for complete as well as partial negation. (*Visheshavashyak Bhashya,* verse 29/44-45)

*(१) आगमतः द्रव्य आवश्यक*

१४. से किं तं आगमतो दव्वावस्सयं ?

**आगमतो दव्वावस्सयं जस्स णं आवस्सए ति पदं सिक्खितं ठितं जितं मितं परिजितं णामसमं घोससमं अहीणक्खरं अणच्चक्खरं अव्वाइद्धक्खरं अक्खलियं अमिलियं अवच्चामेलियं पडिपुण्णं पडिपुण्णघोसं कंठोट्ठविप्पमुक्कं गुरुवायणोवगयं। से णं तत्थ वायणाए पुच्छणाए परियट्टणाए धम्मकहाए, णो अणुप्पेहाए। कम्हा ? "अणुवओगो दव्व" मिति कट्टु।**

१४. **(प्रश्न)** आगमतः द्रव्य आवश्यक किसे कहते हैं ?

**(उत्तर)** आगम से द्रव्य आवश्यक का स्वरूप इस प्रकार है–जिस (श्रमण) ने आवश्यक पद **शिक्षित**–सीख लिया है। **ठित**–(हृदय में) स्थिर कर लिया है। **जित**–स्मृति में धारण कर लिया है। **मित**–श्लोक, पद आदि की संख्या से भलीभाँति अभ्यास कर लिया है। **परिजित**–आनुपूर्वी-अनानुपूर्वीपूर्वक परावर्तित कर लिया है। **नामसमं**–अपने नाम के समान याद कर लिया है। **घोषसमं**–उदात्त-अनुदात्त स्वरों के अनुरूप उच्चारण किया है। **अहीणक्खरं**–अक्षरों की हीनतारहित। **अनत्यक्षर**–अक्षरों की अधिकतारहित। **अव्याविद्धाक्षर**–व्यतिक्रमरहित, उच्चारण किया है। **अस्खलित**–बीच-बीच में विराम दिये बिना अथवा अक्षरों को छोड़े बिना धारा-प्रवाह। **अमीलित**-दूसरे पदों को बिना मिलाये अमिश्रित उच्चारण किया है। **अव्यत्याम्रेड़ित**–एक ही शास्त्र के भिन्न-भिन्न सूत्रों को एकत्रित करके पाठ नहीं किया है। **प्रतिपूर्ण, प्रतिपूर्णघोषयुक्त,** कण्ठ और होठ से निकला हुआ तथा जिसे गुरु वाचना से प्राप्त किया गया है, वह आवश्यक पद के अध्ययन, प्रश्न, परावर्तन और धर्मकथा में प्रवृत्त होता है, तब आगमतः द्रव्य आवश्यक है। किन्तु वह **अनुप्रेक्षा**–अर्थ के अनुचिन्तन रूप उपयोग से शून्य होता है इसलिए उस चित्त की प्रवृत्ति से शून्य को आगमतः द्रव्य आवश्यक कहा है। क्योंकि अनुप्रेक्षारहित उपयोगशून्य क्रिया द्रव्य है।

(1) AGAMATAH DRAVYA AVASHYAK

**14. (Question)** What is *agamatah dravya avashyak* (physical *avashyak* with scriptural knowledge) ?

**(Answer)** Physical *avashyak* in context of *Agam* is like this—(For instance) a person (an ascetic) has studied properly (*shikshit*); understood and absorbed (*thit*); retained in mind (*jit*); made assessment in terms of number of verses, words, syllables, etc. (*mit*); perfected by revising in normal and reverse sequence (*parijit*); committed to memory as firmly as one's own name (*naamsamam*) the text of *Avashyak (Sutra)* and recited it fluently with phonetic perfection (*ghoshasamam*) without shortening syllables (*ahinaksharam*); without extending syllables (*anatyakshar*),

without shifting syllables (*avyaviddhakshar*); and without skipping syllables (*askhalit*); without mixing up of different phrases (*amilit*); and without combining different phrases and aphorisms (*avyatyamredit*). When such person proceeds to study, inquire into, revise and teach this *Avashyak Sutra* acquired through the discourse of the *guru* (*guruvachanopagat*) emanating from vocal cords and lips (*kanthoshtavipramukta*) and rendered eloquently (*pratipurna*) in perfect accent (*pratipurnaghosh*), he is known as physical *avashyak* in context of *Agam*. This is so due to the fact that he is devoid of the faculty of contemplating the meaning (spirit) of the text and any action devoid of the faculty of contemplating is only physical (*dravya*).

**विवेचन**–इस सूत्र में आगमतः द्रव्य आवश्यक के सत्रह विशेषण उसकी पूर्ण शुद्धि के सूचक हैं। जैसे–

(१) **सिक्खितं (शिक्षित)**–आदि से अन्त तक पूर्ण रूप से पढ़ लिया है।

(२) **ठितं (ठित)**–स्मृति में अच्छी प्रकार जमा लिया है।

(३) **जितं (जित)**–उस पाठ को इतना स्थिर कर लिया है कि पुनरावर्तन के समय तुरन्त स्मृति में आ जाये।

(४) **मितं (मित)**–सीखे हुए ग्रन्थ का श्लोक, पद, वर्ण, मात्रा आदि से भली प्रकार निर्धारण कर लिया है।

(५) **परिजितं (परिजित)**–ग्रंथ का पाठ इतना पक्का जमा लिया है कि उसे क्रम या व्युत्क्रम किसी प्रकार पूछने पर तत्काल दुहरा सकता है।

(६) **णामसमं (नामसम)**–अपने नाम की तरह ग्रन्थ के प्रत्येक भाग को याद रखना।

ये छह विशेषण आगम पाठ कण्ठस्थ करने की प्राचीन पद्धति के सूचक हैं। अगले विशेषण उच्चारण-शुद्धि से सम्बन्धित हैं–

(७) **घोससमं (घोषसम)**–गुरु से सूत्र ग्रहण करते समय उदात्त, अनुदात्त स्वरों का आरोह, अवरोहपूर्वक उच्चारण करना। ध्वनि विज्ञान में उसे ही रीजिंग-फौलिंग टोन कहते हैं।

(८)–(९) **अहीणक्खरं** (अहीनाक्षर) **तथा अणच्चक्खरं** (अन्त्यक्षर)–हीन व अधिक अक्षर-दोषों से रहित सूत्र का उच्चारण करना। क्योंकि आगम पाठ का एक अक्षर कम होने पर वांछित अर्थ का ज्ञान नहीं हो सकता। उसी प्रकार उसमें अधिक अक्षर जोड़ देने पर अर्थ का अनर्थ भी हो सकता है। टीकाकार ने दो दृष्टान्त देकर इसे स्पष्ट किया है–

*हीनाक्षर दोष का उदाहरण*

(१) राजगृह नगर में भगवान महावीर स्वामी का प्रवचन समाप्त होने पर जब श्रेणिक राजा मंत्री अभयकुमार के साथ अपने राजमहल को वापस लौटने वाले थे, तभी उन्होंने आकाश से नीचे गिरते और पुनः आकाश में उड़ते एक विद्याधर को देखा। भगवान महावीर से उन्होंने विद्याधर के बार-बार ऐसी चेष्टा करने का कारण पूछा तो उन्होंने फरमाया–"यह विद्याधर आकाशगामिनी विद्या की साधना कर रहा है, परन्तु यह अपनी साधना में विद्या का एक अक्षर भूल गया है। इसी कारण उसकी यह विद्या सिद्ध नहीं हो रही है और वह पंख कटे पक्षी की तरह आकाश में उड़कर वापस नीचे गिर जाता है।" महामंत्री अभयकुमार के पास पदानुसारिणी लब्धि थी। वे उस लब्धि के प्रभाव से किसी भी बात के एक पद (अक्षर) को सुनकर अन्य सभी अक्षरों (पदों) को जान लेने की शक्ति रखते थे। अतः भगवान की बात सुनते ही अभयकुमार तुरन्त उस विद्याधर के पास आये और बोले–"भाई विद्याधर ! यदि तुम मुझे यह आकाशगामिनी विद्या सुना दो तो मैं अपनी लब्धि के प्रभाव से तुम्हें विद्या के विस्मृत अक्षर को बता सकता हूँ।" इस पर विद्याधर अभयकुमार की बात पर सहमत हो गया। उसने अभयकुमार को अपनी आकाशगामिनी विद्या का मंत्र सुनाया। मंत्र सुनते ही पदानुसारिणी लब्धि के बल पर अभयकुमार ने मंत्र का विस्मृत अक्षर बता दिया। इस बार मंत्रोच्चारण के समय अक्षर पूर्ण होने से वह विद्याधर उक्त विद्या के प्रभाव से आकाश में निर्विघ्नतापूर्वक उड़ गया।

इस कथा से यह स्पष्ट है कि मंत्र में एक भी अक्षर कम हो तो ज्ञान लाभकारी नहीं होता है। जब भौतिक मंत्रों में भी एक अक्षर की न्यूनता क्षम्य या अभीष्ट नहीं है तो लोकोत्तर महामंत्र रूप शास्त्र-पाठ में एक भी अक्षर की हीनता कैसे क्षम्य हो सकती है? अतः शास्त्र-पाठ हीनाक्षर युक्त नहीं होना चाहिए। अहीनाक्षर शास्त्र ही परम साध्य मोक्ष रूप फल को प्राप्त करा सकता है। (**हारिभद्रीया वृत्ति, पृ. ४० मु. जं.**) इस प्रसंग में–विशेषावश्यक भाष्य, गाथा ८६४ में कहा है–

*विज्जाहररायगिहे उप्पप्पडणं च हीणदोसेण।*
*कहणो सरणागमणं पयाणुसारिस्स दाणं च॥*

अधिक अक्षर से क्या हानि है ? इसे वृत्तिकार निम्न दृष्टान्त द्वारा समझाते हैं–

(२) पाटलीपुत्र नगर में मौर्य वंश में उत्पन्न सम्राट् अशोक राज्य करता था। अशोक को अपनी रानी से एक पुत्र हुआ था, जिसका नाम कुणाल था। कुछ समय के बाद ही राजकुमार कुणाल को उज्जयिनी भेज दिया गया। राजकुमार कुणाल उज्जयिनी में रहते-रहते जब आठ वर्ष का हुआ, तब एक सन्देशवाहक द्वारा राजा को खबर मिली कि आपका राजकुमार अब आठ साल का हो गया है। ये समाचार जानकर सम्राट् अशोक ने राजमहल में बैठे-बैठे ही अपने हाथ से एक पत्र लिखा। जिसमें लिखा कि "**इदानीमधीयतां कुमारः।**" (कुमार अब अध्ययन करें)। परन्तु राजा उस पत्र को लिफाफे में बन्द किये बिना वहीं छोड़कर किसी आवश्यक कार्यवश वहाँ से चले गये। वहाँ जो दूसरी रानी तिष्यरक्षिता खड़ी थी, उसने अवसर पाकर वह पत्र उठाकर पढ़ा। पढ़कर सोचा--'मेरे भी एक पुत्र है महेन्द्र लेकिन कुणाल से उम्र में छोटा है। राजा कुणाल को ही राज्य देंगे, क्योंकि कुणाल ही राजगद्दी के योग्य है मेरा पुत्र नहीं।' यह सोचकर मन ही मन कुछ निर्णय किया, और एक सलाई ली, उसे काजल में डुबोकर उस कागज में जहाँ '**अधीयताम्**' शब्द था, वहाँ '**अंधीयताम्**' (कुमार को अंधा कर दो) कर दिया। अब तो एक मात्रा के परिवर्तन से सारा ही अर्थ बदल गया। रानी ने वह पत्र वहीं रख दिया। राजा बाहर से आये तो उस पत्र को दुबारा पढ़े बिना ही पत्रवाहक के साथ कुणाल को वह पत्र लिफाफे में बन्द करके भेज दिया। कुमार के विश्वस्त सेवक ने पत्र में अप्रिय बात लिखी हुई होने से जोर से बोलकर नहीं सुनाई। कुमार ने उसे पढ़कर सुनाने का आदेश दिया तो उसने डरते-डरते उस पत्र को पढ़कर सुना दिया। पत्र में लिखित भाषा पर से कुमार ने सोचा कि 'हमारे मौर्यवंश में उत्पन्न किसी भी व्यक्ति ने आज तक राजाओं की आज्ञा का उल्लंघन नहीं किया है, फिर मैं इसी वंश में उत्पन्न होकर पिताजी की आज्ञा का उल्लंघन कैसे कर सकता हूँ ? ऐसा हो नहीं सकता !' यह सोचकर कुणाल ने तत्काल आग में तपाई हुई लोहे की सलाई ली और शोकाकुल परिवार के मना करते-करते ही उस गर्म सलाई से अपनी दोनों आँखों को आंज लिया। कुणाल अंधा हो गया। (विशेषावश्यक भाष्य, गाथा ८६१ वृत्ति; हारिभद्रीया वृत्ति, पृ. ४१ मु. जं.)

*अधिक अक्षर दोष पर बन्दर की कथा*

अधिक मात्रा के सम्बन्ध में (विशेषावश्यक भाष्य, गाथा ८६३ तथा हारिभद्रीया वृत्ति, पृ. ४१) एक उदाहरण है।

(३) किसी वन में एक बड़ा सरोवर था। जनता में वह कामिक तीर्थ के नाम से प्रसिद्ध था। सरोवर के किनारे बंजुल का पेड़ था। उस तीर्थ में एक चमत्कार था कि अगर कोई तिर्यंच बंजुल वृक्ष की शाखा पर चढ़कर सरोवर के पानी में गिरता, तो वह उस तीर्थ के प्रभाव से

मनुष्य हो जाता और अगर कोई मनुष्य गिरता, तो वह देव हो जाता किन्तु अगर कोई अधिक लोभवश दुबारा इस शाखा पर से सरोवर के जल में गिरता तो वह अपनी भूतपूर्व मूल अवस्था को प्राप्त कर लेता था। एक दिन एक वानर-युगल के देखते ही देखते एक मानव-युगल (दम्पत्ति) उस बंजुल वृक्ष की शाखा पर से उक्त सरोवर में गिर पड़ा और उस तीर्थ के प्रभाव से देव-युगल हो गया। यह देखकर बन्दर का जोड़ा भी इसी प्रकार सरोवर में गिरा और गिरते ही मनुष्य-युगल हो गया। मनुष्यरूप में बने हुए वानर ने अधिक लोभवश अपनी स्त्री से कहा– "प्रिये ! आओ। हम पुनः इस सरोवर में कूदें, ताकि देव रूप बन जायें।" स्त्री ने इस बात से इन्कार करते हुए कहा–"फिर पानी में गिरने से न मालूम क्या हो जाये ? हमारा जो यह मनुष्य रूप है, वही बस है। शास्त्रों में अतिलोभ को अनर्थकर बताकर उसका निषेध किया है।" इस प्रकार स्त्री के मना करने पर भी वह मनुष्यरूपधारी वानर अतिलोभवश पुनः उसी सरोवर में कूद पड़ा और दुर्भाग्य से फिर अपने मूल स्वरूप वानररूप में वह बन्दर बन गया। उसके पश्चात् वहाँ कोई राजा आया। वह उस स्त्री को देखकर उसके रूप पर मोहित हो गया और उसे अपनी रानी बना लिया। उधर उस बन्दर को कोई मदारी ले गया। एक दिन मदारी उस बन्दर को लेकर खेल दिखाने के लिए उस स्त्री (अपनी भूतपूर्व पत्नी) के साथ बैठे हुए राजा के पास आया। बन्दर ने अपनी मनुष्यरूप भूतपूर्व पत्नी को पहचान लिया। वह स्त्री भी बन्दर को पहचान गई। अतः जंजीर से बँधा होने पर भी बन्दर रानी को लेने के लिए बार-बार उसके सम्मुख दौड़ने लगा। अतः रानी ने उससे कहा–"अरे बन्दर ! जैसा जो समय हो, उसी के अनुसार व्यवहार कर। बंजुल के पेड़ से गिरने के लोभ में आकर भ्रष्ट हुए बन्दर ! अब पुरानी बातों को भूल जाओ। अब तो जैसी हालत में हो, उसी में रहो।"

जैसे अधिक लोभ में आकर सरोवर में कूदना बन्दर के लिए दुःखदायी हुआ, वैसे ही अधिक लोभवश शास्त्र-पाठ में मात्रा, अक्षर आदि बढ़ा देने से वह भी अनर्थकर होता है। सारांश यह है कि–

*अत्थस्स विसंवाओ सुयभेयाओ तओ चरणभेओ।*
*तत्तो मोक्खाभावो, मोक्खाभावेऽफला दिक्खा॥८६॥*

कम अक्षर या अधिक अक्षर होने से सूत्र के अर्थ में विसंवाद उत्पन्न हो जाता है। सूत्र का सूत्रत्व नष्ट हो जाता है। अथवा हीनाधिक अक्षर होने से उस सूत्र-पाठ में अन्तर पड़ जाता है। सूत्र-पाठ में भिन्नता होने से अर्थ में भी भिन्नता आ जाती है। अर्थ में भिन्नता होने से चारित्र छिन्न-भिन्न हो जाता है, चारित्र के छिन्न-भिन्न हो जाने से मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती और मोक्ष-प्राप्ति के अभाव में महाव्रत दीक्षा या श्रावक की अणुव्रत दीक्षा निष्फल हो जाती है। (हारिभद्रीया वृत्ति, पृ. ४२)

(१०) **अव्वाइद्धक्खरं (अव्याविद्धाक्षर)**–सूत्र के अक्षर आगे-पीछे करके पाठ करना व्याविद्धाक्षर दोष है। उससे रहित सूत्र का अक्षर पाठ।

(११) **अक्खलियं (अस्खलित)**–जैसे पथरीली भूमि पर हल बीच-बीच में रुक-रुककर चलता है, वैसे ही रुक-रुककर अथवा अक्षरों को छोड़कर शब्द का उच्चारण करने से उसका अर्थ समझ में नहीं आ सकता। अतः सूत्र का उच्चारण अस्खलित होना चाहिए।

(१२) **अमिलियं (अमीलित)**–अनेक सूत्रों को मिलाकर एक साथ उच्चारण करना मीलित दोष है, जैसे अनेक प्रकार के धान्य मिलाकर पकाने से भली प्रकार नहीं पकते।

*अमीलित दोष पर निम्न उदाहरण ध्यान देने योग्य हैं–*

(४) कुछ तंतुवाय जुलाहे मिलकर गोकुल में गये। वहाँ खीर बनाने का निश्चय किया। खीर के लिए बहुत-सा दूध उबाल लिया। फिर सोचा–'इस उबलते दूध में कुछ भी डाला जाये तो खीर बन जायेगी।' यह सोचकर चावल, चौला, मूँग, तिल आदि सब कुछ उसमें डाल दिया। परिणाम यह हुआ कि खीर की जगह भूसा बन गया, जिसका कोई उपयोग नहीं हुआ। ठीक इसी प्रकार एक आगम के सूत्रों में दूसरे आगम का मिश्रण होने से वह किसी भी काम का उपयोगी नहीं रहता।

(१३) **अवच्चामेलियं (अव्यत्याम्रेडित)**–इसके दो अर्थ हैं–सूत्र-पाठ उच्चारण करते समय जहाँ विराम लेना हो वहाँ विराम नहीं लेना और जहाँ विराम नहीं लेना हो वहाँ विराम लेना तथा बीच-बीच में अपनी बुद्धि से कल्पित सूत्रों का प्रक्षेप करके पढ़ना अव्यत्याम्रेडित दोष है। वृत्तिकार ने दो दृष्टान्त देकर विषय को स्पष्ट किया है–

*अव्यत्याम्रेडित दोष पर भेरी कथा*

(५) द्वारिका नगरी में महाराज श्रीकृष्ण राज्य करते थे। उनके पास देवता द्वारा दी हुई तीन भेरियाँ थीं–कौमुदकी, सांग्रामिकी और औद्‌भुतिकी। कौमुदी उत्सव की सूचना के लिए पहली, संग्राम की सूचना के लिए दूसरी और आकस्मिक प्रयोजन को सूचित करने के लिए तीसरी भेरी बजाई जाती थी।

श्रीकृष्ण के पास देव-प्रदत्त श्रीखण्ड गोशीर्षमयी एक भेरी और थी जो छह महीने में एक बार बजाई जाती थी। इस भेरी का शब्द सुनने वालों के छह मास का रोग आदि उपशान्त हो जाता और अनागत छह मास तक रोग उत्पन्न नहीं होता था।

एक दिन दाह-ज्वर से पीड़ित कोई व्यक्ति आया। उसने भेरी बजाने का समय पूछा तो भेरी रक्षक ने कहा–"अब तो छह महीने पश्चात् भेरी बजेगी। वह श्रीकृष्ण ही बजा सकेंगे।"

तब उसने भेरीरक्षक को हजार सुवर्ण-मुद्राओं का प्रलोभन देकर भेरी का कुछ अंश माँगा। लोभवश रक्षक ने वैसा कर लिया और भेरी के कटे भाग में दूसरे चन्दन का थिग्गल लगवा दिया। इसी प्रकार कुछ और व्यक्ति भेरीरक्षक के पास आये और उसने धन के लोभ में थोड़ा-थोड़ा हिस्सा काटकर दे दिया तथा स्थान-स्थान पर दूसरे चन्दन के थिग्गल लगवा दिये।

छह महीने बाद नियत समय पर श्रीकृष्ण ने भेरी मँगाई और व्याधियों की उपशान्ति के लिए उसे बजाना प्रारम्भ किया। भेरी तो बजी पर व्याधियों की उपशान्ति नहीं हुई। श्रीकृष्ण ने इस रहस्य को जानने की कोशिश की तब रक्षक की अप्रामाणिकता स्पष्ट हो गई। थिग्गल लगवाने का इतिहास जानकर श्रीकृष्ण ने उस भेरीरक्षक को दण्डित किया।

श्रीकृष्ण ने पुनः देवाराधना करके दूसरी भेरी प्राप्त की और दूसरा रक्षक नियुक्त किया। वह रक्षक बहुत ईमानदार था अतः प्रयत्नपूर्वक भेरी की रक्षा में सजग रहता।

तात्पर्य यह है कि जो शिष्य गुरु से प्राप्त श्रुत में अन्यतीर्थिकों से प्राप्त श्रुत के थिग्गल जोड़कर उसे जर्जरित करता है, वह शिष्य अयोग्य होता है और श्रुत की यथावत् सुरक्षा करने वाला शिष्य द्वितीय भेरीरक्षक की भाँति योग्य होता है। अव्यत्याम्रेडित का आशय मूल रूप में स्थित श्रुत है। जो आगम गणधरों के द्वारा जिस रूप में रचित है, उसका उसी रूप में पाठ होना चाहिए। (विशेषावश्यक भाष्य, गाथा ८५५)

(१४) **पडिपुण्णं (प्रतिपूर्ण)**—बिन्दु, मात्रा छन्द आदि में हीन या अधिक न हों।

(१५) **पडिपुण्णघोसं (प्रतिपूर्णघोष)**—सूत्र के पुनरावर्तन के समय लघु, गुरु तथा उदात्त आदि घोषों से युक्त उच्चारण करना।

(१६) **कंठोट्ठविप्पमुक्कं (कण्ठोष्टविप्रमुक्त)**—शब्द उच्चारण के दो मुख्य अंग हैं—कण्ठ और होठ। कण्ठ व होठ से स्पष्ट उच्चारण करना।

(१७) **गुरुवायणोवगयं (गुरु वाचनोपगत)**—गुरु की वाचना से प्राप्त। गुरु दूसरों को वाचना देते हों तब उसे छिपकर सुनना या स्वयं ही पढ़ा हुआ शास्त्र गुरु वाचनोपगत नहीं होता। प्राचीन समय में प्रत्येक शास्त्र की वाचना विधिपूर्वक गुरुजनों से प्राप्त की जाती थी।

सूत्र के अन्त में एक सबसे महत्त्वपूर्ण बात कही है कि इन १७ दोषों से रहित आवश्यक का पूर्ण शुद्ध रीति से उच्चारण, परावर्तन करने पर भी वह द्रव्य आवश्यक क्यों है? इसके उत्तर में कहा है—**णो अणुवेक्खा** उसमें अनुप्रेक्षा नहीं है। जिस प्रकार लौह-पिण्ड को तपाने पर वह अग्निमय बन जाता है, उसी प्रकार सूत्र अर्थ के चिन्तन से वह आत्म-शुद्धि प्रदाता बन जाता है। ऐसे चिन्तन आदि में तन्मय हो जाना अनुप्रेक्षा है। "**तप्तायसपिण्डवदर्पितचेतसो मनसाभ्यासोऽनुप्रेक्षा।**" (तत्त्वार्थ वार्तिक ९/२५)

**Elaboration**—The seventeen adjectives used for physical *avashyak* with scriptural knowledge inform about its absolute correctness. They are—

(1) ***Sikkhitam*** **(shikshit)**—studied or read properly from beginning to end.

(2) ***Thitam*** **(thit)**—understood and absorbed in memory.

(3) ***Jitam*** **(jit)**—retained in mind so as to recall at once at the time of revision.

(4) ***Mitam*** **(mit)**—studied and assessed in terms of number of verses, words, syllables, meter etc.

(5) ***Parijitam*** **(parijit)**—perfected by revising in normal and reverse sequence so as to acquire the ability to recite at will in any desired sequence.

(6) ***Namasamam*** **(namasam)**—to commit every part of the book to memory as firmly as ones own name.

These six adjectives inform about the ancient process of memorizing the *Agam* text. The following adjectives are related to perfection in elocution—

(7) ***Ghosasamam*** **(ghoshasam)**—to recite the text fluently with phonetic perfection in the required high or low pitch. In modern terms it is called rising and falling tone.

**(8)—(9) Ahinakkharam (ahinakshar) and Anachchakkharam (antyakshar)**—to recite without shortening or extending syllables. This is because, if a syllable is missed from the *Agam* text the desired meaning cannot be grasped. In the same way adding syllables can also cause confusion. The commentator (*Tika*) has explained this with examples—

(1) **Missing a syllable**—In Rajagriha city, on conclusion of the discourse of Bhagavan Mahavir, when king Shrenik and minister Abhaya Kumar were about to return to the palace they saw a *vidyadhar* (a type of god) falling from the sky and again

going up. They asked Bhagavan Mahavir the reason for the *vidyadhar's* continued failure at efforts to fly. He said—"This *vidyadhar* is trying to perfect the magical power of flying in the sky. But he is missing one letter from the *mantra* and therefore is unable to perfect it. He flies and falls back like a bird with clipped wings." Prime minister Abhaya Kumar was endowed with the *Padanusarini Labdhi* (the skill of knowing the complete verse or *mantra* by listening just one letter or word of the verse). On hearing Bhagavan's comment he at once went to the *vidyadhar* and said—"Brother ! If you recite the mantra of the power to fly I will be able to tell you the missing letter." The *vidyadhar* agreed and recited the *mantra*. Abhaya Kumar was able to know the missing letter with the help of his skill. When the *vidyadhar* chanted the then complete *mantra* he flew in the sky without any problem.

This story explains how missing of just one letter from a *mantra* makes it worthless. When missing of just one letter is not desired in mundane *mantras* how can it be tolerated in reciting scriptures, which are spiritual *mantras* ? Therefore, reciting of scriptures should be without missing any letter. Reading without missing a syllable alone can lead to liberation. (for details see Haribhadriya *Vritti* of *Visheshavashyak Bhashya*, verse 864, p. 40, Ed. Muni Jambu Vijaya)

(2) **Extending a syllable**—(i) Patliputra was the capital of the Mauryan emperor Ashoka. He had a son named Kunal from his senior queen. When he grew a little he was sent to Ujjaini. When he became eight years old a messenger from Ujjaini brought the news to the emperor. Ashoka at once wrote a note to be sent to Ujjaini—***"Idanimadhiyatam kumarah."*** (make the prince commence his education). After writing, the emperor proceeded to attend some urgent task and left the note unsealed. His other queen, who was standing there, got the chance to read the note. She thought—'I too have a son, Mahendra, who is younger than Kunal. The king will make Kunal his heir because it is his right and not that of my son.' Thinking thus she took a

decision. She took a needle, dipped it into soot and added a dot over the letter *'a'* in the note. This turned *adhiyatam* into *andhiyatam* (make the prince blind). Adding of just one syllable had completely changed the meaning. She replaced the note from where she had lifted it. On returning, the king sealed the note without reading it again and sent it with the messenger. When the attendant of the prince read the note he was dumbfounded. He did not read aloud the unpleasant message. When the prince ordered him to read he did so reluctantly. The prince understood the conspiracy but he thought—'No one in this Maurya clan had disobeyed an order from the king, how can I disobey this order from my father, the king. This is impossible.' With these thoughts Kunal took a heated needle and pierced both his eyes in spite of opposition from grief-stricken family members. Kunal became blind. (Haribhadriya *Vritti* of *Visheshavashyak Bhashya,* verse 861, p. 41, Ed. Muni Jambu Vijaya)

(3) There was a large pond in a jungle. It was popularly called *Kamik-tirth.* On the edge of the pond there was a *banjul* tree. It was a miraculous place because if some animal climbed the *banjul* tree and from there jumped into the pond it turned into a human being. If a human being did the same he or she turned into a god or goddess. However, if out of greed someone repeated the act, he would regain the original form. One day in presence of a monkey-couple a human-couple fell from a branch of the *banjul* tree into the pond and at once turned into a divine-couple. Seeing this the monkey-couple also imitated the act and at once turned into a human-couple. The man turned monkey said to his woman turned mate—"Come darling ! Let's do it again so that we become gods." The woman refused, saying—"We don't know what will happen if we fall into the water once again ? I am satisfied with this human form. Excessive greed is harmful and it is censured in the scriptures." But driven by excessive greed the man turned monkey jumped into the pond once again and to his bad luck, he regained his original form, a monkey. Sometime

later a king came there. When he saw that beautiful woman he fell in love with her and married her. The monkey was captured by a *madari* (a person who trains animals and earns his living by displaying their tricks). One day this *madari* happened to take the monkey for a performance before that king and the woman turned monkey. The monkey and the woman, now the queen, recognized each other. In spite of being chained, the monkey kept on jumping to grab the queen. At this the queen said—"O monkey ! Behave yourself in accordance with the prevailing circumstances. You were corrupted by the greed to jump into the pond from the *banjul* tree. Hey monkey ! Now forget your past and be satisfied with your life as a monkey."

As jumping once again into the pond out of greed was painful for the monkey, so is extending syllables, letters or sounds in the text of the scriptures for the reader. The conclusion is—Meaning gets distorted when syllables are missing or extended. The aphorism or sentence no more remains true to its form. In other words the original text is distorted due to more or less syllables. The distortion in text causes distortion in meaning. This distortion in meaning distorts conduct. A distorted conduct does not lead to liberation. In absence of chance of getting liberated the initiation as an ascetic or a *shravak* goes waste. (Haribhadriya *Vritti,* p. 42)

**(10) *Avvaiddhakkharam* (avyaviddhakshar)**—to recite without shifting syllables.

**(11) *Akkhaliyam* (askhalit)**—on a stony land the movement of a plough is inconsistant and it also skips areas. Such breaks and skipping in reciting distorts the meaning. To avoid such pauses and skipping while reciting is called *askhalit.*

**(12) *Amiliyam* (ameelit)**—to recite without mixing up of different phrases or aphorisms. Mixed grains are difficult to cook properly. The commentator (*Tika*) has explained this with the following example—

(4) A group of weavers went to a cow-shed and decided to cook and eat *Kheer* (a pudding of rice cooked in milk). They boiled a large quantity of milk. After that they thought—'Whatever they put in the boiling milk will be cooked and turned into *Kheer.*' With this idea they put a variety of grains like rice, *chaula* (a type of pulse), *moong* (green gram), *til* (sesame), (etc.). The result was that they got an inedible paste instead of *Kheer.* In the same way mixing aphorisms of one *Agam* with those of others makes them useless.

**(13) *Avachchameliyam* (avyatyamredit)**—This includes avoiding two faults. To pause where a pause is not required and not to pause where a pause is required during elocution. Expanding the text by interpolating it with one's own ideas and matter. The commentator (*Tika*) has explained this with an example.

(5) In Dwarka city ruled king Shrikrishna. He had three divine bugles or trumpets named—Kaumudaki, Sangramiki and Audbhutiki. The first was blown to announce the Kaumudi (moonlit night) festival, the second to announce a war and the third for some sudden warning.

Shrikrishna had one more divine trumpet coated with divine sandalwood paste. This was blown every six months. Those who heard the sound of this trumpet were cured of any disease they contracted during past six months and also became immune to any disease for coming six months.

One day a person suffering from high fever came and asked when the trumpet was scheduled to be blown ? The keeper of the trumpet informed that it was to be blown after six months and only Shrikrishna could blow it. The patient now offered the keeper one thousand gold coins and sought a small portion of the sandalwood coating. Out of greed the keeper agreed. He scraped a small part of the coating replacing it with fresh sandalwood paste. Once started, this process continued and many more

ailing persons enjoyed this benefit on payment. Soon the trumpet was left with a coating of ordinary sandalwood only.

After six months, at the scheduled time Shrikrishna called for the trumpet and blew it for pacifying ailments. The trumpet produced sound but it failed to pacify ailments. When Shrikrishna investigated he found about the misdeed by the keeper. He punished the keeper.

Shrikrishna again performed worship of gods and acquired a new curative trumpet. This time he appointed another keeper who was very honest and was ever alert to protect the divine trumpet.

The lesson of this story is that a disciple who mixes some text obtained from heretics with the lessons given to him by his *guru* and spoils the scriptures is undeserving and the one who protects the scriptures and keeps it undefiled is deserving like the second keeper of the trumpet. *Avyatyamredit* means perfect original text or scripture. The original text of *Agam* as given by *Ganadharas* should be read and recited as it is. (*Visheshavashyak Bhashya,* verse 855)

**(14) *Padipunnam* (pratipurna)**—rendered eloquently and with metrical perfection, not missing any letter or syllable.

**(15) *Padipunnaghosam* (pratipurnaghosh)**—rendered in perfect accent ensuring perfection in low and high pitch as well.

**(16) *Kanthotthavippamukkam* (kanthoshtavipramukta)**—recited perfectly and clearly with vocal cords and lips, these two being the prominent organs of speech in human body.

**(17) *Guruvayanovagayam* (guruvachanopagat)**—acquired through the discourse of the *guru*. That acquired by hearing the *guru's* discourse stealthily or acquired just through reading is excluded from this. In the ancient times each script was learned from the *guru* strictly following the prescribed procedure.

*(९) अनुगम से अल्पबहुत्व प्ररूपणा*

**१५८. (१) एएसि णं भंते ! णेगम-ववहाराणं आणुपुव्वीदव्वाणं अणाणुपुव्वीदव्वाणं अवत्तव्वयदव्वाण य दव्वट्ठयाए पएसट्ठयाए दव्वट्ठ-पएसट्ठयाए य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहिया वा ?**

**गोयमा ! सव्वत्थोवाइं णेगम-ववहाराणं अवत्तव्वयगदव्वाइं दव्वट्ठयाए, अणाणुपुव्वीदव्वाइं दव्वट्ठयाए विसेसाहियाइं, आणुपुव्वीदव्वाइं दव्वट्ठयाए असंखेज्जागुणाइं।**

१५८. (प्रश्न १) भंते ! इन नैगम और व्यवहारनयसम्मत आनुपूर्वी द्रव्यों, अनानुपूर्वी द्रव्यों और अवक्तव्यक द्रव्यों में कौन द्रव्य किन द्रव्यों से द्रव्यार्थता, प्रदेशार्थता और द्रव्यार्थ-प्रदेशार्थता की अपेक्षा अल्प, बहुत्व, तुल्य या विशेषाधिक हैं ?

(उत्तर) गौतम ! नैगम और व्यवहारनयसम्मत अवक्तव्यक द्रव्य द्रव्यार्थता की अपेक्षा सबसे अल्प है। अनानुपूर्वी द्रव्य द्रव्यार्थता की अपेक्षा अवक्तव्यक द्रव्यों से विशेषाधिक हैं और आनुपूर्वी द्रव्य द्रव्यार्थता की अपेक्षा अनानुपूर्वी द्रव्यों से असंख्यातगुण हैं।

(9) ALPABAHUTVA-DVAR

**158. (Question 1)** Bhante! In terms of substance (mass), space-points (volume), and substance-cum-space-points

(mass-cum-volume) which of these *naigam-vyavahar naya sammat anupurvi, ananupurvi,* and *avaktavya dravya* (sequential, non-sequential, and inexpressible substances conforming to coordinated and particularized viewpoints) are comparatively less than, more than, equal to, are much more than others. (in the universe) ?

**(Answer 1)** Gautam ! In terms of *dravya* (substance), *naigam-vyavahar naya sammat avaktavya dravya* (inexpressible substances conforming to coordinated and particularized viewpoints) are least in the universe; in terms of substance, *ananupurvi* (non-sequential) substances are much more than avaktavya (inexpressible) substances; and in terms of substance, *anupurvi* (sequential) substances are uncountable times more than *ananupurvi* (non-sequential) substances.

**(२) पएसट्ठयाए सव्वत्थोवाइं णेगम-ववहाराणं अणाणुपुव्वीदव्वाइं अपएसट्ठयाए, अवत्तव्वयदव्वाइं पएसट्ठयाए विसेसाहियाइं, आणुपुव्वीदव्वाइं पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणाइं।**

(२) प्रदेशार्थता की अपेक्षा नैगम और व्यवहारनयसम्मत अनानुपूर्वीद्रव्य अप्रदेशी होने के कारण सर्वस्तोक-अल्प है। प्रदेशार्थता की अपेक्षा अवक्तव्यक द्रव्य अनानुपूर्वी द्रव्यों से विशेषाधिक हैं और आनुपूर्वी द्रव्य प्रदेशार्थता की अपेक्षा अवक्तव्यक द्रव्यों से असंख्यातगुण हैं।

**(2)** In terms of *pradesh* (space-points), as they are *apradeshi* (devoid of space-points), *naigam-vyavahar naya sammat ananupurvi* (non-sequential substances conforming to coordinated and particularized viewpoints) are least in the universe; in terms of space-points, *avaktavya dravya* (inexpressible substances) are much more than *ananupurvi* (non-sequential) substances; and in terms of space-points *anupurvi* (sequential) substances are infinite times more than *avaktavya* (inexpressible) substances.

(३) दव्वट्ठ–पएसट्ठयाए सव्वत्थोवाइं णेगम–ववहाराणं अवत्तव्वयदव्वाइं दव्वट्ठयाए, अणाणुपुव्वीदव्वाइं दव्वट्ठयाए अपएसट्ठयाए विसेसाहियाइं, अवत्तव्वयदव्वाइं पएसट्ठयाए विसेसाहियाइं, आणुपुव्वीदव्वाइं दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणाइं, ताइं चेव पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणाइं। से तं अणुगमे। से तं णेगम–ववहाराणं अणोवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी।

(३) द्रव्यार्थ-प्रदेशार्थता की अपेक्षा से नैगम-व्यवहारनयसम्मत अवक्तव्यक द्रव्य द्रव्यार्थ से सबसे अल्प है, (क्योंकि पूर्व में द्रव्यार्थता से अवक्तव्यक द्रव्यों में सर्वस्तोकता बताई है।) द्रव्यार्थता और अप्रदेशार्थता की अपेक्षा अनानुपूर्वी द्रव्य अवक्तव्यक द्रव्यों से विशेषाधिक हैं। अवक्तव्यक द्रव्य प्रदेशार्थता की अपेक्षा विशेषाधिक हैं। आनुपूर्वी द्रव्य द्रव्यार्थता की अपेक्षा असंख्यातगुण है और प्रदेशार्थता की अपेक्षा भी असंख्यातगुण हैं।

इस प्रकार से अनुगम की वक्तव्यता जानना चाहिए तथा इसके साथ ही नैगम-व्यवहारनयसम्मत अनौपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी का वर्णन पूर्ण हुआ।

**(3)** In terms of *dravya* and *pradesh* (substance-cum-space-points), *naigam-vyavahar naya sammat avaktavya dravya* (inexpressible substances conforming to coordinated and particularized viewpoints) are least in the universe in context of substance (as stated earlier). *Ananupurvi* (non-sequential) substances are much more (than *avaktavya* substances) in context of substance and absence of space-points; *avaktavya* (inexpressible) substances are much more (than *ananupurvi* substances) in context of space-points. *Anupurvi* (sequential) substances are uncountable times more (than *avaktavya* substances) in context of substance and uncountable times more (than *avaktavya* substances) in context of space-points as well.

This concludes the description of *anugam*. This also concludes the description of *naigam-vyavahar naya sammat dravyanupurvi* (sequence of substances conforming to coordinated and particularized viewpoints).

विवेचन–द्रव्यों की गणना को द्रव्यार्थता तथा प्रदेशों की गणना को प्रदेशार्थता एवं द्रव्यों तथा प्रदेशों की संयुक्त गणना को द्रव्यार्थ–प्रदेशार्थता या उभयार्थता कहते हैं।

आनुपूर्वी द्रव्यों में तीन प्रदेशों का एक समुदाय, चार आकाश प्रदेशों का एक समुदाय, इत्यादि विशिष्ट पुद्‌गल स्कन्धों से जितने समुदाय बनते हैं, वे द्रव्य कहलाते हैं और इन समुदायों के जो आरम्भक (इकाई) है, वह प्रदेश है।

अनानुपूर्वी द्रव्य में एक प्रदेशावगाही द्रव्य से सूचित आकाश का प्रत्येक प्रदेश द्रव्य है। इस एक–एक प्रदेशात्मक द्रव्य में अन्य प्रदेश की कल्पना सम्भव नहीं है।

अवक्तव्य–द्रव्य में लोक में द्विप्रदेशावगाढ द्रव्य से सूचित आकाश प्रदेश अवक्तव्य द्रव्य है।

अल्प–बहुत्व–अवक्तव्य द्रव्य–द्विप्रदेशी स्कन्ध सबसे अल्प है। अनानुपूर्वीद्रव्य एक परमाणु रूप है। इसलिए वह अवक्तव्य द्रव्य से दुगुना होना चाहिए, फिर यहाँ विशेषाधिक क्यों कहा? इस शंका का समाधान यह है कि भिन्न–भिन्न परमाणुओं के संयोग से द्विप्रदेशी स्कन्धों का निर्माण होता रहता है। द्विप्रदेशी स्कन्ध अधिक संख्या में हो जाते हैं, तो अनानुपूर्वी द्रव्य (एक प्रदेशी) उससे दुगुने नहीं हो पाते। द्रव्यानुपूर्वी में प्रदेशार्थ की अपेक्षा आनुपूर्वीद्रव्य अवक्तव्य द्रव्य से अनन्त गुना बतलाये गये हैं। क्षेत्रानुपूर्वी के प्रकरण में ये असंख्येय गुणा बतलाये हैं। कारण आकाश–क्षेत्र के प्रदेश असंख्येय ही होते हैं।

**Elaboration**—*Dravyarthata, pradesharthata,* and *dravyarth-pradesharthata* mean assessment or measurement with respect to *dravya* or substance (mass), *pradesh* or space-points (volume), and both combined respectively.

In *anupurvi* (sequential) substances are included all specific *skandhas* (aggregates) of three or more space-points or ultimate-particles. The unit of these is that space-point.

In *ananupurvi* (non-sequential) substances are included every ultimate particle occupying single space-point. Which means every space-point in space is included in this class. In such substance there is no scope for another space-point.

In *avaktavya* (inexpressible) substances are included all space-points occupied by aggregates of two *paramanus* (ultimate-particles)

**Alpa-bahutva (comparison of degree)**—With respect to substance the *avaktavya* (inexpressible) substances are minimum. *Anupurvi* (sequential) substances are in the form of single *paramanu* (ultimate-particle), therefore these should be double the number of *avaktavya* (inexpressible) substances. Then why they are said to be much more here ? This is because the chances of integration and disintegration of aggregates of two *paramanus* (ultimate-particles) are minimal as compared to *ananupurvi* (non-sequential) substances as they are free *paramanus* (ultimate-particles) having a tendency to form aggregates of two or more. In context of *dravyanupurvi, anupurvi* (sequential) substances are said to be infinite times more than *avaktavya* (inexpressible) substances whereas here, in context of *kshetranupurvi,* they are said to be uncountable times more. The reason for this is that the total number of space-points in the universe are only uncountable and not infinite.

*संग्रहनयसम्मत अनौपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी*

**१५९. से किं तं संगहस्स अणोवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी ?**

**जहेव दव्वाणुपुव्वी तहेव खेत्ताणुपुव्वी णेयव्वा। से तं संगहस्स अणोवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी। से तं अणोवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी।**

१५९. (प्रश्न) संग्रहनयसम्मत अनौपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) पूर्वोक्त संग्रहनयसम्मत अनौपनिधिकी द्रव्यानुपूर्वी की तरह इस क्षेत्रानुपूर्वी का भी स्वरूप समझना चाहिए।

इस प्रकार से संग्रहनयसम्मत अनौपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी का और साथ ही अनौपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी का वर्णन समाप्त हुआ

(अब क्षेत्रानुपूर्वी के दूसरे भेद औपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी की प्ररूपणा करते हैं। इसके दो प्रकार हैं–विशेष और सामान्य। पहले विशेषापेक्षया का वर्णन किया जाता है)

SAMGRAHA NAYA SAMMAT ANAUPANIDHIKI KSHETRA-ANUPURVI

**159. (Question)** What is this *Samgraha naya sammat anaupanidhiki kshetra-anupurvi* (disorderly area-sequence conforming to generalized viewpoint) ?

**(Answer)** *Samgraha naya sammat anaupanidhiki kshetra-anupurvi* (disorderly area-sequence conforming to generalized viewpoint) should be read to be same as the aforesaid *dravyanupurvi* in this context. (aphorism 115)

This concludes the description of *Samgraha naya sammat anaupanidhiki kshetra-anupurvi* (disorderly area-sequence conforming to generalized viewpoint) and *anaupanidhiki kshetra-anupurvi* (disorderly area-sequence).

(Now *aupanidhiki kshetranupurvi* or orderly area-sequence, the second category of *kshetranupurvi,* is being described. This is of two types—special and ordinary. First the special one is described)

*औपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी की विशेष प्ररूपणा*

**१६०. से किं तं ओवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी ?**

**ओवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी तिविहा पण्णत्ता। तं जहा-(१) पुव्वाणुपुव्वी, (२) पच्छाणुपुव्वी, (३) अणाणुपुव्वी।**

१६०. (प्रश्न) औपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) औपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी के तीन भेद हैं-(१) पूर्वानुपूर्वी, (२) पश्चानुपूर्वी, और (३) अनानुपूर्वी।

AUPANIDHIKI KSHETRA-ANUPURVI

**160. (Question)** What is this *Aupanidhiki kshetra-anupurvi* (orderly area-sequence) ?

**(Answer)** This *Aupanidhiki kshetra-anupurvi* (orderly area-sequence) is of three types—(1) *Purvanupurvi*, (2) *Pashchanupurvi*, and (3) *Ananupurvi*.

*पूर्वानुपूर्वी*

**१६१. से किं तं पुव्वाणुपुव्वी ?**

**पुव्वाणुपुव्वी-(१) अहोलोए, (२) तिरियलोए, (३) उड्ढलोए। से तं पुव्वाणुपुव्वी।**

१६१. (प्रश्न) पूर्वानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

(उत्तर) (१) अधोलोक, (२) तिर्यक्लोक, और (३) ऊर्ध्वलोक, इस क्रम से (क्षेत्र-लोक का) निर्देश करना पूर्वानुपूर्वी हैं।

इस प्रकार पूर्वानुपूर्वी का वर्णन समाप्त हुआ।

PURVANUPURVI

**161. (Question)** What is this *Purvanupurvi* ?

**(Answer)** *Purvanupurvi* is like this—(1) *Adholoka* (lower world), (2) *Tiryak-loka* (middle world), and (3) *Urdhvaloka* (upper world). Areas (worlds) arranged in such ascending sequential order is called *purvanupurvi* (ascending sequence).

This concludes the description of *purvanupurvi* (ascending sequence).

*पश्चानुपूर्वी*

**१६२. से किं तं पच्छाणुपुव्वी?**

**पच्छाणुपुव्वी-(३) उड्ढलोए, (२) तिरियलोए, (१) अहोलोए। से तं पच्छाणुपुव्वी।**

१६२. (प्रश्न) पश्चानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) पूर्वानुपूर्वी के क्रम के विपरीत (१) ऊर्ध्वलोक, (२) तिर्यक्लोक, (३) अधोलोक, इस प्रकार का क्रम कथन करना पश्चानुपूर्वी है।

इस प्रकार पश्चानुपूर्वी वर्णन समाप्त हुआ।

PASHCHANUPURVI

**162. (Question)** What is this *Pashchanupurvi* ?

**(Answer)** *Pashchanupurvi* is like this—(3) *Urdhvaloka* (upper world), (2) *Tiryak-loka* (middle world), and (1) *Adholoka* (lower world). Areas arranged in such descending sequential order is called *pashchanupurvi* (descending sequence).

This concludes the description of *pashchanupurvi* (descending sequence).

*अनानुपूर्वी*

**१६३. से किं तं अणाणुपुव्वी ?**

**अणाणुपुव्वी एयाए चेव एगादियाए एगुत्तरियाए तिगच्छगयाए सेढीए अन्नमन्नब्भासो दुरूवणो। से तं अणाणुपुव्वी।**

१६३. (प्रश्न) अनानुपूर्वी किसे कहते हैं ?

(उत्तर) एक से प्रारम्भ कर एक-एक की वृद्धि करते जाये। तीन की संख्या को श्रेणी में परस्पर गुणा करें उससे जो भंग संख्या प्राप्त हो उसमें से आद्य और अन्तिम दो भंगों को छोड़ देने से जो राशि प्राप्त हो वह अनानुपूर्वी है।

इस प्रकार अनानुपूर्वी का वर्णन समाप्त हुआ।

ANANUPURVI

**163. (Question)** What is this *Ananupurvi* ?

**(Answer)** Place three numbers starting from one and progressively adding one. Multiply all the six numbers of this arithmetic progression and subtract 2 (depicting the ascending and descending sequence) from the result. This final result is called *ananupurvi* (random sequence). (This number is the total number of sequences that can be made in random order. In other words this is the sum total of all permutations and combinations of the random sequences that can be made with the given set of numbers).

This concludes the description of *ananupurvi* (random sequence).

**विवेचन**–इन तीन सूत्रों में औपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी का स्वरूप बतलाया है।

औपनिधिकी द्रव्यानुपूर्वी के प्रकरण में जैसे द्रव्यानुपूर्वी का अधिकार होने से धर्मास्तिकाय आदि द्रव्यों को पूर्वानुपूर्वी आदि रूप में बताया हैं, वैसे ही यहाँ क्षेत्रानुपूर्वी का प्रकरण होने से अधोलोक आदि क्षेत्र पूर्वानुपूर्वी आदि के रूप में समझना चाहिए।

संख्या की स्थापना से अनानुपूर्वी का रूप इस प्रकार बनता है, १-२-३ (यह पूर्वानुपूर्वी है) ३-२-१ (यह पश्चानुपूर्वी है।

अब इन सभी संख्याओं को परस्पर गुणा करने से हमें प्राप्त होता है–१ × २ × ३ = ६। यह इन संख्याओं से बनने वाली समस्त श्रृंखलाएँ हैं–१, २, ३; १, ३, २; २, १, ३; २, ३, १; ३, १, २; तथा ३, २, १। अब इसमें से २ घटा दें (क्योंकि १, २, ३ पूर्वानुपूर्वी के रूप में तथा ३, २, १ पश्चानुपूर्वी के रूप में पहले दी जा चुकी हैं) तो हमें प्राप्त होता है ४। अतः इन संख्याओं में चार अनानुपूर्वियाँ हैं–१, ३, २; २, १, ३; २, ३, १; ३, १, २।

**Elaboration**—These three aphorisms describe *Aupanidhiki kshetra-anupurvi* (orderly area-sequence).

Just as entities like *Dharmastikaya* have been presented in ascending and other type of sequences to describe physical sequence, here areas like upper world have been presented in the same way to describe area-sequence.

When represented by numbers *ananupurvi* (random sequence) is like this : {1, 2, 3} is *purvanupurvi* or ascending sequence and {3, 2, 1} is *pashchanupurvi* or descending sequence. Now by multiplying these numbers together we get $1 \times 2 \times 3 = 6$. This is the total number of possible sequences—{1, 2, 3} {1, 3, 2} {2, 1, 3} {2, 3, 1} {3, 1, 2} and {3, 2, 1}. Now subtract 2 (because {1, 2, 3} is *purvanupurvi* and {3, 2, 1} is *pashchanupurvi* and both are already accounted for) from this and the result is 4. Thus there are four random sequences—{1, 3, 2} {2, 1, 3} {2, 3, 1} {3, 1, 2}.

अधोलोक क्षेत्रानुपूर्वी

**१६४. अहोलोयखेत्ताणुपुव्वी तिविहा पण्णत्ता। तं जहा–(१) पुव्वाणुपुव्वी, (२) पच्छाणुपुव्वी, (३) अणाणुपुव्वी।**

१६४. अधोलोक क्षेत्रानुपूर्वी तीन प्रकार की है। जैसे–(१) पूर्वानुपूर्वी, (२) पश्चानुपूर्वी, (३) अनानुपूर्वी।

**ADHOLOKA KSHETRA-ANUPURVI**

**164.** *Adholoka kshetra-anupurvi* is of three types—(1) *Purvanupurvi,* (2) *Pashchanupurvi,* and (3) *Ananupurvi.*

**१६५. से किं तं पुव्वाणुपुव्वी ?**

**पुव्वाणुपुव्वी–(१) रयणप्पभा, (२) सक्करप्पभा, (३) वालुयप्पभा, (४) पंकप्पभा, (५) धूमप्पभा, (६) तमप्पभा, (७) तमतमप्पभा, से तं पुव्वाणुपुव्वी।**

१६५. **(प्रश्न)** अधोलोकक्षेत्रपूर्वानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

(उत्तर) (१) रत्नप्रभा, (२) शर्कराप्रभा, (३) बालुकाप्रभा, (४) पंकप्रभा, (५) धूमप्रभा, (६) तमःप्रभा, (७) तमस्तमःप्रभा, इस क्रम से (सात नरकभूमियों का) गणना करना अधोलोकक्षेत्र पूर्वानुपूर्वी हैं। यह अधोलोक पूर्वानुपूर्वी का वर्णन हुआ।

**165. (Question)** What is this *Adholoka kshetra-purvanupurvi* ?

**(Answer)** *Adholoka kshetra-purvanupurvi* is like this—(1) *Ratnaprabha,* (2) *Sharkaraprabha,* (3) *Balukaprabha,* (4) *Pankaprabha,* (5) *Dhoom-prabha,* (6) *Tamah-prabha,* (7) *Tamastamah-prabha.* Areas (lower worlds or infernal worlds) arranged in such ascending sequential order is called *Adholoka kshetra-purvanupurvi* (ascending area-sequence of lower worlds).

This concludes the description of *Adholoka kshetra-purvanupurvi* (ascending area-sequence of lower worlds).

**१६६. से किं तं पच्छाणुपुव्वी ?**

**पच्छाणुपुव्वी (७) तमतमा जाव (१) रयणप्पभा। से तं पच्छाणुपुव्वी।**

१६६. (प्रश्न) अधोलोकक्षेत्र पश्चानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) (७) तमस्तमःप्रभा से लेकर यावत् (१) रत्नप्रभा पर्यन्त व्युत्क्रम से (नरकभूमियों का) गणना करना अधोलोकपश्चानुपूर्वी है। यह अधोलोकपश्चानुपूर्वी का वर्णन हुआ।

**166. (Question)** What is this *Adholoka kshetra-pashchanupurvi* ?

**(Answer)** *Adholoka kshetra-pashchanupurvi* is like this—Arranging areas from (7) *Tamastamah-prabha* to (1) *Ratnaprabha* in reverse order. Areas arranged in such descending sequential order is called *Adholoka kshetra-pashchanupurvi* (descending area-sequence of lower worlds).

This concludes the description of *Adholoka kshetra-pashchanupurvi* (descending sequence).

**१६७. से किं तं अणाणुपुव्वी ?**

**अणाणुपुव्वी एयाए चेव एगादियाए एगुत्तरियाए सत्तगच्छगयाए सेढीए अण्णमण्णभासो दुरूवूणो। से तं अणाणुपुव्वी।**


१६७. (प्रश्न) अधोलोकक्षेत्र अनानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) अधोलोकक्षेत्र अनानुपूर्वी इस प्रकार है–आदि में एक स्थापित कर सात पर्यन्त एक–एक वृद्धि द्वारा निर्मित श्रेणी में परस्पर गुणा करने से जो राशि प्राप्त होती है। उसमें से प्रथम और अन्तिम दो भंगों को कम करने पर यह अनानुपूर्वी बनती है। यह अधोलोक अनानुपूर्वी का वर्णन हुआ।

**167. (Question)** What is this *Adholoka kshetra-ananupurvi* ?

**(Answer)** Place seven numbers starting from one and progressively adding one. Multiply all the seven numbers of this arithmetic progression and subtract 2 (depicting the

# अधोलोक क्षेत्रानुपूर्वी IN LOWER WORLD, THERE ARE SEVEN HELLISH EARTHS



चित्र परिचय १२

Illustration No. 12

# अधोलोक में सात नरक भूमियाँ

इस चौदह राजू लोक में नीचे का सात राजू लोक अधोलोक कहा जाता है। उसमें रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपर-नीचे के एक-एक हजार योजन छोड़कर बीच में भवनवासी देवों के करोड़ों भवन हैं। विविध प्रकार के रत्नों की प्रभा के कारण इसका नाम रत्नप्रभा है। इसके नीचे **घनोदधि**–जमी हुई पानी की परत, उसके नीचे **घनवात**–ठोस वायु और उसके नीचे **तनुवात**–पतली वायु है। फिर बीच का भाग आकाश से व्याप्त पोला है। उसके नीचे फिर शर्कराप्रभा आदि नरक भूमियाँ है।

रत्नप्रभा से क्रमशः शर्कराप्रभा, बालुकाप्रभा, पंकप्रभा, धूमप्रभा, तमःप्रभा, तमस्तमाप्रभा, क्रमशः गणना करना, अधोलोक क्षेत्रपूर्वानुपूर्वी है। इनकी तमःस्तम प्रभा, तमः प्रभा इस विपरीत क्रम से गणना करना अधोलोक क्षेत्र पश्चानुपूर्वी है।

*–सूत्र १६४*

*विस्तृत वर्णन : गणितानुयोग अधोलोक वर्णन*

## THE SEVEN HELLS IN THE LOWER WORLD

In this fourteen *Rajju* high *Loka* the lower seven *Rajju* area is called lower world. Here, above and below the *Ratnaprabha* hell, leaving a gap of one thousand *yojans* there are millions of abodes of *Bhavan-vasi* gods. It is called *Ratnaprabha* because it is radiant with the glow of a variety of gems (*ratna*). Below this is a layer of frozen water (*ghanodadhi*) below which there is a layer of dense air (*ghanovat*) followed by that of thin air (*tanuvat*). After this there is hollow space. Under this are *Sharkaraprabha* and other hells.

Starting from *Ratnaprabha,* arranging hells named *Sharkaraprabha, Balukaprabha, Pankaprabha, Dhoom-prabha, Tamah-prabha,* and *Tamastamah-prabha* in ascending sequential order is called *Adholoka kshetra-purvanupurvi.* Arranging hells from *Tamastamah-prabha* to *Ratnaprabha* in reverse order is called *Adholoka kshetra-pashchanupurvi.*

*—Sutra : 164*

ascending and descending sequence) from the result. This final result is called *Adholoka kshetra-ananupurvi* (random area-sequence of lower worlds).

This concludes the description of *Adholoka kshetra-ananupurvi* (random area-sequence of lower worlds).

विवेचन–अनानुपूर्वी में एक आदि सात पर्यन्त सात अंकों का परस्पर गुणा करने पर ५०४० भंग होते हैं। इनमें से आदि का भंग पूर्वानुपूर्वी और अन्तिम भंग पश्चानुपूर्वी रूप से इन दो को छोड़कर शेष ५०३८ भंग अनानुपूर्वी के हैं।

**Elaboration**—Represented by numbers this ananupurvi (random sequence) is like this : by multiplying numbers from 1 to 7 together we get 5040. Subtracting 2 (for *purvanupurvi* and *pashchanupurvi* from this gives us 5038. Thus there are 5038 random sequences.

*तिर्यग् (मध्य) लोक क्षेत्रानुपूर्वी*

**१६८. तिरियलोयखेत्ताणुपुव्वी तिविहा पण्णत्ता। तं जहा–(१) पुव्वाणुपुव्वी, (२) पच्छाणुपुव्वी, (३) अणाणुपुव्वी।**

१६८. तिर्यग् (मध्य) लोक क्षेत्रानुपूर्वी के तीन भेद हैं। जैसे–(१) पूर्वानुपूर्वी, (२) पश्चानुपूर्वी, (३) अनानुपूर्वी।

TIRYAK-LOKA KSHETRA-ANUPURVI

**168.** *Tiryak-loka kshetra-anupurvi* is of three types—(1) *Purvanupurvi,* (2) *Pashchanupurvi,* and (3) *Ananupurvi.*

**१६९. से किं तं पुव्वाणुपुव्वी ?**

**पुव्वाणुपुव्वी–जंबुद्दीवे लवणे धायइ–कालोय–पुक्खरे वरुणे।**

**खीर–घय–खोय–नंदी–अरुणवरे कुंडले रुयगे॥११॥**

**जम्बुद्दीवाओ खलु निरंतरा, सेसया असंखइमा।**

**भुयगवर–कुसवरा वि य कोंचवराऽऽभरणमाईया॥१२॥**

आभरण–वत्थ–गंधे उप्पल–तिलये य पउम–निहि–रयणे।

वासहर–दह–णदीओ विजया वक्खार–कप्पिंदा॥१३॥

कुरु–मंदर–आवासा कूडा नक्खत्त–चंद सूरा य।

देवे नागे जक्खे भूये य सयंभुरमणे य॥१४॥

से तं पुव्वाणुपुव्वी।

१६९. (प्रश्न) तिर्यक् लोक क्षेत्रपूर्वानुपूर्वी क्या है?

(उत्तर) तिर्यक् लोक क्षेत्रपूर्वानुपूर्वी इस प्रकार है–

जम्बूद्वीप, लवणसमुद्र, धातकीखण्डद्वीप, कालोदधिसमुद्र, पुष्करद्वीप, (पुष्करोद) समुद्र, वरुणद्वीप, वरुणोदसमुद्र, क्षीरद्वीप, क्षीरोदसमुद्र, घृतद्वीप, घृतोदसमुद्र, इक्षुवरद्वीप, इक्षुवरसमुद्र, नन्दीद्वीप, नन्दीसमुद्र, अरुणवरद्वीप, अरुणवरसमुद्र, कुण्डलद्वीप, कुण्डलसमुद्र, रुचकद्वीप, रुचकसमुद्र। ११।

जम्बूद्वीप से लेकर ये सभी द्वीप–समुद्र बिना किसी अन्तर के एक दूसरे को घेरे हुए हैं। रुचक से आगे असंख्यात–असंख्यात द्वीप–समुद्रों के बाद भुजगवर द्वीप है, तथा इसके बाद असंख्यात द्वीप–समुद्रों के पश्चात् कुशवरद्वीप समुद्र है और इसके बाद भी असंख्यात द्वीप–समुद्रों के पश्चात् क्रौंचवर द्वीप है। पुनः असंख्यात द्वीप–समुद्रों के पश्चात् आभरणों आदि के सदृश शुभ नाम वाले द्वीप समुद्र हैं। १२ । यथा–

आभरण, वस्त्र, गंध, उत्पल, तिलक, पद्म, निधि, रत्न, वर्षधर, ह्रद, नदी, विजय, वक्षस्कार, कल्पेन्द्र । १३ ।

कुरु, मंदर, आवास, कूट, नक्षत्र, चन्द्र,सूर्यदेव, नाग, यक्ष आदि के पर्यायवाचक नामों वाले द्वीप–समुद्र असंख्यात हैं और अन्त में स्वयंभूरमणद्वीप एवं स्वयंभूरमणसमुद्र है। यह मध्यलोकक्षेत्र पूर्वानुपूर्वी का कथन है।

**169. (Question)** What is this *Tiryak-loka kshetra-purvanupurvi*?

**(Answer)** *Tiryak-loka kshetra-purvanupurvi* is like this—


नन्दीश्वर समुद्र
नन्दीश्वर समुद्र
नन्दीश्वर द्वीप
दुग्ध समुद्र
घृत समुद्र
घृत द्वीप
क्षीर समुद्र
वारुण समुद्र
पुष्कर समुद्र
कालोदधि समुद्र
लवण समुद्र
जम्बू द्वीप
जम्बू द्वीप
मेरु पर्वत

चित्र परिचय १३

Illustration No. 13

# तिर्यक् लोक क्षेत्रानुपूर्वी

तिर्यक् लोक में मनुष्यों की प्रधानता होने से इसे मनुष्य लोक भी कहा जाता है। इसका आकार थाली जैसा गोल है तथा असंख्य योजन विस्तृत है। इसमें एक के पीछे एक द्वीप और समुद्र वलयाकार (चूड़ी के आकार) में एक दूसरे से घिरे हुए हैं। जैसे–

(१) सबसे मध्य में मेरूपवर्तत के चारों तरफ जम्बूद्वीप, (२) लवणसमुद्र, (३) धातकीखण्ड, (४) कालोदधि समुद्र, (५) पुष्करवर द्वीप। (मध्य में मानुषोत्तर पर्वत है)

इस प्रकार एक द्वीप, एक समुद्र एक दूसरे को घेरे हुए असंख्य द्वीप समुद्रों के अन्त में सबसे अन्त में स्वयंभूरमण द्वीप तथा स्वयंभूरमण समुद्र है। यह एक राज प्रमाण विस्तृत तिर्यक् लोक का अन्तिम किनारा है। जम्बूद्वीप से क्रमशः गिनती करना, तिर्यक् लोक क्षेत्रानुपूर्वी है। स्वयंभूरमण समुद्र से उल्टी गिनती करना–तिर्यक् लोक क्षेत्र पश्चानुपूर्वी है।

*–सूत्र १६९*

## TIRYAK LOKA KSHETRA-ANUPURVI

As it is predominantly inhabited by human beings (*manushya*), Tiryak Loka is also called *Manushya Loka*. It is round shaped like a plate and innumerable *yojans* in area. Here *dveeps* (mass of land) and *samudra* (mass of water) alternatively surround each other in ring formation.

(1) *Meru* mountain at the center surrounded by *Jambudveep*, (2) *Lavan Samudra*, (3) *Dhatki Khand*, (4) *Kalodadhi Samudra*, (5) *Pushkarvar Dveep*. (*Manushottar* mountain at the center)

At the end of innumerable masses of land and water thus surrounding each other alternatively, there is the last pair of *Svayambhuraman Dveep* and sea of the same name. This is the edge of the one *Rajju* spread of *Tiryak Loka*. To count starting from *Jambu Dveep* in ascending order is *Tiryak Loka kshetra-purvanupurvi* and to count starting from *Svayambhuraman samudra* in reverse order is called *Tiryak Loka kshetra-paschanupurvi*.

*—Sutra : 169*

*Jambudveep, Lavanasamudra, Dhatakikhandadveep, Kalodadhisamudra, Pushkaradveep, Pushkarodasamudra, Varunadveep, Varunodasamudra, Kshiradveep, Kshirodasamudra, Ghritadveep, Ghritodasamudra, Ikshuvaradveep, Ikshuvarasamudra, Nandidveep, Nandisamudra, Arunavaradveep, Arunavarasamudra, Kundaladveep, Kundalasamudra,* and *Ruchakadveep, Ruchakasamudra.* (11)

Starting from *Jambudveep* (*dveep* means mass of land surrounded by water; continent; island) all these *dveep-samudra* (*samudra* means sea) surround each other without a gap. Beyond *Ruchakasamudra* after uncountable continents and seas lies *Bhujagavaradveep.* Further ahead after uncountable continents and seas lies *Kushavaradveep* followed by *Kraunchavaradveep* again after a gap of uncountable continents and seas. Beyond all these, after gaps of uncountable continents and seas, are continents and seas bearing beautiful names like *Abharana.* (12) Such as—

*Abharana, Vastra, Gandh, Utpala, Tilak, Padma, Nidhi, Ratna, Varshadhar, Hrad, Nadi, Vijaya, Vakshaskar, Kalpendra.* (13)

There are uncountable continents and seas having names like *Kuru, Mandar, Avaas, Koot, Nakshatra, Chandra, Suryadeva, Naag, Yaksha,* etc. and their synonyms, last one being *Svayambhuramanadveep* and *Svayambhuramanasamudra.*

This concludes the description of *Tiryak-loka kshetra-purvanupurvi* (ascending area-sequence of middle worlds).

**१७०. से किं तं पच्छाणुपुव्वी ?**

**पच्छाणुपुव्वी सयंभुरमणे य भूए य जाव जंबुद्दीवे। से तं पच्छाणुपुव्वी।**

१७०. (प्रश्न) पश्चानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) स्वयंभूरमणसमुद्र, भूतद्वीप आदि से लेकर जम्बूद्वीप पर्यन्त व्युत्क्रम से द्वीप-समुद्रों की गणना करने को मध्यलोकक्षेत्रपश्चानुपूर्वी कहते हैं। (सूत्र १६९ का विपरीत क्रम है यह।)

**170. (Question)** What is this *Tiryak-loka kshetra-pashchanupurvi* ?

**(Answer)** *Tiryak-loka kshetra-pashchanupurvi* is like this—Arranging areas (as mentioned in aphorism 169) from the last, *Svayambhuramanasamudra,* to the first, *Jambudveep,* in reverse order. Areas arranged in such descending sequential order is called *Tiryak-loka kshetra-pashchanupurvi* (descending area-sequence of middle worlds).

This concludes the description of *Tiryak-loka kshetra-pashchanupurvi* (descending sequence of middle worlds).

**१७१. से किं तं अणाणुपुव्वी ?**

**अणाणुपुव्वी एयाए चेव एगादियाए एगुत्तरियाए असंखेज्जगच्छगयाए सेढीए अण्णमण्णब्भासो दुरूवूणो। से तं अणाणुपुव्वी।**

१७१. (प्रश्न) (मध्यलोकक्षेत्र) अनानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) अनानुपूर्वी इस प्रकार है–एक से प्रारम्भ कर असंख्यात पर्यन्त की श्रेणी स्थापित कर उनका परस्पर गुणाकार करने पर निष्पन्न राशि में से आद्य और अन्तिम इन दो भंगों को छोड़कर मध्य के समस्त भंग मध्यलोकक्षेत्र अनानुपूर्वी है।

**171. (Question)** What is this *Tiryak-loka kshetra-ananupurvi* ?

**(Answer)** Place uncountable numbers starting from one and progressively adding one. Multiply all these numbers of this arithmetic progression and subtract 2 (depicting the ascending and descending sequence) from the result. This

final result is called *Tiryak-loka kshetra-ananupurvi* (random area-sequence of middle worlds).

This concludes the description of *Tiryak-loka kshetra-ananupurvi* (random area-sequence of middle worlds).

**विवेचन**–मध्यलोकवर्ती असंख्यात द्वीप-समुद्रों के मध्य में पहला द्वीप जम्बूद्वीप है और उसके बाद यथाक्रम से आगे-आगे समुद्र और द्वीप हैं। असंख्यात द्वीप-समुद्रों के अन्त में स्वयंभूरमण नामक समुद्र है। ये सभी द्वीप-समुद्र दूने-दूने विस्तार वाले, पूर्व-पूर्व समुद्र को वेष्टित किये हुए और चूड़ी के आकार वाले हैं। लेकिन जम्बूद्वीप लवणसमुद्र से घिरा हुआ थाली के आकार का है। इसके द्वारा अन्य कोई समुद्र वेष्टित नहीं है। इन असंख्यात द्वीपों की कोई गणना नहीं है। मध्यलोक के मध्य में स्थित यह जम्बूद्वीप एक लाख योजन लम्बा-चौड़ा है और इसके भी मध्य में एक लाख योजन ऊँचा सुमेरुपर्वत है।

**समुद्रीय जलों का स्वाद**–लवण समुद्र लवण के समान रस वाले जल से पूरित है। कालोद एवं पुष्करोद का जल शुद्धोदक के रस-समान रस वाला है। वारुणोद वारुणीरसवत्, क्षीरोद क्षीररस जैसे, घृतोद घृत जैसे तथा इक्षुरस समुद्र इक्षुरस जैसे स्वाद वाला है। इसके बाद के अन्तिम स्वयंभूरमणसमुद्र को छोड़कर शेष सभी समुद्र इक्षुरस जैसे स्वाद वाले जल से युक्त हैं। स्वयंभूरमणसमुद्र के जल का स्वाद शुद्ध जल जैसा है। (अनुयोगद्वार मलधारी हेमचन्द्र वृत्ति २२१)

**Elaboration**—Among the uncountable sets of continents surrounded by seas the first continent is *Jambudveep*. This is followed by others in aforesaid order. At the end of this uncountable series of continents surrounded by seas is the *Svayambhuramanasamudra*. These continents and seas get progressively double in area and surround the preceding one like concentric rings. Only *Jambudveep*, surrounded by *Lavanasamudra*, does not surround any sea and is like a circular dish. These numerous masses of land are uncountable. This *Jambudveep*, located at the center of the middle world is one hundred thousand square *yojans* in area (one *yojan* is approximately eight miles). At the center of this *Jambudveep* is *Meru* mountain that is one hundred thousand *yojans* high.

Taste of sea water : The *Lavanasamudra* is filled with water that tastes like salt (*lavana*). The water in *Kaloda* and

*Pushkaroda* seas tastes like pure water. The water in *Varunoda, Kshiroda, Ghritoda,* and *Ikshuvara* seas tastes like wine (*varuni*), milk (*kshira*), butter (*ghrit*), and sugar-cane juice (*ikshurasa*) respectively. Water of all seas after this tastes like sugar-cane juice, only that of the last one, *Svayambhuramanasamudra,* tastes like pure water. (*Vritti* by Hemachandra p. 221)

*ऊर्ध्वलोकक्षेत्रानुपूर्वी*

**१७२. उड्ढलोगखेत्ताणुपुव्वी तिविहा पण्णत्ता। तं जहा–(१) पुव्वाणुपुव्वी, (२) पच्छाणुपुव्वी, (३) अणाणुपुव्वी।**

१७२. ऊर्ध्वलोकक्षेत्रानुपूर्वी तीन प्रकार की है। जैसे–(१) पूर्वानुपूर्वी, (२) पश्चानुपूर्वी, (३) अनानुपूर्वी।

URDHVALOKA KSHETRA-ANUPURVI

**172.** *Urdhvaloka kshetra-anupurvi* is of three types—(1) *Purvanupurvi,* (2) *Pashchanupurvi,* and (3) *Ananupurvi.*

**१७३. से किं तं पुव्वाणुपुव्वी ?**

**पुव्वाणुपुव्वी (१) सोहम्मे, (२) ईसाणे, (३) सणंकुमारे, (४) माहिंदे, (५) बंभलोए, (६) लंतए, (७) महासुक्के, (८) सहस्सारे, (९) आणते, (१०) पाणते, (११) आरणे, (१२) अच्चुते (१३) गेवेज्जविमाणा, (१४) अणुत्तरविमाणा, (१५) ईसिपब्भारा। से तं पुव्वाणुपुव्वी।**

१७३. (प्रश्न) ऊर्ध्वलोकक्षेत्रविषयक पूर्वानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) (१) सौधर्म, (२) ईशान, (३) सनत्कुमार, (४) माहेन्द्र, (५) ब्रह्मलोक, (६) लान्तक, (७) महाशुक्र, (८) सहस्रार, (९) आनत, (१०) प्राणत, (११) आरण, (१२) अच्युत, (१३) ग्रैवेयकविमान, (१४) अनुत्तरविमान, (१५) ईषत्प्राग्भारापृथ्वी, इस क्रम से ऊर्ध्वलोक के क्षेत्रों की गणना करना ऊर्ध्वलोक क्षेत्रपूर्वानुपूर्वी हैं।

**173. (Question)** What is this *Urdhvaloka kshetra-purvanupurvi* ?

**(Answer)** *Urdhvaloka kshetra-purvanupurvi* is like this—(1) *Saudharma,* (2) *Ishan,* (3) *Sanatkumar,*

(4) *Mahendra,* (5) *Brahmaloka,* (6) *Lantak,* (7) *Mahashukra,* (8) *Sahasrara,* (9) *Anat,* (10) *Pranat,* (11) *Arana,* (12) *Achyut,* (13) *Graveyak,* (14) *Anuttaraviman,* (15) *Ishatpragbharaprithvi.* Areas (upper worlds or abodes of gods) arranged in such ascending sequential order is called *Urdhvaloka kshetra-purvanupurvi* (ascending area-sequence of upper worlds).

This concludes the description of *Urdhvaloka kshetra-purvanupurvi* (ascending area-sequence of upper worlds).

**१७४. से किं तं पच्छाणुपुव्वी ?**

**पच्छाणुपुव्वी ईसिपब्भारा १५ जाव सोहम्मे १। से तं पच्छाणुपुव्वी।**

१७४. (प्रश्न) ऊर्ध्वलोकक्षेत्रपश्चानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) ईषत्प्राग्भाराभूमि से सौधर्मकल्प तक के क्षेत्रों की व्युत्क्रम से गणना करना ऊर्ध्वलोक क्षेत्रपश्चानुपूर्वी हैं।

**174. (Question)** What is this *Urdhvaloka kshetra-pashchanupurvi* ?

**(Answer)** *Urdhvaloka kshetra-pashchanupurvi* is like this—Arranging areas (as mentioned in aphorism 173) from the last, *Ishatpragbharaprithvi,* to the first, *Saudharma,* in reverse order. Areas arranged in such descending sequential order is called *Urdhvaloka kshetra-pashchanupurvi* (descending area-sequence of upper worlds).

This concludes the description of *Urdhvaloka kshetra-pashchanupurvi* (descending sequence).

**१७५. से किं तं अणाणुपुव्वी ?**

**अणाणुपुव्वी एयाए चेव एगादिगाए एगुत्तरियाए पण्णरसगच्छगयाए सेढीए अण्णमण्णब्भासो दुरूवूणो। से तं अणाणुपुव्वी।**

१७५. (प्रश्न) ऊर्ध्वलोकक्षेत्र अनानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) आदि में एक रखकर एकोत्तरवृद्धि द्वारा निर्मित पन्द्रह पर्यन्त की श्रेणी में परस्पर गुणा करने पर प्राप्त राशि में से आदि और अन्त के दो भंगों को कम करने पर शेष भंगों को ऊर्ध्वलोकक्षेत्रअनानुपूर्वी कहते हैं।

**175. (Question)** What is this *Urdhvaloka kshetra-ananupurvi* ?

**(Answer)** Place fifteen numbers starting from one and progressively adding one. Multiply all these numbers of this arithmetic progression and subtract 2 (depicting the ascending and descending sequence) from the result. This final result is called *Urdhvaloka kshetra-ananupurvi* (random area-sequence of upper worlds).

This concludes the description of *Urdhvaloka kshetra-ananupurvi* (random area-sequence of upper worlds).

**विवेचन**–प्रस्तुत क्षेत्रानुपूर्वी आदि में अधोलोक, मध्यलोक तथा ऊर्ध्वलोक सम्बन्धी विस्तृत वर्णन जानने के इच्छुक मलधारी हेमचन्द्र कृत टीका तथा श्री ज्ञानमुनि कृत हिन्दी टीका भाग १ पृ. ७०० से ७५० तक देखें।

**Elaboration**—Those who desire to study more details about these lower, middle, and higher worlds may study *Tika* by *Maldhari Hemachandra* and Hindi *Tika* by Jnana Muni Part I, p. 700-750.

*क्षेत्रानुपूर्वी के वर्णन का द्वितीय प्रकार*

**१७६. अहवा ओवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी तिविहा पण्णत्ता। तं जहा–(१) पुव्वाणुपुव्वी, (२) पच्छाणुपुव्वी, (३) अणाणुपुव्वी।**

१७६. अथवा औपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी तीन प्रकार की है। यथा–(१) पूर्वानुपूर्वी, (२) पश्चानुपूर्वी, और (३) अनानुपूर्वी।

### ANOTHER AUPANIDHIKI KSHETRA-ANUPURVI

**176.** Also, this *Aupanidhiki kshetra-anupurvi* (orderly area-sequence) is of three types—(1) *Purvanupurvi,* (2) *Pashchanupurvi,* and (3) *Ananupurvi.*

१७७. से किं तं पुव्वाणुपुव्वी ?

पुव्वाणुपुव्वी एगपएसोगाढे दुपएसोगाढे जाव दसपएसोगाढे जाव असंखेज्जपएसोगाढे। से तं पुव्वाणुपुव्वी।

१७७. (प्रश्न) (औपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी सम्बन्धी) पूर्वानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) एकप्रदेशावगाढ, द्विप्रदेशावगाढ यावत् दसप्रदेशावागाढ़ यावत् असंख्यातप्रदेशावगाढ़ क्रम से क्षेत्र का कथन करना पूर्वानुपूर्वी हैं।

**177. (Question)** What is this *Purvanupurvi* (in context of *Aupanidhiki kshetra-anupurvi* or orderly area-sequence) ?

**(Answer)** *Purvanupurvi* is like this—(1) One *pradesh* (space-point), (2) An area of two space-points (*pradeshas*), (and so on...), (10) An area of ten space-points (*pradeshas*), (and so on...) (y) An area of uncountable space-points (*pradeshas*). The arrangement of aggregates of space points placed in such ascending sequential order is called *purvanupurvi* (ascending sequence).

This concludes the description of *purvanupurvi* (ascending sequence).

१७८. से किं पच्छाणुपुव्वी ?

पच्छाणुपुव्वी असंखेज्जपएसोगाढे जाव एगपएसोगाढे। से तं पच्छाणुपुव्वी।

१७८. (प्रश्न) पश्चानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) असंख्यातप्रदेशावगाढ़ यावत् एक प्रदेशावगाढ रूप में व्युत्क्रम से क्षेत्र का कथन करना पश्चानुपूर्वी हैं।

**178. (Question)** What is this *Pashchanupurvi* ?

**(Answer)** *Pashchanupurvi* is like this—(z) An aggregate (*skandh*) of uncountable space points (*pradesh*), (and so on...) (1) One space point (*pradesh*). The arrangement of aggregates of space points placed in such descending

sequential order is called *pashchanupurvi* (descending sequence).

This concludes the description of *pashchanupurvi* (descending sequence).

**१७९. से किं तं अणाणुपुव्वी ?**

**अणाणुपुव्वी एयाए चेव एगादियाए एगुत्तरियाए असंखेज्जगच्छगयाए सेढीए अन्नमन्नब्भासो दुरूवूणो। से तं अणाणुपुव्वी। से तं ओवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी। से तं खेत्ताणुपुव्वी।**

१७९. (प्रश्न) अनानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) एक से प्रारम्भ कर एकोत्तर वृद्धि द्वारा असंख्यात प्रदेश पर्यन्त की स्थापित श्रेणी का परस्पर गुणा करने से निष्पन्न राशि में से आदि और अन्तिम इन दो रूपों को कम करने पर क्षेत्रविषयक अनानुपूर्वी बनती है।

इस प्रकार से औपनिधिकी क्षेत्रानुपूर्वी की एवं साथ ही क्षेत्रानुपूर्वी की वक्तव्यता समाप्त हुई।

**179. (Question)** What is this *Ananupurvi* ?

**(Answer)** Place numbers starting from one and progressively adding one up to infinity (aggregate of infinite particles). Multiply all the numbers of this arithmetic progression and subtract 2 (depicting the ascending and descending sequence) from the result. This final result is called *ananupurvi* (random sequence).

This concludes the description of *ananupurvi* (random sequence). This concludes the description of *Aupanidhiki kshetra-anupurvi* (orderly area-sequence). This also concludes the description of *kshetra-anupurvi* (area-sequence).

*कालानुपूर्वीप्ररूपणा*

**१८०. से किं तं कालाणुपुव्वी ?**

**कालाणुपुव्वी दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–(१) ओवणिहिया य, (२) अणोवणिहिया य।**

१८०. (प्रश्न) कालानुपूर्वी क्या है ?

(उत्तर) कालानुपूर्वी के दो प्रकार हैं, यथा–(१) औपनिधिकी, और (२) अनौपनिधिकी।

KAAL-ANUPURVI

**180. (Question)** What is this *kaal-anupurvi* (time-sequence) ?

**(Answer)** *Kaal-anupurvi* (time-sequence) is of two types—(1) *Aupanidhiki kaal-anupurvi* (orderly time-sequence) and (2) *Anaupanidhiki kaal-anupurvi* (disorderly time-sequence).

**१८१. तत्थ णं जा सा ओवणिहिया सा ठप्पा।**

१८१. इनमें से औपनिधिकी कालानुपूर्वी स्थाप्य है। तथा–

**181.** Out of these, *Aupanidhiki kaal-anupurvi* (orderly time-sequence) is worth installation only (worth a mention only because of its limited scope).

**१८२. तत्थ णं जा सा अणोवणिहिया सा दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–(१) णेगम–ववहाराणं, (२) संगहस्स य।**

१८२. अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी दो प्रकार की है–(१) नैगम और व्यवहारनयसम्मत, तथा (२) संग्रहनयसम्मत।

**182.** And *anaupanidhiki kaal-anupurvi* (disorderly time-sequence) is of two types—(1) *Naigam-vyavahar naya sammat* (conforming to coordinated and particularized viewpoints) and (2) *Samgrahanaya sammat* (conforming to generalized viewpoint).

*नैगम–व्यवहारनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी*

**१८३. से किं तं णेगम–ववहाराणं अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी ?**

**णेगम-ववहाराणं अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी पंचविहा पण्णत्ता। तं जहा- (१) अट्ठपयपरूवणया, (२) भंगसमुक्कित्तणया, (३) भंगोवदंसणया, (४) समोतारे, (५) अणुगमे।**

१८३. (प्रश्न) नैगम और व्यवहारनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी क्या है?

(उत्तर) (नैगम और व्यवहारनयसम्मत) अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी के पाँच प्रकार हैं-(१) अर्थपदप्ररूपणता, (२) भंगसमुत्कीर्तनता, (३) भंगोपदर्शनता, (४) समवतार, (५) अनुगम।

**NAIGAM-VYAVAHAR NAYA SAMMAT ANAUPANIDHIKI KAAL-ANUPURVI**

**183. (Question)** What is this *Naigam-vyavahar naya sammat anaupanidhiki kaal-anupurvi* (disorderly time-sequence conforming to coordinated and particularized viewpoints)?

**(Answer)** *Naigam-vyavahar naya sammat anaupanidhiki kaal-anupurvi* (disorderly time-sequence conforming to coordinated and particularized viewpoints) is of five types—(1) *Arth-padaprarupana* (semantics), (2) *Bhang-samutkirtanata* (enumeration of divisions or *bhangs*), (3) *Bhangopadarshanata* (explication of divisions or *bhangs*), (4) *Samavatara* (compatible assimilation), and (5) *Anugam* (systematic elaboration).

**विवेचन**-जिस प्रकार द्रव्यानुपूर्वी का आधार है पुद्गल द्रव्य, तथा क्षेत्रानुपूर्वी का आधार है आकाश प्रदेश। उसी प्रकार कालानुपूर्वी का आधार है-काल, पर्याय। तीन समय, चार समय यावत् असंख्यात समय से उपलक्षित, द्रव्य कालानुपूर्वी कहलाते हैं।

असंख्यात समय की स्थिति वाले द्रव्य को कालानुपूर्वी में ग्रहण किया है, किन्तु किसी भी द्रव्य की अनन्त समय की स्थिति नहीं होती इसलिए यहाँ अनन्त समय की स्थिति वाली कालानुपूर्वी का उल्लेख नहीं है।

**Elaboration**—As the basis of *dravya-anupurvi* is matter and that of *kshetra anupurvi* is space-point, in the same way the

basis of *kaal-anupurvi* is time. Things arranged in context of units of time, such as three *samayas* (indivisible or ultimate fraction of time taken as unit), four *samayas* and so on up to uncountable *samayas*, are called *kaal-anupurvi* (time-sequence).

Things with existence measured in uncountable *samayas* have been included in *kaal-anupurvi* but as nothing has an existence measured in infinite *samayas* there is no mention of *kaal-anupurvi* of infinite *samayas*.

(The definition and elaboration of *Arth-padaprarupana* or semantics and other terms should be taken as mentioned in aphorisms 98 and 99 in connection with *Dravyanupurvi.*)

*(क) अर्थपदप्ररूपणता*

**१८४. से किं तं णेगम–ववहाराणं अट्ठपदपरूवणया ?**

**णेगम–ववहाराणं अट्ठपदपरूवणया तिसमयट्ठिईए आणुपुव्वी जाव दससमयट्ठिईए आणुपुव्वी संखेज्जसमयट्ठिईए आणुपुव्वी असंखेज्जसमयट्ठिईए आणुपुव्वी।**

**एगसमयट्ठिईए अणाणुपुव्वी।**

**दुसमयट्ठिईए अवत्तव्वए।**

**तिसमयट्ठिईयाओ आणुपुव्वीओ जाव संखेज्जसमयट्ठिईयाओ आणुपुव्वीओ; असंखेज्जसमयट्ठिईयाओ आणुपुव्वीओ।**

**एगसमयट्ठिईयाओ अणाणुपुव्वीओ। दुसमयट्ठिईयाइं अवत्तव्वयाइं। से तं णेगम–ववहाराणं अट्ठपयपरूवणया।**

१८४. **(प्रश्न)** नैगम–व्यवहारनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणता क्या है ?

**(उत्तर)** (नैगम और व्यवहारनयसम्मत) अर्थपदप्ररूपणता इस प्रकार है–तीन समय की स्थिति वाला द्रव्य, आनुपूर्वी है यावत् दस समय, संख्यात समय, असंख्यात समय की स्थिति वाला द्रव्य, आनुपूर्वी है।

एक समय की स्थिति वाला द्रव्य, अनानुपूर्वी है।

दो समय की स्थिति वाला द्रव्य, अवक्तव्यक है।

तीन समय की स्थिति वाले अनेक द्रव्य आनुपूर्वियाँ हैं यावत् संख्यातसमयस्थितिक, असंख्यातमसमयस्थितिक द्रव्य आनुपूर्वियाँ हैं।

एक समय की स्थिति वाले अनेक द्रव्य अनेक अनानुपूर्वियाँ हैं।

दो समय की स्थिति वाले अनेक द्रव्य अनेक अवक्तव्यक रूप हैं।

यह नैगम-व्यवहारनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणता का स्वरूप है।

### (A) NAIGAM-VYAVAHAR NAYA SAMMAT ARTH-PADAPRARUPANA

**184. (Question)** What is this *Naigam-vyavahar naya sammat arth-padaprarupana* (semantics conforming to coordinated and particularized viewpoints) ?

**(Answer)** *Naigam-vyavahar naya sammat arth-padaprarupana* (semantics conforming to coordinated and particularized viewpoints) is described as follows :

Substance with an existence of three *samaya* (ultimate-time-fraction) is a sequential configuration (*anupurvi*). In the same way substances with an existence of four *samayas* (ultimate-time-fraction), (and so on...), ten *samayas* (ultimate-time-fraction), countable, and uncountable *samayas* (ultimate-time-fraction) are all sequential configurations (*anupurvis*).

Substance with an existence of *one samaya* (ultimate-time-fraction) is non-sequential (*ananupurvi*).

Substance with an existence of two *samayas* (ultimate-time-fraction) is inexpressible (*avaktavya*).

There also are numerous sequential configurations (*anupurvis*) of such substances of three *samayas* (ultimate-time-fraction) existence, (and so on up to) uncountable *samayas* (ultimate-time-fraction) existence.

There also are numerous *ananupurvi* (non-sequential) substances and configurations with one *samayas* existence.

There also are numerous inexpressible (*avaktavya*) substances and configurations with two *samaya* existence.

This concludes the description of *Naigam-vyavahar naya sammat arth-padaprarupana* (semantics conforming to coordinated and particularized viewpoints).

**१८५. एयाए णं णेगम–ववहाराणं अट्ठपयपरूवणयाए जाव भंगसमुक्कित्तणया कज्जति।**

१८५. इस नैगम–व्यवहारनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणता के द्वारा यावत् भंगसमुत्कीर्तनता की जाती है।

**185.** This *Naigam-vyavahar naya sammat arth-padaprarupana* (semantics conforming to coordinated and particularized viewpoints) is used to derive and state *bhang-samutkirtanata* (enumeration of divisions or *bhangs*).

*(ख) भंगसमुत्कीर्तनता*

**१८६. से किं तं णेगम–ववहाराणं भंगसमुक्कित्तणया ?**

**णेगम–ववहाराणं भंगसमुक्कित्तणया अत्थि आणुपुव्वी, अत्थि अणाणुपुव्वी, अत्थि अवत्तव्वए, एवं दव्वाणुपुव्वीगमेणं कालाणुपुव्वीए वि ते चेव छव्वीसं भंगा भाणियव्वा जाव से तं णेगम–ववहाराण भंगसमुक्कित्तणया।**

१८६. (प्रश्न) नैगम–व्यवहारनयसम्मत भंगसमुत्कीर्तनता क्या है ?

(उत्तर) आनुपूर्वी है, अनानुपूर्वी है, अवक्तव्यक है, इस प्रकार द्रव्यानुपूर्वीवत् कालानुपूर्वी के भी २६ भंग जानना चाहिए यावत् यह नैगम–व्यवहारनयसम्मत भंगसमुत्कीर्तनता का स्वरूप है।

**(B) KAAL-ANUPURVI : BHANG-SAMUTKIRTANATA**

**186. (Question)** What is this *naigam-vyavahar naya sammat bhang-samutkirtanata* (enumeration of divisions or

*bhangs* conforming to coordinated and particularized viewpoints) ?

*Naigam-vyavahar naya sammat bhang-samutkirtanata* (enumeration of divisions or *bhangs* conforming to coordinated and particularized viewpoints) is as follows—

(1) There is an *anupurvi* (sequence), (2) There is an *ananupurvi* (non-sequence), (3) There is an *avaktavya* (inexpressible), and so on..., including the twenty six divisions as mentioned in context of *Dravyanupurvi* (see aphorisms 101 - 103).

**१८७. एयाए णं णेगम–ववहाराणं जाव किं पओयणं ?**

**एयाए णं णेगम–ववहाराणं जाव भंगोवदंसणया कज्जति।**

१८७. (प्रश्न) इस नैगम-व्यवहारनयसम्मत यावत् (भंगसमुत्कीर्तनता का) क्या प्रयोजन है ?

(उत्तर) इस नैगम–व्यवहारनयसम्मत यावत् (भंगसमुत्कीर्तनता) से भंगोपदर्शनता की जाती है।

**187. (Question)** What is the purpose of this *naigam-vyavahar naya sammat bhang-samutkirtanata* (enumeration of divisions or *bhangs* conforming to coordinated and particularized viewpoints) ?

**(Answer)** This *naigam-vyavahar naya sammat bhang-samutkirtanata* (enumeration of divisions or *bhangs* conforming to coordinated and particularized viewpoints) is used to derive and state *Bhangopadarshanata* (explication of divisions or *bhangs*).

**विवेचन**–द्रव्यानुपूर्वी की तरह कालानुपूर्वी के प्रसंग में भी छब्बीस भंग जानना चाहिए। वे छब्बीस भंग इस प्रकार हैं–

आनुपूर्वी आदि एकवचनान्त तीन पद के असंयोगी तीन भंग हैं और इसी प्रकार बहुवचनान्त पद के तीन भंग बनते हैं। इस प्रकार पृथक्-पृथक् छह भंग हो जाते हैं और संयोगपक्ष में इन तीनों पदों के द्विसंयोगी भंग तीन होते हैं। इनमें एक-एक भंग में दो-दो का संयोग होने पर एकवचन और बहुवचन को लेकर चार-चार भंग हो जाते हैं। इस प्रकार तीनों भंगों के द्विकसंयोगी कुल भंग बारह बनते हैं तथा त्रिकसंयोग में एकवचन और बहुवचन को लेकर आठ भंग बनते हैं। इस प्रकार सब भंग मिलाकर (६+१२+८=२६) छब्बीस होते हैं। द्रव्यानुपूर्वी के प्रसंग में सूत्र १०१ में इनके नाम बताये जा चुके हैं। तदनुसार यहाँ भी वही नाम समझ लेना चाहिए।

**Elaboration**—Like *dravya-anupurvi* (physical sequence) there are 26 divisions or *bhangs* conforming to *naigam-vyavahar naya* (coordinated and particularized viewpoints) in case of *kaal-anupurvi.* These are derived with mutual combination and separation. Separately taken there are six divisions or *bhangs,* three singular and three plural. Taken in combinations of two, there are three sets of four divisions or *bhangs.* In each of these sets combinations of a singular and a plural of each of the three categories make four divisions or *bhangs* each making three sets of four divisions or *bhangs* totaling to twelve divisions or *bhangs.* Taken in combination of three with singular and plural of each category there are eight divisions or *bhangs.* Thus adding together six, twelve, and eight divisions or *bhangs* make a total of twenty six divisions or *bhangs.* (refer to aphorism 101 for more details)

*(ग) भंगोपदर्शनता*

**१८८. से किं तं णेगम-ववहाराणं भंगोवदंसणया ?**

**णेगम-ववहाराणं भंगोवदंसणया-(१) तिसमयट्ठितीए आणुपुव्वी, (२) एगसमयट्ठितीए अणाणुपुव्वी, (३) दुसमयट्ठितीए अवत्तव्वए, (४) तिसमयट्ठितीयाओ आणुपुव्वीओ, (५) एगसमयट्ठितीयाओ अणाणुपुव्वीओ, (६) दुसमयट्ठितीयाइं अवत्तव्वयाइं। एवं दव्वाणुगमेणं ते चेव छव्वीसं भंगा भाणियव्वा, जाव से तं णेगम-ववहाराणं भंगोवदंसणया।**

१८८. (प्रश्न) नैगम और व्यवहारनयसम्मत भंगोपदर्शनता क्या है?

(उत्तर) नैगम और व्यवहारनयसम्मत भंगोपदर्शनता इस प्रकार है-(१) तीन समय की स्थिति वाला एक-एक परमाणु से अनन्ताणु पर्यन्त द्रव्य आनुपूर्वी है, (२) एक समय की स्थिति वाला (एक-एक परमाणु आदि) द्रव्य अनानुपूर्वी है और (३) दो समय की स्थिति वाला (परमाणु आदि द्रव्य) अवक्तव्यक है। (४) तीन समय की स्थिति वाले अनेक द्रव्य 'आनुपूर्वियाँ हैं। (५) एक समय की स्थिति वाले अनेक द्रव्य 'अनानुपूर्वियाँ' तथा (६) दो समय की स्थिति वाले द्रव्य 'अवक्तव्यक' हैं। इस प्रकार यहाँ भी द्रव्यानुपूर्वी के पाठानुरूप छब्बीस भंगों के नाम जानने चाहिए, यावत् यह भंगोपदर्शनता का आशय हैं। (सूत्र १०१ के अनुसार भंग समझें)

**(C) NAIGAM-VYAVAHAR NAYA SAMMAT BHANGOPADARSHANATA**

**188. (Question)** What is this *naigam-vyavahar naya sammat bhangopadarshanata* (explication of divisions or *bhangs* conforming to coordinated and particularized viewpoints)?

**(Answer)** *Naigam-vyavahar naya sammat bhangopadarshanata* (explication of divisions or *bhangs* conforming to coordinated and particularized viewpoints) is as follows :

**उदए त्ति मणू से, उवसंता कसाया, खइयं सम्मत्तं, खओवसमियाइं इंदियाइं, एस णं से णामे उदइए उवसमिए खइए खओवसमनिप्पन्ने ।**

२५७. (प्रश्न १) औदयिक-औपशमिक-क्षायिक-क्षयोपशमनिष्पन्नभाव क्या है ?

(उत्तर) औदयिकभाव में मनुष्य, औपशमिकभाव में उपशांतकषाय, क्षायिकभाव में क्षायिकसम्यक्त्व और क्षायोपशमिकभाव में इन्द्रियाँ, यह औदयिक-औपशमिक-क्षायिक-क्षयोपशमभावनिष्पन्न का स्वरूप है।

**257. (Question 1)** Which is this state produced by combination of *audayik-bhaava* (culminated state), *aupashamik-bhaava* (pacified state), *kshayik-bhaava* (extinct state), and *kshayopashamik-bhaava* (state of extinction-cum-pacification) ?

**(Answer)** Birth as a human being is (a consequence of) *audayik-bhaava* (culminated state), *upashant-kashaya* (pacified passions) is (a consequence of) *aupashamik-bhaava* (pacified state), *kshayik samyaktva* is (a consequence of) *kshayik-bhaava* (extinct state), and sense organs are (a consequence of) *kshayopashamik-bhaava* (state of extinction-cum-pacification). This is *audayik-aupashamik-kshayik-kshayopashamik-bhaava* (culminated, pacified, extinct and extinct-cum-pacified state).

**(२) कयरे से नामे उदइए उवसमिए खइए पारिणामियनिप्पन्ने ?**

**उदए त्ति मणूसे, उवसंता कसाया, खइयं सम्मत्तं, पारिणामिए जीवे, एस णं से णामे उदइए उवसमिए खइए पारिणामियनिप्पन्ने।**

२५७. (प्रश्न २) औदयिक-औपशमिक-क्षायिक-पारिणामिकभावनिष्पन्न भाव क्या है?

(उत्तर) औदयिकभाव में मनुष्यगति, औपशमिकभाव में उपशांतकषाय, क्षायिकभाव में क्षायिकसम्यक्त्व और पारिणामिकभाव में जीवत्व, यह औदयिक-औपशमिक-क्षायिक-पारिणामिकभावनिष्पन्न है।

**257. (Question 2)** Which is this state produced by combination of *audayik-bhaava, aupashamik-bhaava, kshayik-bhaava*, and *parinamik-bhaava* ?

**(Answer)** Birth as a human being is (a consequence of) *audayik-bhaava, upashant-kashaya* (pacified passions) is (a consequence of) *aupashamik-bhaava, kshayik samyaktva* is (a consequence of) *kshayik-bhaava*, and soul is (a consequence of) *parinamik-bhaava*. This is *audayik-aupashamik-kshayik-parinamik-bhaava* (culminated, pacified, extinct and transformed state).

**(३) कयरे से णामे उदइए उवसमिए खओवसमिए पारिणामियनिप्पन्ने ?**

**उदए त्ति मणूसे उवसंता कसाया खओवसमियाइं इंदियाइं पारिणामिए जीवे, एस णं से णामे उदइए उवसमिए खओवसमिए पारिणामियनिप्पन्ने।**

२५७. (प्रश्न ३) औदयिक-औपशमिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिकनिष्पन्नभाव क्या है?

(उत्तर) औदयिकभाव में मनुष्यगति, औपशमिकभाव में उपशांतकषाय, क्षायोपशमिकभाव में इन्द्रियाँ और पारिणामिकभाव में जीवत्व, इस प्रकार से औदयिक-औपशमिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिकभावनिष्पन्न का स्वरूप है।

**257. (Question 3)** Which is this state produced by combination of *audayik-bhaava, aupashamik-bhaava, kshayopashamik-bhaava, and parinamik-bhaava* ?

**(Answer)** Birth as a human being is (a consequence of) *audayik-bhaava, upashant-kashaya* (pacified passions) is (a consequence of) *aupashamik-bhaava,* sense organs are (a consequence of) *kshayopashamik-bhaava,* and soul is (a consequence of) *parinamik-bhaava.* This is *audayik-aupashamik-kshayopashamik-parinamik-bhaava* (culminated, pacified, extinct-cum-pacified and transformed state).

**(४) कयरे से णामे उदइए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्पन्ने ?**

**उदइ त्ति मणूसे खइयं सम्मत्तं खओवसमियाइं इंदियाइं पारिणामिए जीवे, एस णं से नामे उदइए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्पन्ने।**

२५७. (प्रश्न ४) औदयिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिकभावनिष्पन्ननाम क्या हैं ?

(उत्तर) औदयिकभाव में मनुष्यगति, क्षायिकभाव में क्षायिकसम्यक्त्व, क्षायोपशमिकभाव में इन्द्रियाँ और पारिणामिकभाव में जीवत्व, यह औदयिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिकभावनिष्पन्न नाम है।

**257. (Question 4)** Which is this state produced by combination of *audayik-bhaava, kshayik-bhaava, kshayopashamik-bhaava,* and *parinamik-bhaava* ?

**(Answer)** Birth as a human being is (a consequence of) *audayik-bhaava, kshayik samyaktva* is (a consequence of) *kshayik-bhaava,* sense organs are (a consequence of) *kshayopashamik-bhaava*, and soul is (a consequence of) *parinamik-bhaava.* This is *audayik-kshayik-kshayopashamik-parinamik-bhaava* (culminated, extinct, extinct-cum-pacified and transformed state).

**(५) कयरे से णामे उवसमिए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्पन्ने ?**

**उवसंता कसाया खइयं सम्मत्तं खओवसमियाइं इंदियाइं पारिणामिए जीवे, एस णं से नामे उवसमिए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्पन्ने।**

२५७. (प्रश्न ५) औपशमिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिकनिष्पन्न भाव क्या है?

(उत्तर) औपशमिकभाव में उपशांतकषाय, क्षायिकभाव मे क्षायिक-सम्यक्त्व, क्षायोपशमिकभाव में इन्द्रियाँ और पारिणामिकभाव में जीवत्व, यह औपशमिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिकनिष्पन्न भाव का स्वरूप है।

**257. (Question 5)** Which is this state produced by combination of *aupashamik-bhaava, kshayik-bhaava, kshayopashamik-bhaava*, and *parinamik-bhaava.*

**(Answer)** *Upashant-kashaya* (pacified passions) is (a consequence of) *aupashamik-bhaava, kshayik samyaktva* is (a consequence of) *kshayik-bhaava,* sense organs are (a consequence of) *kshayopashamik-bhaava,* and soul is (a consequence of) *parinamik-bhaava*. This is *aupashamik-kshayik-kshayopashamik-parinamik-bhaava* (pacified state, extinct, extinct-cum-pacified and transformed state).

**विवेचन**-इन पाँचों भंगों में से तीसरा और चौथा ये दो भंग ही जीव में घटित होते हैं, शेष तीन नहीं। घटित होने वाले भंगों का स्पष्टीकरण इस प्रकार है-

औदयिक-औपशमिक-क्षायोपशमिक और पारिणामिक इन चार भावों के संयोग से निष्पन्न तृतीय भंग नारक आदि चारों गतियों में होता है। क्योंकि गति औदयिकी है तथा प्रथम सम्यक्त्व के लाभकाल में उपशमभाव होने से और मनुष्यगति में उपशम-श्रेणी में भी औपशमिक सम्यक्त्व होने से औपशमिकभाव है। इन्द्रियाँ क्षायोपशमिकभाव और जीवत्व पारिणामिकभाव रूप हैं। इस प्रकार यह तृतीय भंग सभी गतियों में पाया जाता है।

चौथा भंग भी तृतीय भंग की तरह नरकादि चारों गतियों में सम्भव है। परन्तु विशेषता यह है कि तृतीय उपशमसम्यक्त्व के स्थान पर यहाँ क्षायिक सम्यक्त्व समझना चाहिए।

**Elaboration**—Of these five *bhangs* (types) only third and fourth are applicable to beings, remaining three are not. The applicable *bhangs* (types) are explained as follows—

The third type produced by combination of *audayik-bhaava, aupashamik-bhaava, kshayopashamik-bhaava*, and *parinamik-bhaava* is applicable to all the four realms including hell. This is

because birth in any realm is the sign of *audayik-bhaava*, the first step in the direction of righteousness in any realm and the progressive pacification in human realm are signs of *aupashamik-bhaava*, sense organs are signs of *kshayopashamik-bhaava,* and soul is the sign of *parinamik-bhaava.* Thus this third type is applicable to all beings in all realms.

In the same way the fourth type is also applicable to all beings in all realms, the only difference being that instead of *aupashamik-bhaava* it is *kshayik-bhaava.*

*पंचसंयोगी भाव*

**२५८. तत्थ णं जे से एक्के पंचकसंजोगे से णं इमे–अत्थि नामे उदइए उवसमिए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्पन्ने।**

२५८. पंचसंयोगज भाव का एक भंग इस प्रकार है–औदयिक–औपशमिक–क्षायिक–क्षायोपशमिक–पारिणामिकनिष्पन्नभाव।

SANNIPATIK-BHAAVA WITH A COMBINATION OF FIVE

**258.** The name of the single *bhang* (type) of *Sannipatik-bhaava* (mixed state) produced by combination of five is as follows—

(1) Produced by combination of *audayik-bhaava* (culminated state), *aupashamik-bhaava* (pacified state), *kshayik-bhaava* (extinct state), *kshayopashamik-bhaava* (state of extinction-cum-pacification), and *parinamik-bhaava* (transformed state).

**२५९. कयरे से नामे उदइए उवसमिए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्पन्ने ?**

**उदए त्ति मणूसे उवसंता कसाया खइयं सम्मत्तं खओवसमियाइं इंदियाइं पारिणामिए जीवे, एस णं से णामे उदइए उवसमिए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्पन्ने। से तं सन्निवाइए। से तं छण्णामे।**

२५९. (प्रश्न) औदयिक-औपशमिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिकनिष्पन्नभाव कौन-सा है ?

(उत्तर) औदयिकभाव में मनुष्यगति, औपशमिकभाव में उपशांतकषाय, क्षायिकभाव में क्षायिकसम्यक्त्व, क्षायोपशमिकभाव में इन्द्रियाँ और पारिणामिकभाव में जीवत्व, यह औदयिक-औपशमिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिकभावनिष्पन्न सान्निपातिक भाव का स्वरूप है।

**259. (Question)** Which is this state produced by combination of *audayik-bhaava, aupashamik-bhaava, kshayik-bhaava, kshayopashamik-bhaava,* and *parinamik-bhaava.*

**(Answer)** Birth as a human being is (a consequence of) *audayik-bhaava, upashant-kashaya* (pacified passions) is (a consequence of) *aupashamik-bhaava, kshayik samyaktva* is (a consequence of) *kshayik-bhaava,* sense organs are (a consequence of) *kshayopashamik-bhaava,* and soul is (a consequence of) *parinamik-bhaava.* This is *audayik-aupashamik-kshayik-kshayopashamik-parinamik-bhaava* (culminated, extinct, pacified, extinct-cum-pacified and transformed state).

This concludes the description of *Sannipatik-bhaava* (mixed state). This also concludes the description of *Chhaha nama* (Six-named).

**विवेचन**–औदयिक आदि पाँच मूल भावों के संयोग से निष्पन्न सान्निपातिकभाव के द्विकसंयोगी दस, त्रिकसंयोगी दस, चतुष्कसंयोगी पाँच और पंचसंयोगी एक–कुल छब्बीस भंगों में से जीवों में सिर्फ द्विकसंयोगी एक, त्रिकसंयोगी दो, चतुष्क संयोगी दो और पंचसंयोगी एक, इस प्रकार छह भंग पाये जाते हैं। शेष भंग प्ररूपणामात्र के लिए समझना चाहिए।

**Elaboration**—The total number of *Sannipatik-bhaavas* (mixed states) produced by combination of five basic states in various combinations of two (10), three (10), four (5), and five (1), are twenty six. Out of these only six are applicable to beings—one out of the combinations of two, two each out of the combinations of three and four, and the only one with combination of five. All the remaining types are purely academic.

## स्वर-मण्डल प्रकरण
## THE DISCUSSION ON SVAR

*सप्तनाम निरूपण*

२६०. (१) से किं तं सत्तनामे ?

**सत्तनामे सत्त सरा पण्णत्ता। तं जहा—**

**(१) सज्जे, (२) रिसभे, (३) गंधारे, (४) मज्झिमे, (५) पंचमे सरे।**

**(६) धेवए चेव, (७) णेसाए, सरा सत्त वियाहिया॥२५॥**

२६०. (प्रश्न १) सप्तनाम क्या है ?

(उत्तर) सप्तनाम सात प्रकार के स्वर रूप है। स्वरों के नाम इस प्रकार हैं—(१) षड्ज, (२) ऋषभ, (३) गांधार, (४) मध्यम, (५) पंचम, (६) धैवत, और (७) निषाद; ये सात स्वर कहे गये हैं॥२५॥

**SAAT NAMA (SEVEN-NAMED)**

**260. (Question 1)** What is this *Saat nama* (Seven-named)?

**(Answer)** *Saat nama* (Seven-named) is the seven types of *Svar* (musical notes). There names are—(1) *Shadj*, (2) *Rishabh*, (3) *Gandhar*, (4) *Madhyam*, (5) *Pancham*, (6) *Dhaivat*, and (7) *Nishad*. These are said to be the seven *svars* (musical notes). (25)

**विवेचन**—सप्तनाम के प्रकरण में यहाँ सात स्वरों का वर्णन किया है। स्वर के अनेक अर्थों में यहाँ पर 'ध्वनि' या 'नाद' अर्थ लिया गया है। ध्वनि संगीत का विषय है। संगीत शास्त्र के अनुसार-जिसमें मर्यादित कम्पन हो, आरोह, अवरोह युक्त हो, जो स्निग्ध हो, श्रुति मधुर हो, उच्चारण के बाद जिसमें गुंजन (रणन) हो, वह स्वर है। 'स्वर' के षड्ज आदि सात भेद हैं। संगीत शास्त्र में सा रे ग म प ध नी इनके संकेत हैं। अंग्रेजी में इन्हें क्रमशः Do, Re, Mi, Fa, Soh, La, Si कहते हैं इनके संकेत हैं, C. D. S. F. G. A. B.। सात स्वरों की २२ श्रुतियाँ—छोटी-छोटी सुरीली ध्वनियाँ भी है। सात स्वरों के लक्षण इस प्रकार हैं—

(१) **षड्ज**–कण्ठ,वक्षस्थल, तालु, जिह्वा, दन्त और नासिका इन छह स्थानों के संयोग से उत्पन्न होने वाला स्वर 'षड्ज' कहा जाता है।

(२) **ऋषभ**–ऋषभ का अर्थ बैल है। नाभि से उठकर और कण्ठ एवं शिर से टकराकर बैल (ऋषभ) के समान गर्जना रूप नाद या ध्वनि के समान स्वर।

(३) गांधार–नाभि से समुत्थित एवं कंठ व हृदय से टकराकर तथा नाना प्रकार की गंधों का वाहक स्वर गांधार कहलाता है।

(४) **मध्यम**–शरीर के मध्यभाग–नाभिप्रदेश में उत्पन्न हुई और उरस् एवं हृदय से टकराकर पुनः नाभिस्थान में आई हुई वायु द्वारा जो उच्चनाद होता है, वह 'मध्यम' स्वर है।

(५) **पंचम**–जिस स्वर में नाभिस्थान से उत्पन्न वायु वक्षस्थल, हृदय, कंठ और मस्तक में व्याप्त होकर स्वर रूप में परिणत हो, उसे पंचम स्वर कहते हैं।

(६) धैवत–पूर्वोक्त सभी स्वरों का अनुसंधान करने वाला उनके पीछे दौड़ने वाला स्वर धैवत कहलाता है।

(७) **निषाद**–सभी स्वरों का अभिभव/पराभव करने वाला स्वर। यह तेजस्वी होने के कारण अन्य स्वरों को दबा देता है। आदित्य (सूर्य) इसका स्वामी है।

ये सातों स्वर जीव और अजीव दोनों पर आश्रित हैं। अर्थात् जीव और अजीव के माध्यम से इनका प्रादुर्भाव हो सकता है।

**Elaboration**—In this discussion on *Saat Nama* (seven named) seven *svar* (musical notes) are described. Of many meanings of the word *svar* here *dhvani* (sound) or *naad* (resonating sound) have been chosen. Sound comes under the study of music. According to musicology the definition of *svar* (musical note) is—that which has regulated vibrations, ascending and descending scale (*aaroh* and *avaroh*), softness, melody, and resonance is called *svar* (musical note). Their are seven kinds of *svars* (musical notes) including *Shadj*. In Indian music they are represented by seven symbols—**Sa, Re, Ga, Ma, Pa, Dha,** and **Ni**. In western music these symbols are Do (C), Re (D), Me (S), Fa (F), Soh (G), La (A), Si (B). These seven *svars* (musical notes) have twenty two *shruti* (short melodious sounds). The seven *svars* (musical notes) are defined as follows—

**(1) Shadj**—This note is produced by the combined activity of six parts of the human body, *i.e.* nose, throat, chest, palate, tongue, and teeth.

**(2) Rishabh**—*Rishabh* means bull. This note resembles the roaring of a bull and is produced by the wind rising from the navel and striking the upper part of the throat.

**(3) Gandhar**—This note is so called because it is the carrier of various smells. It is produced by wind which rises from the navel and strikes at the heart and the throat.

**(4) Madhyam**—A loud note rising from the navel striking at the chest and heart and reflecting back to the navel.

**(5) Pancham**—This note is produced by the air rising from the navel and producing sound vibrating the chest, heart, throat and head. As five parts of the body are involved it is called *pancham.*

**(6) Dhaivat**—This note follows or chases all other notes.

**(7) Nishad**—This note envelops all other notes. As it is sharpest and most vibrant it subdues all other notes. Its guardian is said to be the sun.

These seven notes are based on *jiva* (living) and *ajiva* (non-living). In other words these can be produced by living as well as non-living things.

*सात स्वरों के स्वरस्थान*

(२) एएसि णं सत्तण्हं सराणं सत्त सरट्ठाणा पण्णत्ता। तं जहा–

(१) सज्जं च अग्गजीहाए, (२) उरेण रिसहं सरं।

(३) कंठुग्गएण गंधारं, (४) मज्झजीहाए मज्झिमं॥२६॥

(५) नासाए पंचमं बूया, (६) दंतोट्ठेण धेवतं।

(७) भमुहक्खेवेण णेसायं, सरट्ठाणा वियाहिया॥२७॥

(२६०–२) इन सात स्वरों के सात स्वर–(उच्चारण)स्थान कहे गये हैं। वे स्थान इस प्रकार हैं–

(१) जिह्वा के अग्रभाग से षड्जस्वर का उच्चारण होता है।

(२) वक्षस्थल से ऋषभस्वर का

(३) कण्ठ से गांधारस्वर का

(४) जिह्वा के मध्य भाग से मध्यम स्वर का

(५) नासिका से पंचमस्वर का

(६) दाँत और ओठ के संयोग से धैवतस्वर का तथा

(७) मूर्धा (भ्रकुटि तने हुए शिर) से निषाद स्वर का उच्चारण किया जाता है। ये सातों स्वरों के मूल स्थान बतलाये गये हैं॥२६॥२७॥

**PLACES OF ORIGIN OF SEVEN SVARS**

**260. (2)** There are said to be seven *svars* (places of origin) of these seven *svars* (musical notes). They are as follows—

(1) *Shadj* is produced from the tip of the tongue.

(2) *Rishabh* is produced from the chest.

(3) *Gandhar* is produced from the throat.

(4) *Madhyam* is produced from the middle of the tongue.

(5) *Pancham* is produced from the nose.

(6) *Dhaivat* is produced from the teeth and lips.

(7) *Nishad* is produced from raised eyebrows (eyebrows are raised when this note is produced).

This concludes the description of places of origin of *svars* (musical notes).

**विवेचन**–पिछले विवेचन में संगीत शास्त्र के अनुसार सातों स्वरों के भिन्न-भिन्न स्थान बताये हैं। किन्तु यहाँ पर मूल सूत्र में एक-एक स्वर का एक-एक मूल स्थान बताया है। यह सत्य है कि एक स्वर के उच्चारण में विभिन्न अवयवों पर जोर पड़ता है, किन्तु प्रत्येक स्वर

के उच्चारण में मुख्य रूप में जिस स्थान की भूमिका रहती है–यहाँ उसी अपेक्षा से उस एक–एक स्थान का उल्लेख किया गया है। किसी–किसी प्रति में निषाद स्वर का उत्पत्ति स्थान **मुद्धाणेणय** णेसा–पाठ द्वारा मूर्धा, मस्तक बताया है। व्यावहारिक दृष्टि से यह पाठ अधिक संगत प्रतीत होता है।

*(संगीत सम्बन्धी विस्तृत विवेचन देखें श्री ज्ञानमुनि कृत हिन्दी टीका, भाग २ पृ. २३८–४२ तक)*

**Elaboration**—Earlier we discussed various places in the body connected with seven musical notes. Here a single place of origin of each *svar* (musical notes) is stated. It is true that to produce a particular note various parts of the body are activated but one particular place plays a dominant role in producing a specific note. Here those places have been listed. In some alternative texts the source of *nishad svar* (musical note) is shown as head. Practically speaking the text used here appears to be more logical.

(for more details about music refer to Hindi Tika of *Anuyogadvara Sutra* by Shri Jnana Muni, part-2, p. 238-42)

*जीवनिश्रित सप्त स्वर*

**(३) सत्त सरा जीवणिस्सिया पण्णत्ता। तं जहा–**

**(१) सज्जं रवइ मयूरो, (२) कुक्कुडो रिसभं रसं।**

**(३) हंसो रवइ गंधारं, (४) मज्झिमं तु गवेलगा॥२८॥**

**(५) अह कुसुमसंभवे काले कोइला पंचमं सरं।**

**(६) छट्ठं च सारसा कुंचा, (७) णेसायं सत्तमं गओ॥२९॥**

(२६०–३) जीवनिश्रित–जीवों द्वारा उच्चारित होने वाले सातस्वरों का स्वरूप इस प्रकार है–


(१) मयूर षड्जस्वर में बोलता है।

(२) कुक्कुट (मुर्गा) ऋषभस्वर में

(३) हंस गांधारस्वर में

(४) गवेलक (भेड़–मेमना) मध्यमस्वर में

# THE STARTING PLACE OF SEVEN SOUNDS (SVAR)



चित्र परिचय १७

Illustration No. 17

# सप्त स्वरों के उत्पत्ति स्थान

सभी स्वरों का उत्पत्ति स्थान नाभि-प्रदेश हैं। वहाँ से उठकर जिस स्थान पर स्वर में कुछ भिन्न प्रकार की ध्वनि, गुंजन आदि विशेषता उत्पन्न होती है, उसे स्वरों का उत्पत्ति स्थान माना है। जैसे–

(१) **षड्ज स्वर**–यह जीभ के अगले भाग से अर्थात् कण्ठ के पास जहाँ से जिह्वा का प्रारम्भ होता है वहाँ से निःसृत होता है।

(२) **ऋषभ स्वर**–वक्षस्थल (छाती) से, (३) **गांधार स्वर**–कण्ठ के अग्रभाग से, (४) **मध्यमस्वर**–जिह्वा के मध्य भाग से, (५) **पंचम स्वर**–नाशिका से, (६) **धैवत स्वर**–दांत और ओष्ठ (होठ) से, (७) **निषाद स्वर**–भोंह को ऊपर उठाने से निकलता है।

**जीव–अजीव निश्रित**

| स्वर | जीव | अजीव | स्वर | जीव | अजीव |
|---|---|---|---|---|---|
| १. षड्ज | मोर | मृदंग | २. ऋषभ | मुर्गा | गोमुखी |
| ३. गांधार | हंस | शंख | ४. मध्यम | मेमना | मंजीरा |
| ५. पंचम | कोकिल | गोधिका | ६. धैवत | सारस | ढोलक |
| ७. निषाद | हाथी | महाभेरी | | | |

*–सूत्र २६०*

# PLACES OF ORIGIN OF SEVEN SVARS

Athough all the *svars* (musical notes) originate at the navel in the human body, after rising from there they get specific tone, pitch and other qualities by vibrating at other parts of the body. Therefore these apparent sources of *svar* are said to be the places of origin. They are as follows—

(1) *Shadj* is produced from the beginning of the tongue (at the throat). (2) *Rishabh* is produced from the chest. (3) *Gandhar* is produced from the top of the throat. (4) *Madhyam* is produced from the middle of the tongue. (5) *Pancham* is produced from the nose. (6) *Dhaivat* is produced from the teeth and lips. (7) *Nishad* is produced from raised eyebrows.

**SVARS (MUSICAL NOTES) ASSOCIATED WITH BEINGS AND NON-BEINGS**

| S. No. | Svar | Jiva | Ajiva |
|---|---|---|---|
| 1. | *Shadj svar* | Pea-cock | Mridang |
| 2. | *Rishabh svar* | Cock | Gomukhi |
| 3. | *Gandhar svar* | Swan | Conch-shell |
| 4. | *Madhyam svar* | Lamb | Manjira |
| 5. | *Pancham svar* | Cuckoo | Godhika |
| 6. | *Dhaivat svar* | Cranes | *Dholak* |
| 7. | *Nishad svar* | Elephant | Mahabheri |

*—Sutra : 260*

(५) पुष्पोत्पत्तिकाल (वसन्त ऋतु में) कोयल पंचमस्वर में

(६) सारस और क्रौंच पक्षी धैवतस्वर में, तथा

(७) हाथी निषाद स्वर में बोलता है॥२८॥२९॥

**SVARS ASSOCIATED WITH BEINGS**

**260. (3)** The seven *svars* (musical notes) associated with beings are as follows—

(1) Pea-cock produces *Shadj svar* (musical note).

(2) Cock produces *Rishabh svar* (musical note).

(3) Swan produces *Gandhar svar* (musical note).

(4) Sheep or ram produces *Madhyam svar* (musical note).

(5) Cuckoo produces *Pancham svar* (musical note) when flowers blossom (in the spring season).

(6) Cranes and curlews (*kraunch*) produce *Dhaivat svar* (musical note).

(7) Elephant produces *Nishad svar* (musical note).

*अजीवनिश्रित सप्तस्वर*

**(४) सत्त सरा अजीवणिस्सिया पण्णत्ता। तं जहा—**

**(१) सज्जं रवइ मुयंगो, (२) गोमुही रिसहं सरं।**

**(३) संखो रवइ गंधारं, (४) मज्झिमं पुण झल्लरी॥३०॥**

**(५) चउचलणपतिट्ठाणा गोहिया पंचमं सरं।**

**(६) आडंबरो धेवइयं, (७) महाभेरी य सत्तमं॥३१॥**

(२६०—४) अजीवनिश्रित सप्तस्वर इस प्रकार हैं—

(१) मृदंग (दोनों ओर चमड़े से मढ़ा हुआ) षड्जस्वर निकालता है।

(२) गोमुखी (तुरही—नरसिंघा) नामक वाद्य) से ऋषभस्वर निकलता है।

(३) शंख से गांधारस्वर निकलता है।

(४) झालर (झाँझ) से मध्यमस्वर निकलता है।

(५) चार चरणों पर स्थित (चार पायों पर रखी हुई) गोधिका से पंचमस्वर निकलता है।

(६) आडम्बर (नगाड़ा-ढोल) से धैवतस्वर निकलता है।

(७) महाभेरी (विशाल आकार का नगाड़ा) से निषाद स्वर निकलता है ॥३०-३१॥

**SVARS ASSOCIATED WITH NON-BEINGS**

**260. (4)** The seven *svars* (musical notes) associated with non-beings are as follows—

(1) *Mridang* produces *Shadj svar* (musical note). (*Mridang* is a type of Indian drum; a hollow barrel like musical instrument covered on both sides with suitable skin or membrane).

(2) *Gomukhi* (*Turuhi* or *Narasingha*; trumpet like musical instrument) produces *Rishabh svar* (musical note).

(3) Conch-shell produces *Gandhar svar* (musical note).

(4) *Jhalar* (*Jhanjh*; Cymbal like musical instrument) produces *Madhyam svar* (musical note). (30)

(5) *Godhika*, fixed on four legs, (a type of musical instrument) produces *Pancham svar* (musical note).

(6) *Adambar* (*Nagara; Dhol;* a percussion instrument like big kettledrum) produces *Dhaivat svar* (musical note).

(7) *Mahabheri* (a huge drum) produces *Nishad svar* (musical note). (31)

**विवेचन**-सातों स्वरों की उत्पत्ति में विभिन्न पशु-पक्षियों के उदाहरण देने से संगीत शास्त्रीय विद्वानों की यह धारणा पुष्ट होती है कि मनुष्य की अपेक्षा पशु-पक्षी की ध्वनि अधिक संगीतमय होती है।

अनुसंधान करने वालों का यह मत है कि पशु–पक्षियों में संगीत का विशेष उपयोग होता है, वे निराशा, हर्ष, भय, प्रेम, आनन्द और क्रोध आदि भावों को प्रकट करते हुए विभिन्न स्वरों में बोलते पाये जाते हैं।

कुछ विद्वानों का यह भी मत है कि मनुष्य ने संगीत कला पशु–पक्षियों से ग्रहण की है। (देखें, ध्वनि और संगीत पृ. १४३)

**Elaboration**—The examples of animals given as sources of seven musical notes affirm the theory given by scholars that sounds produced by animals are more musical as compared to that produced by humans. Researchers opine that animals have greater use of musical sounds. In their effort to convey feelings of despair, joy, fear, love, ecstasy, anger, etc. they are found to use a variety of notes and tones. Some scholars even go to the extant that man has learned music from animals and birds. (*Dhvani aur Sangeet*, p. 143)

*सप्तस्वरों के स्वरलक्षण तथा फल*

**(५) एएसि णं सत्तण्हं सराणं सत्त सरलक्खणा पण्णत्ता। तं जहा–**

**(१) सज्जेण लहइ वित्तिं कयं च न विणस्सई।**
**गावो पुत्ता य मित्ता य नारीणं होति वल्लहो॥३२॥**

**(२) रिसहेणं तु एसज्जं सेणावच्चं धणाणि य।**
**वत्थ गंधमलंकारं इत्थीओ सयणाणि य॥३३॥**

**(३) गंधारे गीतजुत्तिण्णा वज्जवित्ती कलाहिया।**
**हवंति कइणो पण्णा जे अण्णे सत्थपारगा॥३४॥**

**(४) मज्झिमसरमंता उ हवंति सुहजीविणो।**
**खायई पियई देई मज्झिमस्सरमस्सिओ॥३५॥**

**(५) पंचमस्सरमंता उ हवंती पुहवीपती।**
**सूरा संगहकत्तारो अणेग णरणायगा॥३६॥**

(६) धेवयस्सरमंता उ हवंति कलहप्पिया।

साउणिया वग्गुरिया सोयरिया मच्छबंधा य॥३७॥

(७) चंडाला मुट्ठिया मेता, जे यऽण्णे पावकारिणो।

गोघातगा य चोरा य नेसातं सरमस्सिता॥३८॥

(२६०-५) इन सात स्वरों के (फल प्राप्ति के अनुसार) सात स्वर लक्षण कहे गये हैं। जैसे-

(१) षड्जस्वर वाला मनुष्य वृत्ति-आजीविका प्राप्त करता है। उसका प्रयत्न निष्फल नहीं जाता है। उसे गोधन, पुत्र-पौत्रादि और सन्मित्रों का संयोग मिलता है। वह स्त्रियों का प्रिय होता है॥३२॥

(२) ऋषभस्वर वाला मनुष्य ऐश्वर्यशाली होता है। सेनापतित्व, धन-धान्य, वस्त्र, गंध-सुगंधित पदार्थ, आभूषण-अलंकार, स्त्री, शयनासन आदि भोगसाधनों को प्राप्त करता है॥३३॥

(३) गांधारस्वर से गायन करने वाला श्रेष्ठ आजीविका प्राप्त करता है। वादित्रवृत्ति-गाने का शौकीन होता है। कलाविदों में श्रेष्ठ-शिरोमणि माना जाता है। कवि अथवा कर्त्तव्यशील होता है। प्राज्ञ-बुद्धिमान्-चतुर तथा अनेक शास्त्रों में पारंगत होता है॥३४॥

(४) मध्यमस्वर वाले सुखजीवी होते हैं। रुचि के अनुरूप खाते-पीते और सुख से जीते हैं तथा दूसरों को भी खिलाते-पिलाते एवं दान देते हैं॥३५॥

(५) पंचमस्वर वाला व्यक्ति राजा, शूरवीर, संग्राहक और अनेक मनुष्यों का नायक होता है॥३६॥

(६) धैवतस्वर वाला पुरुष कलहप्रिय, शाकुनिक (पक्षियों को मारने वाला-चिड़ीमार), वागुरिक (शिकारी-हिरण आदि पकड़ने-फँसाने वाला), शौकरिक (सूअरों का शिकार करने वाला) और मत्स्यबंधक (मच्छीमार) होता है॥३७॥

(७) निषादस्वर वाला पुरुष चांडाल, वधिक, मुक्केबाज, गोघातक, चोर और इसी प्रकार के दूसरे-दूसरे पाप करने वाला होता है॥३८॥

## CHARACTERISTICS AND RESULTS OF SEVEN SVARS

**260. (5)** There are said to be seven characteristics (based on the results or fruits) of these seven *svars* (musical notes). They are as follows—

(1) A person with *Shadj svar* (musical note) easily gains his livelihood. His efforts are never wasted. He is endowed with cattle, sons and grandsons, etc., and enjoys company of good friends. He is popular among women. (32)

(2) A person with *Rishabh svar* (musical note) is endowed with majesty and splendour. He gains the status of a commander (or other such high position) and means of pleasure and comfort including wealth and grains, apparels, perfumes, ornaments, woman, furniture, etc. (33)

(3) A person with *Gandhar svar* (musical note) is endowed with affluence. He is fond of performing musical recitals and gets recognition as accomplished musician. He is an upright person or a poet. He is wise, clever, and scholarly. (34)

(4) A person with *Madhyam svar* (musical note) is a happy-go-lucky man. He eats, drinks, and lives according to his taste and also offers such facilities to others. He is an altruistic person. (35)

(5) A person with *Pancham svar* (musical note) is a king (lord of the land), a brave individual, an acquirer and collector of things, and a leader of men. (36)

(6) A person with *Dhaivat svar* (musical note) is quarrelsome, hunter of birds, killer and catcher of animals, and a killer of pigs and fish. (37)

(7) A person with *Nishad svar* (musical note) is *chandal* (keeper of cremation ground), butcher, boxer, cow-slaughterer, thief and indulges in other such sinful and despicable activities. (38)

**(६) एतेसि णं सत्तण्हं सराणं तओ गामा पण्णत्ता। तं जहा—(१) सज्जग्गामे, (२) मज्झिमग्गामे, (३) गंधारग्गामे।**

(२६०–६) इन सात स्वरों के तीन ग्राम कहे गये हैं। वे इस प्रकार–

(१) षड्ज ग्राम, (२) मध्यम ग्राम, (३) गांधार ग्राम।

## GRAM AND MURCCHANA OF SEVEN SVARS

**260. (6)** There are said to be three *grams* (scales) of these seven *svars* (musical notes). They are—

(1) *Shadj gram*, (2) *Madhyam gram*, (3) *Gandhar gram*.

**(७) सज्जगामस्स णं सत्त मुच्छणाओ पण्णत्ताओ। तं जहा–**

**मंगी कोरव्वीया हरी य रयणी य सारकंता य।**

**छट्ठी य सारसी नाम सुद्धसज्जा य सत्तमा॥३९॥**

(२६०–७) षड्ज ग्राम की सात मूर्च्छनाएँ कही गई हैं। उनके नाम हैं–

(१) मंगी, (२) कौरवीया, (३) हरित्, (४) रजनी, (५) सारकान्ता, (६) सारसी और (७) शुद्धषड्जा॥३९॥

**260. (7)** The *Shadj gram* (scale) has seven *Murcchanas* (modulations). They are—

(1) *Mangi*, (2) *Kauraviya*, (3) *Harit*, (4) *Rajani*, (5) *Sarakanta*, (6) *Sarasi*, and (7) *Shuddha Shadja*. (39)

**(८) मज्झिमगामस्स णं सत्त मुच्छणाओ पण्णत्ताओ। तं जहा–**

**उत्तरमंदा रयणी उत्तरा उत्तरायता**

**अस्सोकंता य सोवीरा अभीरू भवति सत्तमा॥४०॥**

(२६०–८) मध्यम ग्राम की सात मूर्च्छनाएँ कही हैं। जैसे–

(१) उत्तरमंदा, (२) रजनी, (३) उत्तरा, (४) उत्तरायता, (५) अश्वक्रान्ता, (६) सौवीरा और (७) अभिरुद्गता॥४०॥

**260. (8)** The *Madhyam gram* (scale) has seven *Murcchanas* (modulations). They are—

(1) *Uttaramanda*, (2) *Rajani,* (3) *Uttara,* (4) *Uttarayata,* (5) *Ashvakranta,* (6) *Sauvira,* and (7) *Abhirudgata.* (40)

**(९) गंधारगामस्स णं सत्त मुच्छणाओ पण्णत्ताओ। तं जहा–**

**नंदी य खुड्डिमा पूरिमा चउथी य सुद्धगंधारा।**

**उत्तरगंधारा वि य पंचमिया हवइ मुच्छा उ॥४१॥**

**सुट्ठुत्तरमायामा सा छट्ठा नियमसो उ णायव्वा।**

**अहीउत्तरायता कोडिमा य सा सत्तमी मुच्छा॥४२॥**

(२६०–९) गांधार ग्राम की सात मूर्च्छनाएँ कही गई हैं। उनके नाम हैं–

(१) नन्दी, (२) क्षुद्रिका, (३) पूरिमा, (४) शुद्धगांधारा, (५) उत्तरगांधारा, (६) सुष्ठुतर-आयामा और (७) उत्तरायता-कोटिमा॥४१-४२॥

**260. (9)** The *Gandhar gram* (scale) has seven *Murcchanas* (modulations). They are—

(1) *Nandi,* (2) *Kshudrika,* (3) *Purima,* (4) *Shuddha Gandhara*, (5) *Uttara Gandhara*, (6) *Sushtutar-ayama*, and (7) *Uttarayata-korima*. (41-42)

**विवेचन**–संगीत शास्त्र के अनुसार मनुष्य का स्वर कभी बहुत ऊँचा और कभी बहुत नीचे तक जाता है। स्वरों के इस उतार-चढ़ाव को आरोह-अवरोह कहा जाता है। यह तीन प्रकार का होता है मंद-मध्य और तार। जिसे सप्तक कहते हैं। स्वरों के इस आरोह-अवरोहात्मक परिवर्तन को ही **ग्राम** कहा जाता है।

एक ग्राम से दूसरे ग्राम तक जाने में स्वरों के क्रमबद्ध उतार-चढ़ाव को **मूर्च्छना** कहा जाता है। प्रत्येक ग्राम में सात मूर्च्छनाएँ होती हैं। इस प्रकार सात स्वरों के तीन ग्राम और इक्कीस मूर्च्छनाओं का यहाँ पर उल्लेख हुआ है।

टीकाकार हेमचन्द्र का कथन है, पूर्वगत 'स्वर प्राभृत' प्रकरण में यह संगीत सम्बन्धी वर्णन था। परन्तु वह वर्तमान में उपलब्ध नहीं है। अतः भरतनाट्य आदि के अनुसार जान लेना चाहिए। *(देखें हिन्दी टीका. भाग २ पृ.२६०)*

**Elaboration**—According to musicology the pitch of human voice sometimes goes very high and sometimes very low. This rise and fall of the pitch is called *aaroha* or ascending scale and *avaroha* or descending scale. This is of three types *manda* (low), *madhya* (medium), and *taar* (high). This is called *saptak* (musical octave). This variation or rise and fall in the pitch of musical notes is called *gram* (scale).

The progressive shift in changing from one *gram* (scale) to the other is called *murcchana* (modulation). Each *gram* (scale) has seven *murcchanas* (modulations). Thus three *grams* (scales) and twenty one *murcchanas* (modulations) of seven *svars* (musical notes) have been mentioned here.

The commentator (*Tika*), Hemachandra, states that the Svar Prabhrit Chapter of *Purvas* (subtle canons) contained detailed description of musicology. But as it has become extinct, the relevant information should be taken from the *Natya Shastra* of Bharat. (Tika of *Anuyogadvara Sutra* by Shri Jnana Muni, part-2, p. 260)

*सप्त स्वरोत्पत्ति विषयक जिज्ञासा : समाधान*

(१०. अ) सत्त स्सरा कतो संभवंति? गीयस्स का हवति जोणी ?

कतिसमया ऊसासा? कति वा गीयस्स आगारा॥४३॥

सत्त सरा नाभीओ संभवंति, गीतं च रुन्नजोणीयं।

पायसमा उस्सासा, तिण्णि य गीयस्स आगारा॥४४॥

आइमिउ आरभंता, समुव्वहंता य मज्झगारम्मि।

अवसाणे य झवेंता, तिन्नि वि गीयस्स आगारा॥४५॥

२६०. (१०–अ) (प्रश्न) (१) सप्त स्वर कहाँ से–किससे उत्पन्न होते हैं, (२) गीत की योनि–जाति क्या है? (३) इसके उच्छ्वासकाल का समयप्रमाण कितना है? (४) गीत के कितने आकार (आकृतियाँ) होते हैं?

(उत्तर) (१) सातों स्वर नाभि से उत्पन्न होते हैं। (२) रुदन गीत की योनि–जाति है। (३) पादसम–जितने समय में किसी छन्द का एक चरण गाया जाता है, उतना उसका (गीत का) उच्छ्वासकाल होता है। (४) गीत के तीन आकार होते हैं–

आदि में मृदु, आरोहण करते समय मध्य में तीव्र (तार) और अन्त में मंद। इस प्रकार से गीत के तीन आकार जानने चाहिए॥४३/४४/४५॥

**SOME QUERIES ABOUT SEVEN SVARS**

**260. (10-a) (Question)** (1) Where is the origin of seven *svars* (musical notes) ? (2) What is the origin or genus of song ? (3) What is the length of breath (utterance in one breath) (of a song) ? How many are the special tones of a song) ? (43)

**(Answer)** (1) The place of origin of seven *svars* (musical notes) is navel. (2) Wailing is the origin or genus of song. (3) The length of breath (utterance in one breath) of a song is same as the metrical quarter of a stanza. (4) There are three special tones of a song. (44)

Soft at the beginning, raise to high at the middle, and end with low tone. Thus a song has three special tones. (45)

*गीतगायक की योग्यता का निरूपण*

**(१०. आ) छद्दोसे अट्ठ गुणे तिण्णि य वित्ताणि दोण्णि भणितीओ।**

**जो णाही सो गाहिति सुसिक्खितो रंगमज्झम्मि॥४६॥**

(२६०. १०–आ) संगीत के छह दोषों, आठ गुणों, तीन वृत्तों और दो भणितियाँ–गीत की भाषा को यथावत् जानने वाला सुशिक्षित–गायनकलाकुशल व्यक्ति रंगमंच पर गाता है॥४६॥

**ATTRIBUTES OF A SINGER**

**260. (10-b)** There are six faults, eight merits, three meters, and two languages (in singing a song). A well trained performer who knows these can give a stage performance. (46)

*गीत के छह दोष*

**(१०. इ) भीयं दुयमुप्पिच्छं उत्तालं च कमसो मुणेयव्वं।**

**काकस्सरमणुनासं छ द्दोसा होंति गीयस्स॥ ४७ ॥**

(२६०. १०–इ) गीत के छह दोष इस प्रकार हैं–

(१) भीतदोष–भयभीत दशा में डरते हुए गाना।

(२) द्रुतदोष–उद्वेगवश जल्दी-जल्दी गाना।

(३) उत्पिच्छदोष–श्वास लेते हुए या हाँफते हुए गाना।

(४) उत्तालदोष–तालविरुद्ध गाना।

(५) काकस्वरदोष–कौए के समान कर्णकटु स्वर में गाना।

(६) अनुनासदोष–नाक से स्वरों का उच्चारण करते हुए गाना॥४७॥

SIX FAULTS OF A SINGING

**260. (10-c)** The six faults of singing are as follows—

**(1)** ***Bheet dosh***—to sing in a frightened state of mind.

**(2)** ***Drut dosh***—to sing fast in excitement.

**(3)** ***Utpatti dosh***—to sing with unstable breathing or getting short of breath while singing.

**(4)** ***Uttal dosh***—to sing out of beats or rhythm.

**(5)** ***Kakasvar dosh***—to sing in crow-like harsh or coarse voice.

**(6)** ***Anunasa dosh***—to sing in nasal voice. (47)

*गीत के आठ गुण*

(१०. ई) **पुण्णं रत्तं च अलंकिय च वत्तं तहेव मविघुट्ठं।**

**महुरं समं सुललियं अट्ठगुणा होंति गीयस्स॥४८॥**

(२६०. १०–ई) गीत के आठ गुण इस प्रकार हैं–

(१) पूर्णगुण–स्वर के आरोह-अवरोह आदि से पूर्ण होना।

(२) रक्तगुण–गेयराग से युक्त होकर गाना।

(३) अलंकृतगुण–विविध शुभ स्वरों से सम्पन्न होकर गाना।

(४) व्यक्तगुण–गीत के बोलों–स्वर–व्यंजनों का स्पष्ट रूप से उच्चारण करके गाना।

(५) **अविघुष्टगुण**—विकृति और विशृंखलता से रहित नियत और नियमित स्वर से गाना।

(६) **मधुरगुण**—कर्णप्रिय मनोरम स्वर से कोयल की भाँति गाना।

(७) **समगुण**—सुर-ताल-लय आदि से समनुगत-संगत स्वर में गाना।

(८) **सुललितगुण**—स्वरघोलनादि के द्वारा ललित-श्रोत्रेन्द्रियप्रिय सुखदायक स्वर में गाना॥४८॥

### EIGHT MERITS OF SINGING

**260. (10-d)** Eight merits of singing are as follows—

**(1) *Purna guna***—to sing with perfection rendering all notes in classical order.

**(2) *Rakta Guna***—to sing following proper grammar of the *Raga* (composition).

**(3) *Alankrit Guna***—to sing with selection of melodious notes.

**(4) *Vyakta guna***—to sing with clear rendering of the words of the song with proper pronunciation.

**(5) *Avighusta guna***—to sing without discordance and distortions.

**(6) *Madhur guna***—to sing in sweet and melodious tone like that of a cuckoo.

**(7) *Sama guna***—to sing harmoniously with rhythm and beat.

**(8) *Sulalit guna***—to sing with sweet and enchanting combination of softness and melody.

*दूसरी प्रकार से संगीत के आठ गुण—*

(१०. उ) **उर-कंठ-सिरविसुद्धं च गिज्जते मउय-रिभियपदबद्धं।**

**समताल पदुक्खेवं सत्तस्सरसीभरं गीयं॥४९॥**

(२६०. १०–उ) गीत के आठ गुण और भी हैं, जो इस प्रकार हैं–

(१) **उरोविशुद्ध**–जो स्वर उरस्थल में विशाल होता है।

(२) **कंठविशुद्ध**–जो स्वर कंठ में नहीं फटता है।

(३) **शिरोविशुद्ध**–जो स्वर शिर से उत्पन्न होकर भी नासिका के स्वर से मिश्रित नहीं होता है।

(४) **मृदुक**–जो राग मृदु–कोमल स्वर में गाया जाता है।

(५) **रिभित**–घोलनाबहुल–आलाप द्वारा खेल सा करते हुए गीत में चमत्कार पैदा करना।

(६) **पदबद्ध**–गीत को विशिष्ट पदरचना से निबद्ध करना।

(७) **समतालपदोत्क्षेप**–जिस गीत में (हस्त) ताल, वाद्य–ध्वनि और नर्तक का पादक्षेप चरण–न्यास सम हो अर्थात् एक दूसरे से मिलते हों।

(८) **सप्तस्वर सीभर**–जिसमें षड्ज आदि सातों स्वर तंत्री आदि वाद्यध्वनियों के अनुरूप हों। अथवा वाद्यध्वनियाँ गीत के स्वरों के समान हों। ४९। (विशेष वर्णन देखें ठाणांग सूत्र स्थान ७)

## OTHER EIGHT MERITS OF SINGING

**260. (10-e)** There are eight other merits of singing. They are as follows—

**(1) *Urovishuddh*—**to sing with a note that rises clear or resounding from the chest.

**(2) *Kanthavishuddh*—**to sing with note that does not get distorted in the throat.

**(3) *Shirovishuddh*—**to sing with a note that originates in the head but does not become nasal.

**(4) *Mriduk*—**to sing with soft and regulated note.

**(5) *Ribhit*—**to sing with fine variations and modulations in notes producing enchanting effects on audience.

**(6) *Padabaddh*—**to sing a song with attractive poetic composition of words.

**(7) *Samatalapadokshep*—**to sing in perfect harmony and rhythm with beats, instrumental music, and dancing steps.

**(8) *Saptasvar Sibhar*—**to sing with notes that are in perfect tuning with accompanying notes from musical instruments. (49) (for more details refer to *Sthananga Sutra*, sthan-7)

**(१०. ऊ) अक्खरसमं पयसमं तालसमं लयसमं गहसमं च।**

**निस्ससि-उस्ससियासमं संचारसमं सरा सत्त॥५०॥**

(२६०. १०-ऊ) सप्तस्वर सीभर की व्याख्या (प्रकारान्तर से) इस प्रकार है-

(१) **अक्षरसम**-ह्रस्व-दीर्घ-प्लुत और सानुनासिक अक्षरों के अनुरूप ह्रस्वादि स्वरयुक्त गीत।

(२) **पदसम**-स्वर के अनुरूप पदों और पदों के अनुरूप स्वरों के अनुसार गाया जाने वाला गीत।

(३) **तालसम**-तालवादन के अनुरूप स्वर में गाया जाने वाला गीत।

(४) **लयसम**-वीणा आदि वाद्यों की धुनों के अनुसार गाया जाने वाला गीत।

(५) **ग्रहसम**-वीणा आदि द्वारा ग्रहीत स्वरों के अनुसार गाया जाने वाला गीत।

(६) **निश्वसितोच्छ्वसितसम**-सांस लेने और छोड़ने के क्रमानुसार गाया जाने वाला गीत।

(७) **संचारसम**-सितार वाद्यों के तारों पर अंगुली के संचार के साथ गाया जाने वाला गीत।

इस प्रकार गीत स्वर, तंत्री आदि के साथ सम्बन्धित होकर सात प्रकार का हो जाता है॥५०॥

**260. (10-f)** The details about Saptasvar Sibhar are as follows—

**(1) *Akshar sam*—**there is a harmony with vowels including long, short, protracted, and nasal.

**(2) *Pada sam*—**there is a harmony with words, stanzas, rhyming, and rendering.

(3) ***Taal sam***—there is a harmony with beats (of percussion instruments).

(4) ***Laya sam***—there is a harmony with rhythm of musical instruments (string, wind, and other).

(5) ***Graha sam***—there is a harmony with the set notes of musical instruments.

(6) ***Nishvasitocchavasit sam***—there is a harmony with inhalation and exhalation.

(7) ***Sanchar sam***—there is a harmony with the (speed of) movement of fingers on musical instruments.

Thus the rendering of a song has seven qualities in consonance with musical instruments. (50)

**(१०. ए) निद्दोसं सारवंतं च हेउजुत्तमलंकियं।**

**उवणीयं सोवयारं च मियं महुरमेव य॥५१॥**

(२६०. १०–ए) गेय पदों के आठ गुण इस प्रकार भी हैं–

(१) **निर्दोष**–बत्तीस दोषों से रहित होना।

(२) **सारवंत**–अर्थ से युक्त होना।

(३) **हेतुयुक्त**–हेतु से संयुक्त होना।

(४) **अलंकृत**–उपमा–उत्प्रेक्षा आदि अलंकारों से युक्त होना।

(५) **उपनीत**–उपसंहार से युक्त होना।

(६) **सोपचार**–अविरुद्ध कोमल अलज्जनीय अर्थ का प्रतिपादन करना।

(७) **मित**–अल्पपद और अल्पअक्षर वाला होना।

(८) **मधुर**–शब्द, अर्थ और प्रतिपादन की अपेक्षा प्रिय होना॥५१॥

**260. (10-g)** The eight merits of a song are as follows—

**(1) *Nirdosh***—It should be free of thirty two faults.

**(2) *Saravanta***—It should be meaningful.

(3) ***Hetuyukta***—It should be purposeful.

(4) ***Alamkrit***—It should be embellished with poetic qualities like alliteration.

(5) ***Upanit***—It should be well concluded.

(6) ***Sopachar***—It should be expressive of kind, consistent, and blameless meaning.

(7) ***Mit***—It should be well measured (not tediously long).

(8) ***Madhur***—It should be sweet in terms of word, meaning as well as rendering. (51)

*गीत के वृत्त–छन्द*

**(१०. ऐ) समं अद्धसमं चेव सव्वत्थ विसमं च जं।**

**तिण्णि वित्तप्पयाराइं चउत्थं नोवलब्भइ॥५२॥**

(२६०. १०–ऐ) गीत के वृत्त–छन्द तीन प्रकार के होते हैं–

(१) **सम**–जिसमें गीत के चरण और अक्षर सम हों अर्थात् चार चरण हों और उनमें गुरु–लघु अक्षर भी समान हों।

(२) **अर्धसम**–जिसमें प्रथम और तृतीय तथा द्वितीय और चतुर्थ चरण समान हों।

(३) **सर्वविषम**–जिसमें सभी चरणों में अक्षरों की संख्या विषम हो, जिसके चारों चरणविषम हों।

इनके अतिरिक्त चौथा प्रकार नहीं पाया जाता है॥५२॥

### VRITTA OF SONG

**260. (10-h)** There are three kinds of *vritta* (*chhand* or meter) of a song—

(1) ***Sam***—wherein all the quarter-verses are identical in structure measured in equal number of syllables (long and short).

(2) ***Ardh-sam***—wherein first quarter-verse is identical in structure with third and second with forth.

**(3) *Sarva Visham*—**wherein all the four quarter-verses are different in structure.

There is no fourth kind. (52)

*गीत की भाषा*

**(१०. ओ) सक्कया पायया चेव भणिईओ होंति दुण्णि उ।**

**सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिया॥५३॥**

(२६०. १०–ओ) भणितियाँ–गीत की भाषायें दो प्रकार की कही गई हैं–संस्कृत और प्राकृत। ये दोनों प्रशस्त एवं ऋषिभाषित हैं और स्वरमण्डल में पाई जाती है॥५३॥

## LANGUAGE OF A SONG

**260. (10-i)** There are said to be two languages of songs—Sanskrit and Prakrit. These two languages are exalted and spoken by sages. They are sung in full range of *svars* (musical notes). (53)

*गीतगायक के प्रकार*

**(११. क) केसी गायति महुरं ? केसी गायति खरं च रुक्खं च ?।**

**केसी गायति चउरं ? केसी य विलंबियं ? दुतं केसी ?**

**विस्सरं पुण केरिसी ?॥५४॥ (पंचपदी)**

**सामा गायति महुरं, काली गायति खरं च रुक्खं च।**

**गोरी गायति चउरं, काणा य विलंबियं, दुतं अंधा,**

**विस्सरं पुण पिंगला॥५५॥ (पंचपदी)**

(२६०. ११–**क. प्रश्न**) (१) कौन स्त्री मधुर स्वर में गीत गाती है ? (२) परुष और रूक्ष स्वर में कौन गाती है ? (३) चतुराई से कौन गाती है ? (४) विलम्बित स्वर में कौन गाती है ? (५) द्रुत स्वर में कौन गाती है ? तथा (६) विकृत स्वर में कौन गाती है ?

(उत्तर) (१) श्यामा (षोडशी) स्त्री मधुर स्वर में गीत गाती है, (२) काली स्त्री खर (परुष) और रूक्ष स्वर में गाती है, (३) गौरवर्णा स्त्री चतुराई से गीत गाती है, (४) कानी स्त्री विलम्बित (मंद) स्वर में गाती है, (५) अंधी स्त्री शीघ्रता से गाती है, और ६) पिंगला (कपिला) विकृत स्वर में गाती है॥५४/५५॥

TYPES OF SINGER

**260. (Question 11-a)** (1) What sort of woman sings in sweet tone ? (2) What sort of woman sings in rough and harsh tone ? (3) What sort of woman sings with skill ? (4) What sort of woman sings in slow rhythm ? (5) What sort of woman sings in quick rhythm ? (6) What sort of woman sings out of tune ?

**(Answer)** (1) A young woman sings in sweet tone ? (2) A woman with dark complexion sings in rough and harsh tone ? (3) A woman with fair complexion sings with skill ? (4) A one-eyed woman sings in slow rhythm ? (5) A blind woman sings in quick rhythm? (6) A woman with pale or tawny complexion sings out of tune ? (54-55)

उपसंहार

**(११. ख) सत्त सरा तओ गामा मुच्छणा एक्कवीसई।**

**ताणा एगूणपण्णासं सम्मत्तं सरमंडलं॥५६॥ से तं सत्तनामे ॥**

(२६०. ११–ख) इस प्रकार सात स्वर, तीन ग्राम और इक्कीस मूर्च्छनायें होती हैं। प्रत्येक स्वर सात तानों से गाया जाता है, इसलिए उनके (७ × ७ = ४९) उनपचास भेद हो जाते हैं। इस प्रकार स्वरमण्डल का वर्णन समाप्त हुआ॥५६॥

सप्तनाम की वक्तव्यता भी समाप्त हुई।

CONCLUSION

**260. (11-b)** Thus there are seven *svars* (musical notes), three *grams* (scales), and twenty one *murcchanas* (modulations). Each *svar* (musical note) is sung with seven tones making a total of 49 tones. This concludes the description of the sphere of *svars* (musical notes).

This concludes the description of *Saat nama* (Seven-named).

## विभक्ति प्रकरण
## THE DISCUSSION ON DECLENSION

२६१. (१) से किं तं अट्ठनामे ?

**अट्ठनामे अट्ठविहा वयणविभत्ती पण्णत्ता। तं जहा–**

**(१) निद्देसे पढमा होति, (२) बितिया उवएसणे।**

**(३) तइया करणम्मि कया, (४) चउत्थी संपयावणे॥५७॥**

**(५) पंचमी य अपायाणे, (६) छट्ठी सस्सामिवायणे।**

**(७) सत्तमी सन्निहणत्थे, (८) अट्ठमाऽऽमंतणी भवे॥५८॥**

२६१. (प्रश्न १) वह अष्टनाम क्या है ?

(उत्तर) आठ प्रकार की वचन विभक्तियों को अष्टनाम कहते हैं। वचनविभक्ति के वे आठ प्रकार यह हैं–

(१) निर्देश–अर्थ में प्रथमा विभक्ति होती है।

(२) उपदेश में द्वितीया विभक्ति होती है।

(३) क्रिया के साधकतम करण में तृतीया विभक्ति,

(४) सम्प्रदान में चतुर्थी विभक्ति होती है।

(५) अपादान (पृथक्‌ता) बताने के अर्थ में पंचमी विभक्ति,

(६) स्व–स्वामित्वकथन करने के अर्थ में षष्ठी विभक्ति।

(७) सन्निधान (आधार) का कथन करने के अर्थ में सप्तमी विभक्ति, तथा

(८) आमंत्रण के अर्थ में अष्टमी विभक्ति होती है॥५७, ५८॥

**261. (Question 1)** What is this *Aath nama* (Eight-named) ?

**(Answer)** The eight kinds of *vachan-vibhaktis* (inflections or case-endings) of words (in Sanskrit grammar) are called *Aath nama* (Eight-named). These *vachan-vibhaktis* (case-endings) are as follows—

(1) The first *vachan-vibhakti* (case-ending) is used for indication (*nirdesh*) of the meaning of the word including its gender and number. (Nominative case)

(2) The second *vachan-vibhakti* (case-ending) is used for advice (*upadesh*). (Accusative case)

(3) The third *vachan-vibhakti* (case-ending) is used for instrument (*karan*). (Instrumental case)

(4) The fourth *vachan-vibhakti* (case-ending) is used for recipient (*sampradan*). (*Dative case*)

(5) The fifth *vachan-vibhakti* (case-ending) is used for the object from which something is separated (*apadan*). (*Ablative* case)

(6) The sixth *vachan-vibhakti* (case-ending) is used to indicate the relation of one's ownership (*sva-svamitva*). (Genitive case)

(7) The seventh *vachan-vibhakti* (case-ending) is used to mean the receptacle of something (*sannidhan*). (Vocative case)

(8) The eighth *vachan-vibhakti* (case-ending) is used in addressing (*amantran*) someone. (57-58)

*आठ विभक्तियों के उदाहरण–*

(२) तत्थ पढमा विभत्ती निद्देसे सो इमो अहं व त्ति १।
बितिया पुण उवदेसे भण कुणसु इमं व तं व त्ति २ ॥५९॥
ततिया करणम्मि कया भणियं व कयं व तेण व मए वा ३।
हंदि णमो साहाए हवति चउत्थी पयाणम्मि ४ ॥६०॥
अवणय गिण्ह य एत्तो इतो त्ति वा पंचमी अपायाणे ५।
छट्ठी तस्स इमस्स व गयस्स वा सामिसंबंधे ६ ॥६१॥

हवति पुण सत्तमी तं इमम्मि आधार काल भावे य ७।
आमंतणी भवे अट्ठमी उ जह हे जुवाण ! त्ति ८॥६२॥

से तं अट्ठणामे।

२६१. (२) (१) निर्देश में प्रथमा विभक्ति होती है। जैसे–सो–वह, इमा–यह अथवा अहं–मैं।

(२) उपदेश में द्वितीया विभक्ति होती है।–जैसे इमं भण–इसको कहो, तं कुणसु–वह करो आदि।

(३) करण में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे–तेण भणियं उसके द्वारा कहा गया अथवा मए कयं–मेरे द्वारा किया गया।

(४) सम्प्रदान, (हंदि) नमः तथा स्वाहा अर्थ में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे विप्राय गां ददाति–ब्राह्मण को (के लिए) गाय देता है। नमो जिनाय–जिनेश्वर के लिए मेरा नमस्कार हो। अग्नये स्वाहा–अग्नि देवता को हवि दिया जाता है।

(५) अपादान में पंचमी होती है। जैसे–एत्तो अपणय–यहाँ से दूर करो अथवा इतो गिण्ह–इससे ले लो।

(६) स्व-स्वामी सम्बन्ध बतलाने में षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे–तस्स इमे वत्थु–उसकी अथवा इसकी यह वस्तु है।

(७) आधार, काल और भाव में सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे इमम्मि–(वह) इसमें है।

(८) आमंत्रण अर्थ में अष्टमी विभक्ति होती है। जैसे–हे जुवाण–हे युवक ! ॥५९-६२॥

